राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 93
लखनऊ, बुधवार 03 दिसंबर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- र 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





नहरों में रोस्टर के हिसाब से पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं : स्वतंत्र देव 03

चिकित्सकों की लापरवाही से गई महिला की जान, स्टाफ मौके से फरार 10


-: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,29,870/ |
| 22 कैरेट | = | 1,19,050/ |
| 18 कैरेट | = | 97,410/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,88,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

**पीएम कार्यालय का नाम 'सेवा तीर्थ', सचिवालय 'कर्तव्य भवन'**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शासन व्यवस्था में प्रशासनिक नहीं, बल्कि वैचारिक और सांस्कृतिक परिवर्तन को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के नए परिसर का आधिकारिक नाम 'सेवा तीर्थ' घोषित किया है। इसी के साथ केंद्रीय सचिवालय को अब 'कर्तव्य भवन' के नाम से जाना जाएगा। सरकार ने कहा है कि ये बदलाव सत्ता के बजाय जिम्मेदारी और पद के बजाय सेवा की भावना को प्रबल करने वाले हैं। यह नया परिसर, जिसे सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के तहत 'एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव' के नाम से विकसित किया जा रहा था, अब अंतिम चरण में है। प्रधानमंत्री कार्यालय के साथ कैबिनेट सचिवालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय तथा 'इंडिया हाउस' भी स्थित होंगे।

**पांच वर्षों में 23 संगठन अवैध घोषित : केंद्र**

**नई दिल्ली।** भारत सरकार किसी भी प्रकार की गैरकानूनी और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस (शून्य सहनशीलता) नीति अपनाती है। पिछले पांच वर्षों में सरकार ने 23 संगठनों को गैरकानूनी घोषित किया है। यह कार्रवाई गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के प्रावधानों के तहत की गई है। यह जानकारी गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी। गृह राज्यमंत्री राय ने बताया कि राष्ट्र की संप्रभुता, एकता, अखंडता और सुरक्षा के विरुद्ध गतिविधियों में लिप्त किसी भी संगठन के खिलाफ सख्त और सतत कदम उठाए जाते रहे हैं।

**फ्लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किए निर्देश**

**नई दिल्ली।** सर्दी के मौसम में होने वाले फ्लू को देखते हुए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों के जिला अस्पतालों एवं मेडिकल कॉलेजों को अगले 15 दिनों के अंदर तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को निर्माण भवन में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने वरिष्ठ अधिकारी, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र के विशेषज्ञ और आईडीएसपीटीम के साथ स्थिति की समीक्षा की।

**इंडिगो की कुवैत-हैदराबाद फ्लाइट में बम की धमकी झूठी**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई एयरपोर्ट पर मंगलवार को इंडिगो के कुवैत-हैदराबाद फ्लाइट में बम की धमकी की सूचना जांच के बाद झूठी साबित हुई है। हालांकि इस मामले में बम की धमकी देने वाले अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है। मुंबई एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने बताया कि बम की धमकी मिलने के बाद प्रोटोकॉल के मुताबिक प्रोसीजर फॉलो किए गए। सिक्योरिटी एजेंसियों के एयरक्राफ्ट की जांच शुरू करने से पहले पैसेंजर्स को सुरक्षित निकाल लिया गया।

# यूपी कैबिनेट में 19 प्रस्तावों पर मुहर

## सम्पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम का संचालन अब साई करेगा, कानपुर व बरेली की पेयजल परियोजना को मंजूरी

**अयोध्या में अब 52 एकड़ में बनेगा विश्वस्तरीय मंदिर संग्रहालय**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** योगी सरकार ने अयोध्या को विश्वस्तर पर एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गंतव्य के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। टाटा सन्स के सहयोग से अयोध्या में प्रस्तावित विश्वस्तरीय 'मंदिर संग्रहालय' के लिए राज्य सरकार ने 25 एकड़ के स्थान पर अब 52.102 एकड़ जमीन निःशुल्क देने का निर्णय लिया है। इस आशय का प्रस्ताव मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में यहां लोकभवन में हुई कैबिनेट बैठक में मंजूर किया गया। इस बैठक में कुल 19 अहम प्रस्तावों पर मोहर लगी है।

कैबिनेट के निर्णयों के बारे में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि टाटा सन्स ने अपने सीएसआर फंड से एक अत्याधुनिक मंदिर संग्रहालय विकसित करने और उसका संचालन करने की इच्छा व्यक्त की है। इसे कम्पनी एक्ट 2013 की धारा 8 के तहत एक गैर-लाभकारी एसपीवी के तहत बनाया जाएगा।



अटल नवीकरण एवं शहरी रूपांतरण मिशन-अमृत 2.0 के तहत बरेली और कानपुर नगर निगम क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुधारने और नेटवर्क विस्तार के लिए कुल 582.74 करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। दोनों योजनाएं शहरों की बड़ी आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होंगी।

इसमें केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। परियोजना के लिए भूमि आवंटन के लिए केन्द्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और टाटा सन्स के बीच त्रिपक्षीय एमओयू बीते 3 सितंबर 2024 को हस्ताक्षरित हो चुका है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि पूर्व में प्रदेश सरकार ने अयोध्या के मांझा जमथरा गांव में 25 एकड़ नजूल भूमि टाटा सन्स को 90 वर्षों के लिए उपलब्ध कराने की अनुमति दी थी, लेकिन टाटा संस ने संग्रहालय की भव्यता के दृष्टिगत अधिक भूमि की अपेक्षा की थी।

ऐसे में अब इस भूमि के अतिरिक्त 27.102 एकड़ और मिलाकर कुल 52.102 एकड़ भूमि का निःशुल्क हस्तांतरण आवास एवं शहरी नियोजन विभाग से पर्यटन विभाग के पक्ष में किया जाएगा, ताकि इस संग्रहालय और निमार्ण कार्यो का दायरा बढ़ाया जा सके। योगी कैबिनेट ने वाराणसी में निर्माणाधीन डॉ. सम्पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम, सिगरा के संचालन, प्रबंधन और रखरखाव तथा राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के लिए 'भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के साथ हुए एमओयू को मंजूरी दे दी है।

यह वही स्टेडियम है, जहां 'खेलो इंडिया' योजना के तहत आधुनिक स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया गया है। एमओयू के तहत स्टेडियम परिसर में मौजूद खेल सुविधाओं; जैसे, भवन, ढांचे, मैदान और अन्य अवसंरचनाओं को साई को सौंपा जाएगा, ताकि यहां नेशनल सेंटर ऑॢफ एक्सीलेंस की स्थापना और संचालन सुचारु रूप से हो सके। मंत्री खन्ना ने बताया कि कैबिनेट ने शहरी पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं को हरी झंडी दे दी है।

अटल नवीकरण एवं शहरी रूपांतरण मिशन-अमृत 2.0 के तहत बरेली और कानपुर नगर निगम क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुधारने और नेटवर्क विस्तार के लिए कुल 582.74 करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। दोनों योजनाएं शहरों की बड़ी आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होंगी।

### यूपी के खिलाड़ियों को बड़ी राहत

**राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं, ट्रेनिंग कैंपों और संबंधित गतिविधियों में शामिल होने की अवधि व खिलाड़ियों के आवागमन के समय को भी माना जाएगा 'ड्यूटी'**

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को बड़ी राहत देने का ऐलान किया है। ऐसे खिलाड़ियों के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं, ट्रेनिंग कैंपों और संबंधित गतिविधियों में शामिल होने की अवधि और उनके आवागमन के समय को भी 'ड्यूटी' माना जाएगा। योगी कैबिनेट के इस फैसले से खिलाड़ियों को अनुमति लेने में होने वाली मुश्किलें खत्म हो जाएंगी। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अब तक 'अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली-2022' में ऐसी कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं थी। सेवा नियमावली में अवकाश संबंधी प्रावधान न होने के कारण खिलाड़ियों को प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण शिविरों में भाग लेने के लिए अनुमति प्रक्रिया में दिक्कतें आती थीं। अब नई प्रणाली में व्यवस्था होगी कि नियुक्त खिलाड़ी जब भी किसी राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता, कैंप या प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने की अवधि सेवा अवधि (ड्यूटी) मानी जाएगी। इसमें आने-जाने का पूरा समय भी शामिल होगा।

# एसटीएफ का सिपाही गिरफ्तार नशीले कफसिरप केस में था फरार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** एसटीएफ का बर्खास्त सिपाही आलोक सिंह आखिरकार लखनऊ से गिरफ्तार हो गया। एसटीएफ ने मंगलवार को उसे पकड़ा। एक दिन पहले ही लुकआउट नोटिस जारी किया गया था। आलोक कोडीनयुक्त नशीले कफसिरप मामले में फरार था। पूर्वांचल के बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह के साथ उसकी कई तस्वीरें हैं। कफसिरप की तस्करी में कई गिरफ्तारियां होने के बाद आलोक सिंह विदेश भागने की फिराक में भी था।

पूछताछ में आलोक ने एसटीएफ को बताया कि सरेंडर करने जा रहा था। लखनऊ कोर्ट में इसके लिए अर्जी भी दाखिल की थी। इससे पहले ही एसटीएफने उसे दबोच लिया। कफसिरप कांड में अब तक कुल 3 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। आलोक से पहले 27 नवंबर को अमित सिंह टाटा, 30 नवंबर को भोला जायसवाल को पकड़ा गया था। आलोक का पैतृक घर चंदौली में है। लखनऊ में नाका के मोतीनगर में भी उसका घर है। साल- 2006 में प्रयागराज के कारोबारी से लखनऊ में 4 किलो सोना लूट लिया गया था। इस मामले में 5 पुलिसकर्मियों समेत 7 लोग आरोपी बनाए गए थे। आरोपियों मे दरोगा संतोष सिंह, बृजनाथ यादव, तत्कालीन लखनऊ क्राइम ब्रांच के सिपाही सुशील पचौरी, आलोक सिंह और संतोष तिवारी के साथ नीरज गुप्ता और सुभाष भी



शामिल थे। पुलिस ने शुरुआती दौर में 3 किलो सोना बरामद करने का दावा किया था। इसके बाद आलोक और सुशील पचौरी को पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। हालांकि, मामला कोर्ट में जाने पर आलोक सिंह के पक्ष में फैसला आया। इसके बाद 27 सितंबर, 2022 में उसे सेवा में बहाल कर दिया गया था। इस बीच आलोक पर नाका क्षेत्र में व्यापारी से लूट समेत कई संगीन आरोप लगे। तब उसे लाइन हाजिर कर दिया गया। उसी दौरान उसकी नजदीकियां पूर्व सांसद धनंजय सिंह से बढ़ीं। इसके बाद वह रियल एस्टेट और अन्य कारोबार के जरिए प्रभावशाली बन गया। इसी बीच, 2019 में पूर्व सांसद धनंजय सिंह और आलोक सिंह पर आरोप लगा था कि हजरतगंज इलाके में मुख्तार अंसारी के प्रतिनिधियों पर जानलेवा हमला किया है। जांच एजेंसियों को उम्मीद है कि आलोक सिंह से पूछताछ में दुबई कनेक्शन और नेटवर्क को शह देने वाले लोगों के नाम सामने आ सकते हैं। उससे जुड़े रियल एस्टेट कारोबार, फर्जी फर्मों और स्लीपर सेल जैसी संरचना की भी जांच की जाएगी।

# बरेली में आजम खां के रिश्तेदार के दो बारातघरों पर चला बुलडोजर, बेअसर रहा महिलाओं का विरोध

**बरेली हिंसा से जुड़े लोगों पर प्रशासन दिखा रहा सख्ती, 14 साल पहले ही दोनों बारातघरों को गिराने का हुआ था आदेश**

समृद्धि न्यूज

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली हिंसा से जुड़े लोगों पर प्रशासन लगातार सख्ती बरत रहा है।

मंगलवार सुबह सूफीटोला इलाके में भारी पुलिस बल और पीएसी की मौजूदगी में बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की टीम ने समाजवादी पार्टी के नेता आज़म खां के रिश्तेदार



सरफराज़ वली खां के अवैध रूप से बने दो बारातघरों पर बुल्डोजर चला दिया। इस दौरान महिलाओं ने विरोध जताकर कार्रवाई में विघ्न डालने कीकोशिश कीं लेकिन पुलिस के सामने उनकी एक न चली। बरेली हिंसा में तौकीर रजा और उनके कई समर्थकों के संलिप्तता सामने आने के बाद प्रशासन लगातार अवैध निर्माण को ध्वस्त करने में जुटा हुआ है। मंगलवार को बड़ी संख्या में पुलिस जवान और बीडीए के अधिकारी जेसीबी लेकर सूफीटोला इलाके में स्थित बारातघर एवान-ए-फरहत और गुड मैरिज हॉल के सामने पहुंची। पुलिस और जेसीबी देखकर वहां रहने वाली महिलाएं चीख-पुकार करने लगीं और दया की गुहार लगाने लगीं। इसके पुलिस टीम ने हॉल खाली कराया और 10 बजे ध्वस्तीकरण शुरू कर दिया। देखते ही देखते बुलडोज़र ने दोनों बारातघरों को ध्वस्त कर दिया।

# एसआईआर के मुद्दे पर हंगामा, लोकसभा में नहीं हुआ कामकाज

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को मतदाता सूचियों की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पर चर्चा कराने की मांग पर विपक्ष के हंगामे के कारण कोई कामकाज नहीं हुआ और सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गयी। दो बार स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्य आसन के समीप आकर नारेबाजी करने लगे।

इस दौरान पीठासीन अधिकारी दिलीप सैकिया ने कहा कि सदन चर्चा के लिए है जो भी मुद्दा है उस पर चर्चा करायी जायेगी और आपको इसमें हिस्सा लेने के लिए मौका भी मिलेगा।



उन्होंने कहा कि देश की जनता सदन की कार्यवाही को देख रही है। आप जिम्मेदार विपक्ष है इसलिए अपने स्थान पर बैठें और सदन को चलाने में सहयोग करें। यह तरीका जनता पसंद नहीं करती है। आप लोग बार बार सुनियोजित तरीके से सदन को बाधित कर रहे हैं। श्री सैकिया ने कहा कि एसआईआर के मुद्दे पर हंगामा किया जा रहा हैं जबकि बिहार में एसआईआर हुआ और आपने परिणाम देखा। बिहार की जनता ने एसआईआर का समर्थन किया है। पीठासीन अधिकारी के बार बार आग्रह करने के बावजूद विपक्षी सदस्यों का हंगामा नहीं रूका, जिसके कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गयी।

**मणिपुर जीएसटी (दूसरा संशोधन) विधेयक लोकसभा को लौटाया**

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने मंगलवार को मणिपुर माल एवं सेवा कर विधेयक, 2025 लोकसभा को वापस भेज दिया, यह पूर्वोत्तर के राज्य में जीएसटी 2.0 सुधारों को लागू करने के लिए लाए गए अध्यादेश की जगह लेगा। संसद के निचले सदन लोकसभा ने सोमवार को यह विधेयक पास कर दिया था। राज्यसभा बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित हो गई। केंद्रीय वित राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने इससे पहले सदन के पटल पर मणिपुर माल एवं सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2025 को रखा, जिसको जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक में लिए गए फैसलों को लागू करने के लिए लाया गया था।

# राष्ट्रपति पुतिन की यात्रा के दौरान परमाणु ऊर्जा, एस-400 पर समझौते की उम्मीद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन की भारत यात्रा के दौरान एक ओर जहां पांचवीं पीढ़ी के सुखोई-57 लड़ाकू विमानों और हवाई प्रतिरक्षा प्रणाली एस-400 की खरीद के साथ जेट इंजन के प्रौद्योगिकी हस्तांतरण व संयुक्त निर्माण तथा छोटे परमाणु संयंत्रों की स्थापना पर समझौते होने की संभावना है।

वहीं दोनों देश अमेरिकी टैरिफ के कारण द्विपक्षीय व्यापार में आ रहीं बाधाओं को दूर करने के लिए किसी फॉर्मूले पर सहमति दे सकते हैं। गुरुवार को शुरू हो रही रूसी राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा से पहले क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने वीडियो लिंक के माध्यम से भारतीय पत्रकारों के साथ एक प्रेस वार्ता में इसकी पुष्टि की। क्रेमलिन के प्रवक्ता ने कहा कि रूसी नेतृत्व रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रुख का आदर करता है और युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिकी योजना का भी समर्थन करता है लेकिन यूरोपीय नेता चाहते हैं कि यह युद्ध यूक्रेन के अंतिम नागरिक की मौत होने तक बंद ना हो और इसीलिए वे यूक्रेन को लगातार वित्तीय एवं सैनिक मदद दे रहे हैं।

**मानवीय सहायता ले जा रहे विमान को दी गई समय से क्लीयरेंस : भारत**

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तानी मीडिया के इस दावे का खंडन किया है कि उसने (भारत) चक्रवात प्रभावित श्रीलंका के लिए मानवीय सहायता ले जा रहे पाकिस्तानी विमान को 'एयर क्लीयरेंस' नहीं दी। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि भारत इस चुनौतीपूर्ण समय में सभी उपलब्ध साधनों के माध्यम से श्रीलंका के लोगों की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि विमान को समय से क्लीयरेंस दिया गया था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की ओर से आया बयान बेहूदा है।

# हर मण्डल में खुलेगा जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोक भवन, लखनऊ में आयोजित कैबिनेट बैठक में प्रदेश के सभी 18 मण्डल मुख्यालयों पर जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र की स्थापना एवं संचालन राज्य सरकार के संसाधनों से किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा केवल 37 जनपदों में जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र का संचालन किया जा रहा है, जिनमें से 11 ही मण्डल मुख्यालयों पर संचालित हैं। प्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं



दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने कहा कि योगी सरकार दिव्यांगजनों के सम्मान, सुरक्षा और समग्र सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 13 अक्टूबर 2025 को विभागीय कार्ययोजना के प्रस्तुतीकरण को अनुमोदित करते हुए सभी मण्डल मुख्यालयों पर जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र स्थापित करने की दिशा में अग्रेतर कार्यवाही के निर्देश दिए थे, जिसके बाद कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को औपचारिक स्वीकृति दे दी। संचालित यह नई व्यवस्था दिव्यांगजनों के लिए सेवा-प्रदान को अधिक पारदर्शी, सुगम, समयबद्ध और प्रभावी बनाएगी। इन नव-स्थापित केन्द्रों के माध्यम से दिव्यांगजन सर्वेक्षण एवं चिह्नांकन, दिव्यांग शिविरों का आयोजन, सहायक उपकरणों की मरम्मत, कृत्रिम अंगों का निर्माण व फिटमेंट, चाल और उपयोग प्रशिक्षण, उपकरण वितरण, दिव्यांगता की रोकथाम के लिए जागरूकता, प्रारम्भिक पहचान और सक्रिय हस्तक्षेप जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं का लाभ एक ही छत के नीचे प्राप्त कर सकेंगे।

**एआरसी समाप्त होने के बाद भी एयर इंडिया ने उड़ाया विमान डीजीसीए ने शुरु की जांच**

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय ने एयर इंडिया के एक विमान को ग्राउंड कर विस्तृत जांच शुरू कर दी है।नागरिक उड्डयन मंत्रालय के मुताबिक, इस मामले में डीजीसीए ने न केवल जांच शुरू की है, बल्कि एयर इंडिया को तत्काल प्रभाव से विमान को ग्राउंड करने का भी निर्देश दिया है। एयर इंडिया ने विगत 26 नवंबर को डीजीसीए को बताया कि उनके एक विमान को समाप्त हो चुके एआरसी के बावजूद आठ राजस्व क्षेत्रों में उड़ाया गया था। सूचना मिलते ही डीजीसीए ने घटना की जांच शुरू कर दी ।

# नौसेना प्रमुख ने लांच किया अहम दस्तावेज भारतीय समुद्री सिद्धांत

**नेवी डे पर जारी किए गए इंडियन मैरीटाइम डॉक्ट्रिन के संस्करण में कई बदलाव**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने भारतीय समुद्री सिद्धांत जारी किया, जिसका मकसद भारत की क्षेत्रीय भूमिका व समुद्री असर को आगे बढ़ाना है।

साथ ही एक ऐसा समुद्री जागरूक देश बनाना है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए समुद्री ताकत की अहमियत को पहचाने। इसका उद्देश्य सेवाओं में तालमेल और इंटीग्रेशन को मजबूत करना और सिद्धांत को रणनीतिक, ऑपरेशनल निर्देशों और नेवल क्षमता विकास में बदलने में मदद करना है। नौसेना के मुताबिक इंडियन मैरीटाइम डॉक्ट्रिन भारतीय नौसेना का सबसे अहम मार्गदर्शक दस्तावेज है। इसे शुरू में 2004 में प्रकाशित किया गया था और 2009 में इसमें बदलाव किया गया था। 2015 में इसमें कुछ छोटे-मोटे बदलाव किए गए थे। नौसेना ने 2025 के संस्करण में भारत के समुद्री माहौल और रणनीतिक नजरिए से कई बड़े बदलाव किये हैं। इंडियन मैरीटाइम सिद्धांत 2025 नौसेना की रणनीतिक और ऑपरेशन्स की नींव रखता है और उन सिद्धांतों की एक जैसी समझ देता है, जो लड़ाई-झगड़े के दौरान काम करने में मदद करते हैं।

**काशी तमिल संगमम् 4.0 के लिए तमिलनाडु से बनारस तक चल रही सात विशेष ट्रेनें**

**प्रयागराज।** भारतीय रेलवे कन्याकुमारी, चेन्नई, कोयंबटूर और बनारस के बीच सात विशेष ट्रेनों की श्रृंखला चला रहा है। ताकि काशी तमिल संगमम् 4.0 में बड़े पैमाने पर भागीदारी सुनिश्चित की जा सके और तमिल भाषी क्षेत्र और काशी के प्राचीन आध्यात्मिक केंद्र के बीच सांस्कृतिक सम्बंधों को मज़बूत किया जा सके। इन विशेष ट्रेनों को इस बहुदिवसीय सांस्कृतिक विसर्जन कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए निर्बाध यात्रा, आरामदायक लंबी दूरी की कनेक्टिविटी और समय पर आगमन सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित किया गया है। एनसीआर के सीपीआरओ शशि कांत त्रिपाठी ने मंगलवार को बताया कि इन सेवाओं की शुरुआत 29 नवम्बर को कन्याकुमारी से पहली ट्रेन के प्रस्थान के साथ हुई।

**निर्देश** — हाईकोर्ट ने धर्मांतरण के बाद भी एससी का दर्जा रखने के केस में उत्तर प्रदेश को जांच के दिए निर्देश

# धर्म परिवर्तन पर भी एससी का दर्जा बरकरार रखना धोखाधड़ी

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में उत्तर प्रदेश की सम्पूर्ण प्रशासनिक मशीनरी को यह सुनिश्चित करने के लिए व्यापक निर्देश जारी किया है कि राज्य में जो लोग ईसाई धर्म अपना चुके हैं, वे अनुसूचित जाति (एससी) के लिए निर्धारित लाभ प्राप्त करना जारी न रखें।

न्यायालय ने कहा कि धर्म परिवर्तन के बाद भी अनुसूचित जाति का दर्जा बरकरार रखना संविधान के साथ धोखाधड़ी है। कोर्ट ने राज्य के सभी जिला मजिस्ट्रेटों को ऐसी घटनाओं की



पहचान करने और उन्हें रोकने के लिए कानून के अनुसार कार्य करने हेतु चार महीने की सख्त समय सीमा निर्धारित की है।

न्यायमूर्ति प्रवीण कुमार गिरि ने जितेंद्र साहनी नामक व्यक्ति द्वारा दायर आवेदन को खारिज करते हुए यह निर्देश दिया है। साहनी पर हिंदू देवी-देवताओं का उपहास करने और शत्रुता को बढ़ावा देने का आरोप लगा है। साहनी ने भारतीय दंड संहिता की धारा 153-ए और 295-ए के तहत जारी आरोप पत्र और संज्ञान आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। आवेदक के वकील ने तर्क दिया कि साहनी ने केवल अपनी भूमि पर ईसा मसीह के वचनों का प्रचार करने की अनुमति मांगी थी और उन्हें झूठा फंसाया जा रहा है। न्यायालय ने कहा कि याची ने अपने आवेदन के समर्थन में दायर हलफनामे में अपना धर्म 'हिंदू' बताया था। जबकि पुलिस जांच में इसके विपरीत तस्वीर सामने आई। गवाह ने गवाही दी थी कि साहनी, जो मूल रूप से केवट समुदाय से थे, ने ईसाई धर्म अपना लिया था और पादरी के रूप में कार्य कर रहे थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि गरीब लोगों को प्रलोभन देकर वह हिंदू धर्म के लोगों को ईसाई बनाना चाहते हैं। गवाह ने आगे आरोप लगाया कि याची ने हिंदू मान्यताओं का मजाक उड़ाया है और ग्रामीणों को हिन्दू धर्म के खिलाफ उन्हें बरगलाया। गवाह ने आगे आरोप लगाया कि साहनी ने यह दावा करके हिंदू धर्म का उपहास किया कि जातिगत पदानुक्रम के कारण इसमें कोई सम्मान नहीं मिलता। जबकि ईसाई धर्म अपनाने से नौकरियां मिलेंगी, व्यापार में वृद्धि होगी और 'मिशनरी' से वित्तीय लाभ होगा। संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 के अनुसार धर्मांतरित लोगों की कानूनी स्थिति को ध्यान में रखते हुए, न्यायमूर्ति गिरि ने कहा कि आदेश के पैराग्राफ 3 के तहत, कोई भी व्यक्ति जो हिंदू धर्म, सिख धर्म या बौद्ध धर्म से अलग धर्म को मानता है, उसे अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता है।

# राहुल गांधी को समझना होगा एसआईआर नहीं है कोई मुद्दा

समृद्धि न्यूज





**बहराइच।** मंगलवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने पहुंचे पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने एसआईआर मुद्दे पर कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी को ये ही नहीं समझ आ रहा कि एसआईआर कोई मुद्दा नहीं है इसे हिन्दू और मुस्लिम के नजरिये से नहीं देखना चाहिए। इसमें हिंदुओं के भी बहुत नाम कटेंगे और मुसलमानों के भी बहुत नाम कटेंगे। जिस औसत में लोग दो जगह मतदाता है वैसे ही नाम कटेंगे।

उन्होंने ममता बनर्जी के एसआएआर के विरोध को लेकर कहा कि वो जानती है कि बहुत से नाम ऐसे हैं जो बंगला देश से जुड़े हैं और यहां मतदाता बनते हैं और बंग्लादेश में सुविधा उठाते हैं और यहां भी सुविधा उठाते हैं इसलिए ममता बनर्जी को ज्यादा चिंता है और उनकी चिंता का समाधान मेरे पास नहीं है। आगामी चुनाव लड़ने की बात को लेकर उन्होंने कहा कि मैं राजनीतिक व्यक्ति हूँ,एक परिस्थिति उत्पन्न हुई थी जिस कारण मैं चुनाव नही लड़ा पार्टी ने मेरी जगह पर मेरे बेटे को चुनाव लड़ाया।

अब मेरे क्षेत्र और प्रदेश की जनता मुझे सांसद के रूप में देखना चाहती है मैं रिटायर नही हुआ था रिटायर कर दिया गया था। मैं कहाँ से चुनाव लड़ूंगा ये जनता तय करेंगी मैं ऐसा सांसद खोज रहा हूं जो क्षेत्र में ज्यादा अत्याचार कर रहा हो भारतीय जनता पार्टी के नाम पर भाजपा कार्यकर्ताओं की ही रग?ाई करता हो मैं ऐसे क्षेत्र को 2029 में चुनाव ल?ने के लिए चिन्हित करूंगा। प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए उन्होंने बताया कि 1992 में मैने नारा दिया था कि स्वच्छ गोंडा साक्षर गोंडा और हरा भरा गोंडा उसके बाद मैंने नारा दिया स्वच्छ देवीपाटन मंडल साक्षर देवीपाटन मंडल और हरा भरा देवीपाटन मंडल तब से लेकर आजतक इसपर काम हो रहा है इस वर्ष के जो प्रतिभाशाली बच्चे थे जो मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त किये हैं पढ़ाई लिखाई में उनके सम्मान का ये कार्यक्रम है। ये 10 जुलाई 1992 से शुरू हुआ था इस मंडल में 42 ब्लॉक हैं उन सभी सहित आज यहां कार्यक्रम सम्पन्न हुआ है। पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा श्री गुरु चरण सरोज रज ,निज मन मुकुर सुधार । बरनऊ रघुवर विमल यश, जोदायक फलचार ।। बुद्धहीन तनु जान के, सुमिरो पवन कुमार । बल बुद्धि विद्या देहु, हरहु कलेश विकार ।। को आत्मसात करते हुए आज जनपद के 06 विकास खंडों के 5400 मेधावियों को गोर्नार्ड लॉन, बहराइच में सम्मानित किया गया इसके साथ ही अब तक 43 ब्लॉकों में यह कार्यक्रम पूरा किया गया एवं इसके साथ ही साथ मंडलीय प्रतिभा खोज परीक्षा में सफल परीक्षार्थियों को तीनों वर्गों के जूनियर, मिडिल तथा सीनियर में प्रथम पुरस्कार के रूप में मोटरसाइकिल/स्कूटी, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 21000, तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में , 1600 एवं प्रत्येक वर्ग में 07 सांत्वना पुरस्कार 1100, इसी तरह जनपद के प्रत्येक तहसील पर तीनों वर्गों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन डॉ नवीन सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे, भाजपा उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल सहित तमाम भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ, ग्रामीण कर रहे थे पहरेदारी

## हमले में छह दिन पहले एक महिला की हुई थी मौत

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** वन विभाग के पिंजरे में तेंदुआ कैद हो गया। एक महिला पर हमले के बाद वन विभाग लगातार 5 दिन से तेंदुए को पकड़ने की कोशिश कर रहा था। जिसके लिए कई जगहों पर अलग-अलग लोकेशन पर पिंजरे लगाए जा रहे थे। उसकी लोकेशन ट्रेस होने के बाद एक जगह पिंजरे में बकरी बांधी गई। बकरी का शिकार करने तेंदुआ पिंजरे के अंदर घुस गया। जैसे ही उसने बकरी पर झपट्टा मारा वैसे ही पिंजरे का गेट बंद हो गया। तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया। फंसने के बाद वो दहाड़ने लगा।


आज सुबह जब ग्रामीण खेतों की तरफ जा रहे थे, तभी उन्हें गन्ने की खेत के पास दहाड़ने की आवाज सुनाई दी। वे मौके पर पहुंचे तो तेंदुआ पिंजरे में फंसा हुआ था। उसके पास मरी हुई बकरी पड़ी थी। जिसके बाद ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की टीम ने तेंदुए का रेस्क्यू किया। पूरा मामला महसी के तेजवापुर कस्बे के कारीपुरवा कटहा गांव का है। महसी में तेजवापुर के कारीपुरवा कटहा गांव में मंगलवार सुबह 7 बजे ग्रामीण अपने खेतों की तरफ जा रहे थे। तभी उन्हें गांव के ही रामजियावन के गन्ने के खेत के पास गुर्राने की आवाज सुनाई देने लगी। जब लोगों ने खेत में जाकर देखा तो पिंजरे में एक तेंदुआ फंसा था। गांव वालों को देखते हुए वह उनकी तरफ लपका और तेज से दहाड़ने लगा। वह बकरी को नोचकर खा रहा था। जिसे देखते ही लोग सहम गए और फौरन वन विभाग को इसकी जानकारी दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे डीएफओ बहराइच राम सिंह टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने बताया कि तेंदुए को पकड़ने के लिए 5 दिन से लगातार कोशिश की जा रही थी। हमने अलग-अलग जगहों पर 4 दिन तक ट्रैपिंग केज लगाया था। हर दिन रात को पिंजरे में बकरी को बांधा जाता था। सोमवार रात को भी हमने कारीपुरवा कटहा गांव में पिंजरा लगाकर बकरी बांध दी थी। जिसका शिकार करते समय तेंदुआ फंस गया। तेंदुए को रेंज कार्यालय लाया जा रहा है। चिकित्सीय परीक्षण के बाद उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। डीएफओ ने बताया- 6 दिन पहले तेंदुए के हमले में एक महिला की मौत हो गई थी। एक महीने में करीब 9 लोगों पर हमला कर चुका था।

## खबरें एक नजर में

### प्राथमिक विद्यालय बड़नापुर में लापरवाही की पोल

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि।** न्यूज़ खंड शिक्षा अधिकारी बिशेश्वरगंज कमलेश मिश्रा की ढीली निगरानी का बड़ा मामला सामने आया है। प्राथमिक विद्यालय बड़ना पुर की रियलिटी चेकिंग के दौरान सुबह 10-45 बजे तक स्कूल में एक भी शिक्षक मौजूद नहीं मिला, जिससे प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्कूल में केवल मिड–डे मील की रसोइया और एसआईआर कार्य में लगी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ही उपस्थित पाई गईं। बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित रही और विद्यालय प्रबंधन की वास्तविक स्थिति उजागर हो गई। खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश मिश्रा ने बताया कि विद्यालय में तैनात एक शिक्षक बीएलओ के कार्य में लगा है जबकि एक शिक्षक मेडिकल लीव पर है। उन्होंने ने कहा कि बाकी अनुपस्थित शिक्षकों को नोटिस जारी किया जाएगा और पूरे प्रकरण की जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### जिले के नए सीएमओ डॉक्टर एस एल पटेल ने संभाला कार्यभार



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जिले में लगभग 3 वर्षों तक सेवा देने के ब न्यू वर्तमान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रश्मि वर्मा का शासनक पदोन्नति कर उन्हें ए डी हेल्थ बना दिया गया तत्पश्चात गोंडा जिले की कमान नवागत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संतलाल पटेल के हाथों में सौंप दिया उनसे बातचीतक के दौरान उन्होंने बताया कि इस जिले में आज मेरा दूसरा दिन है जिले मे स्टाफ के सभी लोग बहुत ही अच्छे हैं एक दूसरे का सहयोग करने में पीछे नहीं दिखाई देते मैं सही काम करने से पीछे नहीं हटूंगा सरकार ने मुझे जनता की सेवा करने के लिये जिले में तैनात किया ह हमारी पूरी कोशिश होगी कि मैं सरकार की दिशा निर्देश पर खरा उतरूं

### कोषागार कर्मचारी संघ गोंडा की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कोषागार कर्मचारी संघ गोंडा की बैठक मंगलवार को प्रभारी सहायक कोषाधिकारी श्री स्वामीनाथ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक इसलिए बुलाई गई थी क्योंकि पूर्व कार्यकारिणी की अवधि समाप्त हो चुकी थी तथा कुछ पदों पर स्थानांतरण एवं चुनाव के कारण रिक्तता उत्पन्न हो गई थी। प्रस्तावित बैठक में नई कार्यकारिणी के गठन पर विचार किया गया। बैठक में संघ के वरिष्ठ लेखाकार युसुफ कमाल सिद्दीकी को चुनाव अधिकारी नामित किया गया, जिन्होंने पूरी निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण कराई। निर्वाचन प्रक्रिया के अनुसार नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। नई कार्यकारिणी इस प्रकार निर्वाचित हुई– अध्यक्ष– कन्हैया लाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष– ब्रजेश कुमार मंत्री– अजय कुमार जायसवाल उपाध्यक्ष / प्रेस सचिव – मकसूद अली सम्प्रेक्षक – राजेन्द्र प्रसाद संयुक्त मंत्री – आशीष सिंह कोषाध्यक्ष – आनन्द श्रीवास्तव। नवनिर्वाचित अध्यक्ष कन्हैया लाल व मंत्री अजय कुमार जायसवाल ने हस्ताक्षर कर नई कार्यकारिणी की घोषणा की। नई कार्यकारिणी के गठन के बाद समस्त सदस्यों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी तथा संघ के हितों और कर्मचारी कल्याण के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया।

### तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के लिए आयोजित हुई कार्यशाला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार को सीएमओ कार्यालय सभागार में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) के तहत तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के सफल संचालन हेतु एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्टेट नोडल अधिकारी डॉ मुकेश मातनहेलिया, विशिष्ट अतिथि यूपीवीएचए के कार्यकारी निदेशक विवेक अवस्थी तथा अध्यक्षता सीएमओ डॉ संजय कुमार ने की। इस अवसर पर आरबीएसके के सभी चिकित्साधिकारी, तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ, एनपी–एनसीडी टीम तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। सीएमओ डॉ संजय कुमार ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य जिले के स्कूलों को तंबाकू मुक्त बनाना और नई पीढ़ी को तम्बाकू सेवन के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा शैक्षणिक संस्थानों को तम्बाकू मुक्त बनाने के लिए टॉफी (तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान) गाइडलाइन जारी की गई है। स्टेट नोडल अधिकारी डॉ मुकेश मातनहेलिया ने कहा कि तंबाकू सेवन से कैंसर, हार्ट अटैक, स्ट्रोक और फेफड़ों की गंभीर बीमारियाँ बढ़ रही हैं। तंबाकू न केवल उपभोक्ता को बल्कि आसपास के लोगों को भी नुकसान पहुंचाता है जिसे सेकेंड हैंड स्मोक कहा जाता है। उन्होंने गुटखा, पान मसाला, बीड़ी, सिगरेट और खैनी जैसे उत्पादों को स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक बताया तथा युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को चिंताजनक बताया। यूपीवीएचए कार्यकारी निदेशक विवेक अवस्थी ने कहा कि भारत सरकार ने तंबाकू नियंत्रण से जुड़े महत्वपूर्ण नियम और दंड निर्धारित किए हैं। दुकानों में लड़ी लगाकर तंबाकू बेचना दंडनीय अपराध है, जिसके लिए आर्थिक दंड का प्रावधान है।

# वन्य जीव हमले में मृतक बच्ची सुनीता के घरवालों से मिलने पहुंचे जिलाधिकारी

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने श्रावस्ती रेन्ज अन्तर्गत ब्लाक पयागपुर, थाना कोतवाली देहात के ग्राम खोरिया शफीक पहुंचकर विगत 28 नवम्बर की रात्रि वन्य जीव हमले में मृतक सुनीता पुत्री राम चन्दर आयु लगभग 10 माह के घर पहुंचकर बच्ची की मॉ, नाना व मामा तथा अन्य परिजनों से भेंट कर शोक संतप्त परिवार से भेंट कर सांत्वना दी। इस अवसर पर डीएम ने कहा कि शासन व जिला प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ है। मानव वन्य जीव संघर्ष में प्रभावित परिवारों को शासन द्वारा अनुमन्य हर संभव सहायता प्रदान की जायेगी।

इस अवसर पर डीएम ने एस.डी.ओ. भिनगा वेद प्रकाश, वन क्षेत्राधिकारी भिनगा नन्द किशोर यादव व वन क्षेत्राधिकारी श्रावस्ती (पयागपुर) विनोद कुमार नायक से घटना तथा हिंसक वन्यजीव के रेस्क्यू के सम्बन्ध में की जा रही कार्यवाही के बारे में जानकारी प्राप्त की। एसडीओ श्री प्रकाश ने बताया कि 04 टीमों द्वारा दिवारात्रि में गश्त कर प्रभावित क्षेत्र में निगरानी की जा रही है। इसके अलावा 02 ड्रोन कैमरों से भी हिंसक वन्यजीव की खोज की जा रही है।

एसडीओ ने डीएम को बताया कि घटना स्थल के आस-पास से एकत्र किये गये स्केट को जांच के लिए बरेली व देहरादून की प्रयोगशालाओं में भेजा गया है। ग्रामवासियों द्वारा जिलाधिकारी से ग्रामसभा के तालाब की साफ-सफाई एवं प्रकाश की व्यवस्था तथा अन्नपूर्णा भवन के निकट सीमेन्ट की बेंच स्थापित कराये जाने की मांग की गई। डीएम द्वारा मौके से ही सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये।

# खाद्य व रसद विभाग के दो क्रय केंद्रों का डीएम ने किया निरीक्षण

**कृषकों के साथ निरन्तर सम्पर्क बनाये रखें ताकि अधिक से अधिक धान की खरीद की जा सके : अक्षय**

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में मूल्य समर्थन योजना अन्तर्गत संचालित धान क्रय का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने ग्राम बनकटा स्थित पी.डी.एस. के गोदाम परिसर में खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा संचालित धान क्रय केन्द्र पयागपुर प्रथम एवं पयागपुर द्वितीय का औचक निरीक्षण कर क्रय केन्द्रों पर खरीद के लिए जरूरी संसाधनों, बोरों की उपलब्धता, धान की आवक, भुगतान तथा कृषकों की सुविधा हेतु की गई व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा क्रय केन्द्र मौजूद कृषकों से धान खरीद के सम्बन्ध में फीड बैक भी प्राप्त किया। धान क्रय केन्द्र के निरीक्षण के दौरान विपणन निरीक्षक केन्द्र प्रभारी आनन्द प्रकाश पटेल ने जिलाधिकारी को बताया कि पयागपुर प्रथम पर अब तक 43 कृषकों से 2365.40 कुण्टल धान की खरीद की गई है। जबकि राईस मिलों को 900 कुण्टल धान प्रेषित किया गया है। जबकि पयागपुर द्वितीय पर 44 कृषकों से 2176.40 कुण्टल की गई धान खरीद के सापेक्ष मिल को 500 कुण्टल प्रेषित किया गया है।

डीएम ने केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिया कि शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार कृषकों से धान की खरीद की जाय तथा क्रय किया गया धान मिलों को प्रेषित भी करते रहें। डीएम ने क्रय केन्द्र प्रभारी को यह भी निर्देश दिया कि क्षेत्रीय कृषकों के साथ निरन्तर सम्पर्क बनाये रखें ताकि अधिक से अधिक धान की खरीद की



जा सके। क्रय केन्द्र निरीक्षण के दौरान ग्राम पंडितपुरवा निवासी शिव प्रसाद मिश्रा पुत्र महादेव मिश्रा के धान की तौल हो चुकी थी जबकि ग्राम कलामसतरही नि. पुष्पेन्द्र मिश्रा पुत्र भगतराम मिश्रा के धान की खरीद के लिए तैयारी की जा रही थी। यहां पर ग्राम हरखापुर नि. गुरू प्रसाद तिवारी व ग्राम बैनी नि. कृषक बृजनन्दन भी मौजूद थे। जिनके द्वारा पूर्व में क्रय केन्द्र पर धान की बिक्री की गई है। डीएम ने सभी किसानों से धान क्रय के सम्बन्ध में जानकारी करने पर सभी कृषकों द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया।

### गन्ना क्रय केन्द्र पहड़वा का डीएम ने किया निरीक्षण

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने चीनीमिल बलरामपुर के क्रय केन्द्र पहनवा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तौल कार्य सही पाया गया। कृषकों द्वारा इंडेंट बढ़ाने की मांग की गई जिस पर जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी द्वारा जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला को समानुपातिक खरीद सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय क्रय केन्द्र पर ग्राम फरदा त्रिकोलिया नि. गन्ना कृषक शिवकुमार पुत्र बृजकुमार सिंह की खड़ी खाली ट्राली का वजन कराने पर ट्राली का वजन 18.45 कुण्टल पाया गया। जबकि पुनः ट्राली पर 05 कुंण्टल का बांट रखकर तौलने पर वजन 23.45 कुंण्टल पाया गया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि क्रय केन्द्र पर 01 दिसम्बर 2025 तक 43245.20 कुं0 गन्ना क्रय किया जा चुका है।

# एसडीएम करनैलगंज ने उच्च प्राथमिक विद्यालय परसपुर द्वितीय का किया औचक निरीक्षण

समृद्धि न्यूज



**गोण्डा।** शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता को मजबूत करने तथा विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी करनैलगंज नेहा मिश्रा द्वारा आज उच्च प्राथमिक विद्यालय परसपुर द्वितीय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में संचालित समस्त व्यवस्थाओं, विशेषकर मिड-डे मील योजना एवं शैक्षणिक वातावरण की गहन समीक्षा की।

उप जिलाधिकारी ने विद्यालय पहुंचकर सबसे पहले मिड-डे मील के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, वितरण प्रक्रिया तथा उपस्थिति रजिस्टर का परीक्षण करते हुए यह सुनिश्चित किया कि बच्चों को समय पर स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध हो। भोजन स्थलों एवं रसोईघर की स्वच्छता की भी जांच की गई और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि मानक के अनुसार ही भोजन तैयार किया जाए। निरीक्षण के दौरान सुश्री मिश्रा ने विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से संवाद किया। उनसे विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं, शिक्षण व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता तथा स्वच्छता व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। बातचीत के दौरान उपजिलाधिकारी ने बच्चों को हाथों की स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया तथा साबुन की जगह हैंडवॉश का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने विद्यालय में लगे नलों के जल की गुणवत्ता की भी जांच कराई, ताकि बच्चों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके। इसके अतिरिक्त, उन्होंने विद्यार्थियों की उपस्थिति व अनुशासन की समीक्षा करते हुए विद्यालय प्रशासन को निर्देश दिया कि अभिभावकों से समन्वय स्थापित कर यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी बच्चे विद्यालय की निर्धारित यूनिफॉर्म में ही विद्यालय आएं। अभिभावकों को इस संबंध में नियमित रूप से अवगत कराने के निर्देश भी प्रदान किए गए। उपजिलाधिकारी ने विद्यालय प्रशासन को स्वच्छता, सुरक्षा एवं शिक्षण गुणवत्ता में और सुधार लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और बच्चों के लिए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि ऐसे औचक निरीक्षण आगे भी समय-समय पर जारी रहेंगे, जिससे विद्यालयों में पारदर्शिता एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

## रोमांचक मुकाबलों के बीच बाराबंकी की टीम ने उठाई विजेता ट्रॉफी

**उतरौला (बलरामपुर)।** मोहम्मद यूसुफ उस्मानी इंटर कालेज में मुलायम सिंह यादव की स्मृति में चल रहे क्रिकेट प्रतियोगिता में सी एस के बनियाभरी ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश सेमीफाइनल मुकाबला चौधरी इलेवन बनियाभरी व शोएब ट्रेडर्स के बीच खेला गया जिसमें शोएब ट्रेडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुय 10 ओवरमें 6 विकेट पर 105 रन बनाए। चौधरी मेडिकल के तरफ से बल्लेबाज शिवम् कैलिस ने 10 गेंद में 29 रन बनाए व जबाब में सी एस के बनियाभरी की टीम 8.5 ओवर में 5 विकेट पर 106 रन बना कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैन आफ मैच हर्षित यादव चुने गए उतरौला। मोहम्मद यूसुफ उस्मानी इंटर कालेज में मुलायम सिंह यादव की स्मृति में चल रहे क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबला सी एस के बनियाभरी व कामाक्षी ग्रुप बाराबंकी के बीच खेला गया।

# बीएएमएस की छात्रा की लटकती मिली लाश, छात्राओं में मचा हड़कंप

समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** प्रदेश के गोण्डा के नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित एक मेडिकल कालेज में बीएएमएस की एक छात्रा की लटकती लाश मिली है। इससे पूरे होस्टल में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। मामला आत्महत्या का, माना जा रहा है। कारण पता नहीं चल सका है।

मिली जानकारी के मुताबिक, सोमवार की शाम नगर कोतवाली के लखनऊ रोड स्थित हारीपुर में, स्थापित एससीपीएम कॉलेज में , प्रथम वर्ष की बीएएमएस छात्रा 22 वर्षीया महविश खान की लाश फंदे से लटकती मिली ।जिसे देखकर साथ में पढ़ने वाली छात्राओं में अफरा तफरी मच गई। मृतिका महविश, बलरामपुर जिले के नौशहरा निवासी जहीम खान की पुत्री थी , जो एससीपीएम कालेज में , बीएएमएस की पढ़ाई के लिए छात्रावास में रहती थी। सुबह जब सहपाठी छात्राए क्लास लेने के लिए निकल रही थी, तब उसने स्वास्थ्य ठीक न होने की बात कहकर क्लास अटेंड करने से मना कर दिया। लेकिन क्लास से लौटने के बाद छात्राओं ने कमरे का नजारा देखा तो उनके होश उड़ गए। बताते हैं कि शाम के लगभग 5 बजे छात्राएं वापस लौटी तो कमरे का दरवाजा बंद था। महविस को आवाज देने पर कोई जवाब न मिला, तब छात्राओं ने खिड़की से झांक कर अंदर देखा कि महविश का शव फांसी के फंदे से लटक रहा था।

### बेटी ने आत्महत्या नहीं की उसे मारा गया : पिता

मेडिकल कालेज की छात्रा महविस खानम की मौत पर , बलरामपुर के अली जान पुरवा निवासी उसके पिता जहीन खान का कहना है कि मेरी बेटी से अच्छी तरह से बातचीत हुई थी। कोई भी बात नहीं थी। वह आत्महत्या नहीं कर सकती। उसकी बाड़ी को देखने से भी संदेह हो रहा है। वह खिड़की से लटकी थी। आधा शरीर जमीन पर था। उसके नाखून भी टूटे हुए थे। उसे मारा गया है। घटना की जांच होनी चाहिए।

# ओवर लोडिंग से बचें वाहन चालक : अरविन्द यादव



समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड कुंदरखी चीनी मिल द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में विराम लगाने व वाहन चालकों को जागरूक करने के उद्देश्य से चीनी मिल परिसर में यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस दौरान महाप्रबंधक (गन्ना) ए.के. सिंह के निर्देशन एवं थानाध्यक्ष मोतीगंज अरविन्द यादव की उपस्थिति में केन यार्ड में गन्ना लेकर आए ट्रैक्टर ट्रॉलियों व ट्रकों में रेडियम/रिफ्लेक्टर लगवाए गए। महाप्रबंधक (गन्ना) श्री सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि संभावित कोहरे को देखते हुए सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चीनी मिल प्रशासन द्वारा गन्ना ढोने वाले वाहनों पर अभियान के तहत रिफ्लेक्टर लगवाए जा रहे हैं। जो कि निरंतर चलता रहेगा। जीएम केन ने गन्ना किसानों को जागरूक करते हुए कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय पूरी सावधानी बरतें। इस मौके पर थानाध्यक्ष मोतीगंज अरविन्द यादव ने के यार्ड में मौजूद गन्ना किसानों से वार्तालाप कर उन्हें यातायात के नियमों का पालन करने की सलाह दिया गया।

उन्होंने वाहन चालकों से कहा कि वाहन चलाते समय गति सीमा का ध्यान रखें, किसी भी दशा में तेज गति से वाहन न चलाएं, अपने वाहन के सुरक्षित संचालन हेतु ओवरलोडिंग न करें। वहीं कहोबा चौकी इंचार्ज विवेक कुमार मौर्या ने गन्ना किसानों से कहा कि सावधानी ही दुर्घटनाओं से बचाव है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील किया कि शराब पीकर वाहन न चलाएं। इस मौके पर गन्ना प्रबंधक शशिकांत दुबे, एच.आर. हेड बी.पी. दीक्षित, सहायक गन्ना प्रबंधक सुनील पाठक, प्रशासनिक अधिकारी श्रवण पांडेय, सुरक्षा प्रबंधक के.एम. तिवारी, सुरक्षा सुपरवाइजर नंदलाल तिवारी, सहित चीनी मिल के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बिजली बिल राहत योजना का करें प्रचार

**तुलसीपुर।** बिजली बिल राहत योजना को अधिक प्रभावी बनाने के लिए एसडीओ बिजली विभाग ने नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अदनान फिरोज से मुलाकात कर इसके व्यापक प्रचार-प्रसार में सहयोग की अपील की। अदनान फिरोज ने आश्वासन दिया कि नगर पंचायत की गाड़ियों में लगे माइक के माध्यम से लगातार प्रचार कराया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता योजना का लाभ ले सकें। एसडीओ ने बताया रामसेवक गुप्ता कि राहत योजना तीन चरणों में–1 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025, 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तथा 1 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक–संचालित होगी। एकमुश्त भुगतान करने पर मूलधन में 25 प्रतिशत छूट मिलेगी, जबकि कमजोर वर्ग के उपभोक्ताओं के लिए 750 व 500 प्रतिमाह नए बिल के साथ किस्त सुविधा उपलब्ध है। इन्हें ब्याज में पूरी छूट और मूलधन में आंशिक राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि उपखंड तुलसीपुर के 19,000 में से 10,500 उपभोक्ता इस योजना में शामिल हैं।

**चौपाल** — बरवार समुदाय के उत्थान के लिए गोण्डा पुलिस की पहल

# थाना धानेपुर क्षेत्रान्तर्गत दुल्लापुर बनकट में लगी चौपाल

समृद्धि न्यूज



**गोण्डा।** समाज के कमजोर व वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने, ग्राम स्तर पर आपराधिक प्रवृत्तियों में कमी लाने और समुदाय को शिक्षा, रोजगार, सुरक्षा व विकास के अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से गोण्डा पुलिस द्वारा थाना धानेपुर क्षेत्रान्तर्गत दुल्लापुर बनकट में बरवार समुदाय के साथ एक व्यापक चौपाल का आयोजन किया गया। यह पहल पुलिस प्रशासन की जन-सहभागिता आधारित सुरक्षित समाज की नीति को मजबूत करती है। जिसमें पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक व अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत द्वारा प्रतिभाग कर समुदाय के लोगों से संवाद स्थापित किया गया।

चौपाल में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बरवार समुदाय के उन व्यक्तियों को विशेष रूप से प्रेरित किया गया, जो पूर्व में किसी न किसी रूप में आपराधिक घटनाओं में शामिल रहे हैं। उन्हें समझाया गया कि अपराध का मार्ग न तो सुरक्षित है और न ही स्थायी। उन्होंने समुदाय के युवाओं को सामाजिक सरोकारों में शामिल होने, शिक्षा व कौशल विकास की ओर बढ़ने, रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने तथा परिवार की जिम्मेदारी निभाते हुए सम्मानजनक जीवन जीने का संदेश दिया। चौपाल में शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं व उनकी सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस चौपाल का प्रमुख उद्देश्य बरवार समुदाय के उन लोगों की समस्याओं, उनकी सामाजिक, आर्थिक बाधाओं तथा चुनौतियों को समझना था, जिनकी परिस्थितियाँ कभी-कभी उन्हें आपराधिक गतिविधियों की ओर धकेलती हैं। उच्चाधिकारीगण द्वारा उनका मनोबल बढ़ाकर समाज की मुख्यधारा में सम्मानजनक तरीके से पुनः स्थापित करने की प्रेरणा दी गई। गोण्डा पुलिस ने संदेश दिया कि अपराध से दूरी बनाकर शिक्षा, प्रशिक्षण, रोजगार एवं स्वःरोजगार के माध्यम से आर्थिक व सामाजिक रूप से सशक्त बनना ही एक बेहतर भविष्य की ओर ले जाता है। चौपाल जैसी पहल आगे भी जारी रहेगी, जिससे समाज के सभी वर्गों को समान अवसर और सकारात्मक दिशा मिल सके। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा, प्र0नि0 धानेपुर सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## पहल : पीसीएस मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए अब मिलेगी नि:शुल्क कोचिंग

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रतिभाशाली युवाओं को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराने और उच्च सेवाओं तक पहुंचाने की दिशा में समाज कल्याण विभाग ने एक सराहनीय पहल की है। विभाग द्वारा पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा-2025 उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए नि:शुल्क कोचिंग कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। यह विशेष प्रशिक्षण सत्र गोमती नगर स्थित छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, भागीदारी भवन में संचालित होगा।

भागीदारी भवन के संयुक्त निदेशक आनंद कुमार सिंह ने बताया कि यह सुविधा केवल पुरुष अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध है। इसके तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी, जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय 6 लाख रुपये से अधिक न हो और जो पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा-2025 में उत्तीर्ण हों, उन्हें लेटरल एंट्री के माध्यम से कोचिंग में प्रवेश मिलेगा। मुख्य परीक्षा की तिथि घोषित होने तक कोचिंग सत्र नियमित रूप से संचालित रहेंगे।आवेदन के समय प्रारम्भिक परीक्षा प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र और शैक्षिक प्रमाण पत्रों की प्रतियां जमा करनी होंगी। 2000 रुपये की कॉशन मनी जमा कर संस्थान में प्रवेश लिया जा सकेगा। दस्तावेजों की जांच बाद प्रवेश प्रदान किया जाएगा।संयुक्त निदेशक आनंद कुमार सिंह ने बताया कि हमारी कोशिश है कि सक्षम और प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए, बेहतर वातावरण और सही मार्गदर्शन मिल सके।

## खबरें एक नजर में

### एलयू कैंपस में डिग्री कॉलेज की महिला शिक्षक फिसली

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय कैंपस में मंगलवार को हिंदी विभाग के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची करामात डिग्री कॉलेज की एक महिला शिक्षक अचानक फिसल कर गिर गई। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह उन्हें संभाला और अस्पताल ले जाने के लिए एम्बुलेंस बुलाई गई। पर एम्बुलेंस पहुंचने में काफी समय लग गया। काफी देर बाद जब एम्बुलेंस पहुंची भी तो उसमें स्ट्रेचर नदारद थी। इसी मुद्दे पर बाद में युवजन छात्र सभा से जुड़े स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रार को ज्ञापन भी सौंपा। छात्रों की मांग थी कि विश्वविद्यालय कैंपस में किसी भी आपातकालीन स्थिति में निपटने के लिए एम्बुलेंस समेत सभी व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए। दरअसल, मंगलवार को हिंदी विभाग के कार्यक्रम में करामात डिग्री कॉलेज की हिंदी विभाग की शिक्षक डॉ. बीना पांडेय अचानक फिसल कर गिर गई। इस दौरान वो अचेत हो गई। हालत बिगड़ती देख तत्काल एम्बुलेंस बुलाई गई। इस बीच काफी समय बीत जाने के बाद भी एम्बुलेंस न आने पर लोगों में आक्रोश दिखा। आधे घंटे बाद जब एम्बुलेंस मौके पर पहुंची तो महिला शिक्षक को एम्बुलेंस तक ले जाने के लिए उसमें स्ट्रेचर तक नहीं था। इसके बाद किसी तरह मौके पर मौजूद स्टाफ और स्टूडेंट्स ने महिला शिक्षक को उठाकर एम्बुलेंस तक ले गए। फिर उन्हें डॉक्टर के पास ले जाया गया। महिला शिक्षक की तबीयत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

### सर्वादिन को जोनल कार्यालय में दी गई विदाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जोन-5 में बेलदार के पद पर कार्यरत श्री सर्वादीन 30 नवम्बर को अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए हैं। जिसके उपलक्ष्य में जोन के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। जोन -5 के अधिकारीगण और कर्मचारियों ने फूल-माला पहनाकर सम्मानित कर उपहार के साथ विदाई दी गई। नगर निगम कर्मचारी संघ लखनऊ संगठन मंत्री अर्जुन यादव ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में कर अधीक्षक सभाजीत सिंह, अवर अभियंता श्री कैलाश,नगर निगम कर्मचारी संघ लखनऊ के महामंत्री शमील एखलाक, शमशाद, कर्मचारी नेता अमित शुक्ला एवं जोन के स्वास्थ्य विभाग, अभियंत्रण विभाग कर विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अग्निवीरों का अटेस्टेशन परेड की जाएगी आयोजित

**लखनऊ,समृद्धि न्यूज।** राजधानी स्थित एएमसी सेंटर और कॉलेज में अग्निवीरों (क्लर्क, स्टोरकीपर टेक्निकल, ड्राइवर मोटर व्हीकल और एम्बुलेंस असिस्टेंट) की आज एक शानदार अटेस्टेशन परेड हुई। परेड का रिव्यू ब्रिगेडियर विक्रम सिंह ग्रेवाल, कमांडर, नंबर-1 टेक्निकल ट्रेनिंग विंग ने किया, जिससे अग्निवीरों की कड़ी ट्रेनिंग पूरी हुई और उन्हें आर्मी मेडिकल कोर में ऑफिशियली शामिल किया गया। यह परेड अग्निपथ स्कीम के तहत हर अग्निवीर में पक्के इरादे के साथ डाले गए अनुशासन, सेवा और समर्पण के आदर्शों को दर्शाती है। नए अटेस्टेड अग्निवीर इंडियन आर्मी मेडिकल कोर की समृद्ध परंपराओं को बनाए रखने और गर्व के साथ देश की सेवा करने के लिए तैयार हैं। उनका कमिटमेंट, डिसिप्लिन और स्किल आर्मी मेडिकल कोर को फोर्स की बेमिसाल सपोर्ट देने के अपने मिशन में मजबूत करेगा। सीनियर ऑफिसर्स, ट्रेनिंग स्टाफ ने परेड और शपथ समारोह देखा। रिक्रूट्स के सैनिक बनने का जश्न मनाया और उन्हें ड्यूटी, सम्मान और बिना स्वार्थ के सेवा के मूल्यों को बनाए रखने के लिए बधाई दी।

# प्रदेश के 14 जिला अस्पतालों के आधुनिकीकरण के लिए 9.80 करोड़ की मंजूरी

**बलरामपुर, बस्ती, इटावा, रायबरेली और महराजगंज समेत यूपी के 14 जिला अस्पतालों का होगा आधुनिकीकरण**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसके लिए, प्रदेश के 14 सरकारी अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा उपकरण स्थापित करने के लिए 9.80 करोड़ रुपये की राशि को स्वीकृति प्रदान की गई है।

योगी की इस पहल का विशेष फोकस उन जिलों पर है, जहां आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं, डॉयग्नोस्टिक उपकरणों की उपलब्धता कम है। इस पहल का विशेष लाभ ग्रामीण व पिछड़े क्षेत्रों के मरीजों को मिलेगा, जिससे उन्हें अपने ही जिले में सस्ता, आधुनिक और त्वरित इलाज मिल सकेगा। इस प्रयास से बड़े शहरों के सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों पर मरीजों का दबाव भी कम होगा। योगी ने विशेष तौर पर प्रदेश के उन 14 जिलों, जहां आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है, में आधुनिक उपकरणों की खरीद और स्वास्थ्य सेवाओं के आधुनिकीकरण के लिए 9.8 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। स्वीकृत राशि में से 2.70 करोड़ रुपये का रामसागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय, साढ़ामऊ बीकेटी को, 1.52 करोड़ रुपये जिला महिला चिकित्सालय, बलरामपुर, 1.56 करोड़ रुपये जिला चिकित्सालय रायबरेली, 1.16 करोड़ जिला संयुक्त चिकित्सालय महाराजगंज को आवंटित किये गये हैं।

### यह कदम मुख्यमंत्री के विकसित यूपी- 2047 के विजन की व्यापक स्वास्थ्य नीति का हिस्सा

वहीं जिला संयुक्त चिकित्सालय, बागपत को 28.55 लाख, दीवान शत्रुघ्न सिंह संयुक्त चिकित्सालय हमीरपुर को 3.35 लाख, महिला चिकित्सालय हरैया बस्ती को 8.68 लाख एवं डॉ. भीमराव आंबेडकर संयुक्त जिला चिकित्सालय इटावा के लिए 38.96 लाख रुपये स्वीकृत किये गये हैं। ये धनराशि विशेष रूप से स्वास्थ्य संबंधित उपकरणों, अत्याधुनि जांच मशीनों और जरूरी स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास में खर्च किये जाएंगे। इस निवेश का सबसे बड़ा लाभ स्थानीय स्तर पर दिखाई देगा। जिला अस्पतालों में अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक उपकरणों की स्थापना से जांच का समय घटेगा। मरीजों को सस्ता व त्वरित इलाज मिल सकेगा। सीटी स्कैन, एक्स-रे और अन्य उन्नत मशीनों से कैंसर या हृदय रोग जैसे गंभीर मामलों का तत्काल निदान संभव हो सकेगा एवं रेफरल केसों में कमी आयेगी। जो कि प्रदेश की राजधानी, लखनऊ एवं अन्य बड़े शहरों के केंद्रीय अस्पतालों पर पड़ने वाले मरीजों के दबाव में भी कमी लायेगा। यही नहीं डब्ल्यूएचओ के मानकों के अनुरूप स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि यह कदम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकसित यूपी-2047 के विजन की व्यापक स्वास्थ्य नीति का हिस्सा है। जिसके तहत सरकार का लक्ष्य यूपी के हर जिले में अत्याधुनिक स्वास्थ्य की सुविधाओं का विकास करना है। प्रदेश के जिन जिलों में अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी है, वहां के जिला चिकित्सालयों को आधुनिक तकनीकि युक्त उपकरणों, डॉयग्नोस्टिक सुविधाओं से लैस करना है। ताकि ग्रामीण व गरीब लोगों को स्थानीय स्तर पर ही सस्ती व अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

### उप-मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों ने मीडिया को संबोधित करते हुए विपक्षियों पर किया प्रहार

# कांग्रेस, सपा व इंडी गठबंधन एसआईआर की वजह से बौखलाए

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उप-मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों ने मीडिया को संबोधित किया और मतदाता सूची संशोधन तथा एसआईआर प्रक्रिया पर विपक्ष को घेरा। कैबिनेट बैठक के बाद नेताओं ने मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया और विपक्षी दलों के रुख पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन एसआईआर की वजह से बौखला गए हैं, क्योंकि वे देश को लूटने की साजिश कर रहे थे। जबकि देश एसआईआर का वेलकम कर रहा है। डिप्टी सीएम केशव मौर्या ने कहा की 2047 तक की कांग्रेस और कांग्रेस के सहयोगी का सत्ता में आने का सपना, सपना रह जाएगा। उन्होंने कहा मतदाता सूची संशोधन न रुकने वाला है और न रुकेगा। उन्होंने सपा और कांग्रेस पर बूथ लूटने का आरोप लगाया और कहा कि कोई भी घुसपैठिया मतदाता सूची में नहीं रहेगा। उन्होंने बीएलओ से विपक्ष के बहकावे में न आने की अपील की। वहीं कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि सपा और कांग्रेस झूठ का पुलिंदा फैला रही है। उन्होंने बूथों का हवाला देते हुए कहा कि अधिकारी अच्छे से काम कर रहे हैं और केवल स्वर्गवासी हो चुके लोगों के नाम कट रहे हैं, जिस पर विपक्ष को दिक्कत हो रही है। उन्होंने कहा कि जो लोग गांव से शहरों में पलायन कर गए हैं, उनका नाम एक जगह होना चाहिए और इसी प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो बाहर के नागरिक हैं उन्हें निकाला जाना चाहिए। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया को घुसपैठियों को बाहर करने के लिए बताया और कहा कि बिहार में कोई शिकायत नहीं आई। उन्होंने कहा कि संसद में विपक्ष का जिस तरह का रवैया है, पूरा देश देख रहा है।

### आत्मनिर्भरता की मिसाल बन रहीं महिलाएं, 18.56 लाख महिलाएं बन चुकी हैं लखपति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की कहानी नए मुकाम छू रही है। लखपति दीदी कार्यक्रम ने गांव—गांव में महिलाओं को न केवल आर्थिक रूप से मजबूत किया है, बल्कि उनके आत्मविश्वास व नेतृत्व क्षमता को भी नई पहचान दी है। नवंबर तक प्रदेश की 18.56 लाख महिलाएं लखपति बन चुकी हैं। यानी वे निरंतर एक लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय अर्जित कर रही हैं। 2027 तक 28.92 लाख महिलाएं बनेंगी लखपतिउत्तर प्रदेश में 35.94 लाख महिलाओं का चिन्हांकन किया गया है, जिनमें से 29.68 लाख महिलाओं का आय विवरण डिजिटल आजीविका रजिस्टर में दर्ज है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2026-27 तक पूरे देश में 2 करोड़ स्वयं सहायता समूह सदस्यों की आमदनी को एक लाख से ऊपर करने का लक्ष्य रखा है, जिसमें उत्तर प्रदेश का लक्ष्य 28.92 लाख निर्धारित है। राज्य सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर 2025 तक 18.56 लाख का लक्ष्य प्राप्त किया जा चुका है और बाकी 10.36 लाख भी निर्धारित समय सीमा में पूरा कर लिया जाएगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नया बदलावप्रदेश में 98.49 लाख ग्रामीण परिवारों की महिलाएं कुल 8,96,618 स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं।

### गन्ना पर्यवेक्षक को 36 वर्षों से डी.पी.सी. का इंतजार

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उ प्र के महामंत्री अतुल मिश्रा ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि गन्ना विभाग में कार्यरत गन्ना पर्यवेक्षक की पदोन्नति गन्ना विकास निरीक्षक के पद पर होनी है। विभाग में गन्ना पर्यवेक्षक के पद पर कार्य करते 36 वर्ष व्यतीत हो गये, परन्तु इनकी पदोन्नति नहीं की गई। श्री मिश्रा ने कहा अत्यन्त खेद का विषय है कि मुख्य सचिव द्वारा समस्त विभागों को कई बार शासनादेश जारी करते हुए निर्देशित किया है कि कर्मचारियों की पदोन्नति समय पर की जाये। परन्तु गन्ना विभाग द्वारा शासनादेशों को अनदेखी कर पदोन्नति की प्रक्रिया को विगत कई वर्ष से लम्बित रखे हुये है, जिससे कर्मचारियों को आर्थिक हानि उठानी पड़ा रही है, जो कदापि उचित नहीं हैं।

# रहीमाबाद थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति फेस-5 के तहत जागरुकता अभियान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट के रहीमाबाद थाना क्षेत्र में मंगलवार को मिशन शक्ति फेस-5 के अंतर्गत व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। ग्राम नत्थाखेड़ा मजरा गौन्दा मुअ'जमनगर में आयोजित चौपाल में महिलाओं और बालिकाओं को महिला अपराधों की रोकथाम एवं सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति टीम ने रा'य सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर-1098 (चाइल्डलाइन), 1090 (वीमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 1920 (साइबर क्राइम), 101 (फायर), 112 (इमरजेंसी), 102 (एम्बुलेंस) और 108 (स्वास्थ्य सेवा)-की जानकारी देते हुए संबंधित पम्पलेट भी वितरित किए। अभियान के दौरान एंटी रोमियो टीम, पिंक बूथ, पिंक मोबाइल तथा महिला शक्ति केंद्र की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही, बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के उपाय समझाए गए तथा साइबर शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1920 के उपयोग पर जोर दिया गया। चौपाल में ग्राम सुरक्षा समिति के दायित्वों से ग्रामीणों को अवगत कराया गया। युवाओं को नशे से दूर रहने और यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दी गई।

### नहीं हुई डीपीसी, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने जताई नाराजगी

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री अतुल मिश्रा ने कहा कि गन्ना विभाग में कार्यरत गन्ना पर्यवेक्षक की पदोन्नति गन्ना विकास निरीक्षक के पद पर होनी है। विभाग में गन्ना पर्यवेक्षक के पद पर कार्य करते 36 वर्ष व्यतीत हो गये, परन्तु पदोन्नति नहीं की गई। मुख्य सचिव ने विभागों को कई बार शासनादेश जारी कर निर्देशित किया है कि कर्मचारियों की पदोन्नति समय पर की जाये। परन्तु गन्ना विभाग शासनादेशों की अनदेखी कर पदोन्नति की प्रक्रिया कई वर्ष से लम्बित रखे हुये है, जिससे कर्मचारियों को आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है और उनमें नाराजगी है। मुख्यमंत्री ने भी कई बार बैठकों में कड़े निर्देश दिये हैं।

# स्कीम के तहत उत्तर रेलवे के कर्मचारी के परिजन को हुआ एक करोड़ रुपए का भुगतान

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के अधीन कार्यरत स्वर्गीय अनवर अली, पुत्र स्व. मो.शामी, पद ट्रैक मेंटेनर, जो वाराणसी में इंजीनियरिंग विभाग में कार्यरत थे, 25 मार्च 2025 को ड्यूटी के दौरान दुर्भाग्यवश दुर्घटना में निधन हो गया था।

2 दिसंबर को मण्डल कार्यालय, उत्तर रेलवे, लखनऊ मे अपर मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे,लखनऊ शूरवीर सिंह, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अरिमा भटनागर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से डीजीएम, आशीष कुमार एवं मुख्य प्रबंधक,ऋस्क्र अरुण कुमार विश्वकर्मा की उपस्थिति मे दिवंगत कर्मचारी की माता कमरून निशा (आश्रित) को बीमा/कवरेज राशि ?1,00,00,000/-(एक करोड़ रुपये) का चेक औपचारिक रूप से प्रदान किया गया। आरएसपी योजना के अंतर्गत देय राशि के त्वरित भुगतान हेतु मंडल कार्मिक विभाग एवं बैंक अधिकारियों द्वारा सभी आवश्यक प्रक्रियाएँ समयबद्ध रूप से पूरी की गईं है। उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल दिवंगत कर्मचारी स्व. अनवर अली को श्रद्धांजलि अर्पित करता है तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता है। मंडल कठिन समय में परिवार को हरसंभव सहायता एवं सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# युवाओं को रोजगार से जोड़ना सरकार की पहली प्राथमिकता : कपिल देव

**पीएम इंटर्नशिप युवाओं के लिए रोजगार मेले में 29 कंपनियां करेंगी चयन**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि युवाओं को रोजगार से जोड़ना योगी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

पीएम इंटर्नशिप योजना के प्रशिक्षार्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 6 दिसम्बर को राजकीय आईटीआई अलीगंज लखनऊ में विशेष रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में 29 कंपनियाँ भाग लेंगी तथा 1500 से अधिक रिक्त पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इनमें पीएम इंटर्नशिप योजना के 512 प्रशिक्षार्थियों को भी आमंत्रित किया गया है। योगी सरकार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार से सीधे जोड़ने का कार्य तेजी से कर रही है। रोजगार मेले में देश की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियाँ ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, विनिर्माण, बीमा, तकनीकी सेवाएँ, मार्केटिंग, टेलीकॉम, ई-कॉमर्स तथा सुरक्षा सेवाओं के क्षेत्रों में युवाओं का चयन करेंगी। रोजगार मेला युवाओं के लिए बड़ा अवसर है, जहाँ वे अपनी योग्यता के अनुरूप बेहतर वेतन, प्रशिक्षण एवं कैरियर ग्रोथ वाले रोजगार प्राप्त कर सकेंगे। प्लेसमेंट प्रभारी एमए खाँ ने बताया कि मेले में भाग लेने वाली प्रमुख कंपनियों में विविध क्षेत्रों की 29 कंपनियाँ शामिल हैं।

# गुलदास्तां कार्यक्रम से भाव विभोर हुए दर्शक

**सुरों के सरताज ने महफिल सजाई हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** स्मृति उपवन में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ मुख्य अतिथि अध्यक्ष केयर एजुकेशनल ट्रस्ट डॉ सीमा यादव आयोजक अरुण प्रताप सिंह,गुंजन वर्मा, रनवीर सिंह एवं हेमू चौरसिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में सुरो के सरताज का कार्यक्रम में कलाकारों ने सांस्कृतिक मंच से सुरों की आवाज़ बिखेर कर श्रोताओं और दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। सुरों के सरताज में देवेंद्र मैंगी ने दिल के टुकड़े-टुकड़े करके.... हिमांशु ने जन्म जन्म... नजर के सामने... सत्यम ने हर किसी को नहीं मिलता... पूनम, अनुराग, सीमा विरमानी ने आपके प्यार में हम... गीत गाकर श्रोताओं का मोहा मन। सीमा बिरमानी ने इस कार्यक्रम को संचालित किया। कार्यक्रम के अगले पड़ाव में सुनीता राय के संयोजन में एम एम एम ग्रुप सिंगर ने अपने-अपने हुनर दिखाएं। इस तरह से आशिकी... अनुराग श्रीवास्तव सूरज हुआ मध्यम.... राहुल कुछ ना कहो... संजय कुमार कह दूं तुम्हें... सुनील एवं शालू की जुगलबंदी से श्रोताओं को आकर्षित किया।कार्यक्रम के अंत में कल्याणी फाउंडेशन एवं केयर एजुकेशन एकेडमी द्वारा ÷गुलदास्तां÷ प्रस्तुत किया गया। संस्था की संयुक्त सचिव विमला द्विवेदी ने कहा दिव्यांग बच्चों को सही दिशा देना,आत्मविश्वास पैदा करना, उनके स्वाभिमान को बढ़ाना ही इनका मुख्य उद्देश्य है। दिव्यांग बच्चों ने जिसमें विवेक, सोनिया सक्सेना, वेदांतिका श्रीवास्तव एवं शाश्वती चटर्जी ने प्रस्तुति दी। इस दौरान महोत्सव समिति के मोनालिसा, रोली जयसवाल व मनोज सिंह चौहान,रोली सिंह उपस्थित रहे। मंच का संचालन प्रदीप शुक्ला सहसंचालक विजय ने किया।

### मत्स्य पालकों के हित में संचालित योजनाओं का हो प्रचार-प्रसार : निषाद

**लखनऊ।** मत्स्य विकास मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद ने कहा है कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को नियमानुसार योजनान्तर्गत यथाशीघ्र धनराशि का भुगतान व्यय कराना सुनिश्चित किया जाए। योजनाओं का लाभ देने के लिए मत्स्य पालकों के अधिक से अधिक क्रेडिट कार्ड बनवाये जाए। जनपदीय अधिकारी राजस्व विभाग के अधिकारियों से समन्वय कर ग्राम सभा के अवशेष तालाबों का शत-प्रतिशत पट्टा कराया जाना सुनिश्चित करें। मण्डल और जनपदीय स्तर पर रिवर रैंचिंग कार्यक्रमों को पूर्ण कराया जाए।मत्स्य विकास मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद ने मंगलवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# नहरों में रोस्टर के हिसाब से पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं : स्वतंत्र देव

समृद्धि न्यूज

**केन बेतवा लिंक परियोजना व यूपी इरिगेशन एवं ड्रेनेज बिल 2024 के संबंध में की समीक्षा**

**लखनऊ।** जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों को सिंचाई हेतु समय से पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं, इसमें किसी भी प्रकार के लापरवाही नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त मात्रा में नहरों में टेल तक अनिवार्य रूप से पानी की पहुंच सुनिश्चित कराई जाए।

उपरोक्त कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ सखय्त कार्रवाई की जाएगी। स्वतंत्र देव सिंह ने यह निर्देश उदयगंज स्थित सिंचाई विभाग के मुख्यालय स्थित सभागार में विभागीय उच्च अधिकारियों के साथ आयोजित केन बेतवा लिंक परियोजना एवं उत्तर प्रदेश इरिगेशन एवं ड्रेनेज बिल 2024 से संबंधित प्रस्तुतीकरण के अवसर पर दिया।

जल शक्ति मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि नहरों में रोस्टर के हिसाब से पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं, रोस्टर के हिसाब से पानी उपलब्ध ना कराए जाने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस कर्मियों की महिला परिजनों के लिए जागरुकता और कौशल प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लखनऊ में आयोजित विश्व एड्स दिवस कार्यक्रम में पुलिस कर्मियों की महिला परिजनों को जागरूक करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से रिज़र्व पुलिस लाइन्स में जागरूकता एवं कौशल प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

यह कार्यक्रम कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार के जन शिक्षण संस्थान, गोमतीनगर, लखनऊ तथा रिज़र्व पुलिस लाइन्स, लखनऊ कमिश्नरेट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर असिस्टेंट ड्रेस मेकर एवं दर्जी एडवांस्ड प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकीं 40 महिला परिजनों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में एच.आई.वी./एड्स से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा करते हुए महिलाओं को जागरूक किया गया कि ह्यूमन इम्यूनियोडिफिशिएंसी वायरस शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली पर प्रभाव डालता है और इलाज न होने पर यह संक्रमण एड्स के गंभीर चरण में बदल जाता है। असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई का उपयोग, संक्रमित व्यक्ति के रक्त का चढ़ाना तथा गर्भवती से शिशु तक संक्रमण इसका प्रमुख कारण बताया गया। प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं विकसित भारत की धुरी हैं। उन्हें सजग रहते हुए अपने स्वास्थ्य एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं।

**स्वीकृति**

### प्रदेश के पर्यटन परिदृश्य को नई गति देने वाले तीन महत्वपूर्ण प्रस्तावों को हरी झंडी

# विश्व स्तरीय मंदिर संग्रहालय सांस्कृतिक पहचान का नया अध्याय

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश कैबिनेट बैठक ने प्रदेश के पर्यटन परिदृश्य को नई गति देने वाले तीन महत्वपूर्ण प्रस्तावों को हरी झंडी दे दी। बैठक में अयोध्या में विश्व स्तरीय मंदिर संग्रहालय के निर्माण एवं संचालन के प्रस्ताव के साथ-साथ उत्तर प्रदेश अधीनस्थ पर्यटन सेवा नियमावली 2025 को मंजूरी और बागपत में अंतराष्ट्रीय योग एवं वेलनेस सेंटर की स्थापना के प्रस्तावों को स्वीकृति दी है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने तीनों प्रस्तावों पर कैबिनेट की सहमति को प्रदेश में पर्यटन विकास के लिए ऐतिहासिक कदम बताया है। कैबिनेट ने अयोध्या में अत्याधुनिक और विश्वस्तरीय मंदिर संग्रहालय निर्णय का मार्ग प्रशस्त किया है। श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर निर्माण, रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा और धर्म ध्वजा स्थापना के बाद से अयोध्या में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। अयोध्या धाम में एक बड़े सांस्कृतिक संग्रहालय की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी, जिसे सरकार ने मंजूरी दी।मंत्रिपरिषद की स्वीकृति के अनुपालन में ग्राम मांझा जमधरा, तहसील सदर, जनपद अयोध्या की नजूल भूमि पर टाटा ग्रुप के सहयोग से सीएसआर फंड के माध्यम से विश्व स्तरीय मंदिर संग्रहालय के निर्माण एवं संचालन हेतु एक त्रिपक्षीय एमओयू 3 सितम्बर 2024 को हस्ताक्षरित किया गया। मात्र1 रुपए वार्षिक धनराशि पर 90 वर्षो के लिए आवंटित 25 एकड़ भूमि के साथ 52.102 एकड़ का नि:शुल्क हस्तांतरण पर्यटन विभाग के पक्ष में प्रस्तावित है। टाटा समूह द्वारा बनाए जाने वाले विश्व स्तरीय संग्रहालय का उद्देश्य प्राचीन मंदिर वास्तुकला शैलियों का विकास, सिद्धांतों, क्षेत्रीय शैलियों और साहित्य कलात्मक और ऐतिहासिक रुचियों के वस्तुओं आदि का व्यापक प्रदर्शन करना है। यह संग्रहालय अयोध्या आने वालों के लिए सुखद अनुभूति प्रदान करेगा। भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या आज विश्वस्तरीय धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन गंतव्य के रूप में तेजी से विकसित हो रही है। वर्तमान में प्रतिदिन 2 से 4 लाख यात्रियों का अयोध्या धाम आना इस बढ़ती लोकप्रियता का स्पष्ट संकेत है। राम मंदिर देशी-विदेशी पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रहा है। ऐसे में अयोध्या में विश्व स्तरीय मंदिर संग्रहालय का निर्माण एवं संचालन आगंतुकों के लिए एक विशेष उपहार होगा। यह परियोजना न केवल अयोध्या के सांस्कृतिक वैभव को वैश्विक मंच पर स्थापित करेगी, बल्कि आधुनिक विरासत संरक्षण, पर्यटन विकास और आर्थिक प्रगति का एक नया मॉडल भी प्रस्तुत करेगी। मंदिर संग्रहालय के निर्माण से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार का सृजन होगा व अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। एक अन्य प्रस्ताव के रूप में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ पर्यटन सेवा नियमावली-2025 को मंजूरी प्रदान की है। नई नियमावली के तहत प्रकाशन अधिकारी, अपर, जिला पर्यटन अधिकारी तथा पर्यटन सूचना अधिकारी के पदों का सृजन एवं विनियोजन किया गया है।

## खबरें एक नजर में

### कच्ची शराब में एक गिरफ्तार

सिंधौली-शाहजहांपुर। सिंधौली थाने की पुलिस जैसे ही सैंजना जाने वाले तिराहे पर पहुंची तो ग्राम संजना की ओर से एक व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। जब उस व्यक्ति ने पुलिस को देखा तो वह सकपका गया और जोर-जोर से चलने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे रुकने को कहा तो तेजी से भागने लगा। पुलिस ने उसे दौड़कर पकड़ लिया। जामा तलाशी लेने पर उसके पास एक प्लास्टिक की पिपिया जिसमें कच्ची देसी शराब भरी हुई थी बरामद की। पूछने पर उसने अपना नाम वीरु पुत्र लाल बहादुर निवासी ग्राम सिंधौली पुरानी बस्ती थाना सिंधौली जनपद शाहजहांपुर बताया। पुलिस ने उत्तर प्रदेश उत्पाद शुल्क-आबकारी अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की।

### रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



शाहजहांपुर। टाउन हॉल स्थित डॉ. वी. एन. बहल मेमोरियल हॉस्पिटल एवं ब्लड बैंक में एच डी. एफ. सी. शाखा टाउन हॉल के कर्मचारियों द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खां बतौर मुख्यअतिथि पहुंच कर रक्तदाताओं को सूक्ष्म आहार प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर दीपांकन सिंह, एकांश गुप्ता, शुभम सिंह, नमन कुमार, सचिन यादव आदि लोगों ने रक्तदान किया। विशेष रूप से युवजन सभा के जिलाध्यक्ष आकाश यादव, समाजवादी छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया, नागेन्द्र सिंह शाखा प्रबंधक, श्याम शुक्ला उप शाखा प्रबंधक, स्वाति सक्सेना प्रबंधक, सुधार उपाध्याय, युवजन सभा के प्रदेश सचिव अखिलेश यादव, युवजन सभा के जिला उपाध्यक्ष अनुज यादव,जिला उपाध्यक्ष उदय यादव, सचिन यादव आदि लोग उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर डॉक्टर रश्मि बहल के देख रेख में सम्पन्न हुआ।


### कम्प्यूटर ट्रैनिंग की तारीख 4 दिसंबर तक बढ़ी

शाहजहांपुर। वित्तीय वर्ष 2025-26 में कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए द्वितीय चरण के लिए निर्गत समय सारिणी अनुसार विभागीय वेबसाइट पर बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए आवेदकों को आनलाईन आवेदन करने की तिथि 4 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रसून राय ने बताया कि निर्धारित तिथि तक शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं 35 वर्ष से कम आयु वाले इच्छुक बेरोजगार युवक, युवतियां आनलाइन आवेदन करने के बाद प्रिंट आउट, डाक्यूमेंट के साथ जनपद कार्यालय कक्ष संख्या 307 विकास भवन में जमा करें।

### पनवाड़ी के प्रधान पति गैर जमानती वारंट में गिरफ्तार, भेजा जेल

सिंधौली-शाहजहांपुर। गाँव पनवाड़ी निवासी प्रधान पति रामदेव शुक्ला उर्फ सट्टरू को पुलिस ने न्यायालय से जारी गैर जमानती वारंट के तहत मंगलवार दोपहर उनकी आवास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार पनवाड़ी निवासी अतुल मिश्रा ने सितम्बर 2023 में रामदेव के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि आवारा पशुओं को लेकर विवाद के दौरान रामदेव ने घर पर पहुंचकर हमला किया और फायरिंग कर हत्या का प्रयास किया था। रामदेव के साथ उनके पुत्र अरुण तथा करण को भी आरोपी बनाया गया था। मामले में लंबी अवधि तक जमानत न कराए जाने के चलते न्यायालय ने रामदेव के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किया था। वारंट की अनुपालन कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मंगलवार को उन्हें गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही के बाद जेल भेज दिया।

### लघुशंका करने गए दिव्यांग युवक की तालाब में डूबकर मौत



सिंधौली-शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र के गाँव बबौरी निवासी पैर से दिव्यांग 28 वर्षीय आनन्द को दौरा पड़ने की बीमारी थी। सोमवार की रात वह घर के बाहर पड़े छप्पर के नीचे सो रहे थे। देर रात उन्हें दौरा पड़ गया। जानकारी मिलने पर पहुंचे परिजनों ने चेहरे पर पानी छिड़ककर दवा खिलायी। कुछ देर में सामान्य होने पर आनन्द ने लघुशंका जाने की बात कही। काफी देर तक न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। टार्च के सहारे की गयी तलाश के दौरान परिजनों ने कुछ दूरी पर स्थित तालाब में आनन्द का उतराता हुआ शव देखा। ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी गयी। मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक अपने पांच भाइयों में दूसरे नम्बर पर थे। बड़े भाई गोविन्द सहित नरेंद्र, राजकुमार, नितिन तथा पिता श्यामबहादुर और माता गीता देवी का रोकर बुरा हाल है।

### उरद, मूंग, तिल एवं मूंगफली के छह क्रय केंद्र स्थापित

शाहजहांपुर। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता अखिलेश प्रताप सिंह ने बताया है कि जनपद में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत उरद, मूंग, तिल एवं मूंगफली के 6 क्रय केन्द्र स्थापित है। इनमें बी-पैक्स रसापुरखेला शाखा जलालाबाद मण्डी, बी-पैक्स लिमिटेड फरीदापुर शाखा जलालाबाद मण्डी, बी-पैक्स मनोरथपुर समिति भवन, बी-पैक्स चौराबरखेत शाखा जलालाबाद मण्डी, बी-पैक्स मिर्जापुर शाखा जलालाबाद मण्डी एवं बी पैक्स गुलड़िया शाखा जलालाबाद मण्डी शामिल है। कृषकों से अपील है कि वह अपनी ऊपज सम्बन्धित संस्था पर विक्रय करें, जिससे आपको आपकी ऊपज का सही मूल्य प्राप्त हो सके। राज्य सरकार द्वारा उरद का एमएसपी मूल्य 7800 कुंटल, मूंगफली का एमएसपी मूल्य 7263 कुंटल एवं मूंग का एमएसपी मूल्य 8768 कुंटल निर्धारित किया गया है। यदि विक्रय करने में यदि किसी प्रकार की कोई कठिनाई या दिक्कत आती है तो जिला प्रबन्धक, पीसीएफ के मोबाइल नंबर 7080806846 तथा जिला प्रबन्धक, पीसीयू 9452295819 से सम्पर्क कर सकते है। आपकी समस्या का त्वरित निस्तारण किया जाएगा।

### रिटायरमेंट होने से 29 दिन पूर्व सीनियर सेक्शन इंजीनियर का निधन



रोजा-शाहजहांपुर। रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर तैनात सीनियर सेक्शन इंजीनियर अमर सिंह मीणा का 31 दिसंबर को रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर सेवा निवृत्त प्रोग्राम होना था। 15 दिन पूर्व वह अवकाश लेकर अपने पैतृक घर अलवर गए। जहां उनके स्वास्थ्य में गिरावट आ गई। साथी रेल कर्मचारियों ने बताया आंख का ऑपरेशन करने के लिए गए थे। उसके बाद स्वस्थ हो गए थे। स्वस्थ होने के बाद अचानक फिर बीमार होगए और आज उनका निधन हो गया। अमर सिंह मीणा के निधन से उनके परिवार में कोहराम मच गया। वहीं रेल कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ गई। रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर नार्दन रेलवे मेंस यूनियन कार्यालय में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें अमर सिंह मीणा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान चंदन कुमार, अमित कुमार, रामनरेश, सीता राम, मनोहर कुमार, सुरेश पाल, प्रेमपाल, रमेश कुमार, अवधेश कुमार, मोहम्मद आदि ने शोक व्यक्त किया।

# डीएम ने विकास भवन, तहसील सदर में एसआईआर कार्यों का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण एवं मार्गदर्शन में जनपद मे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य वृहद स्तर पर संचालित किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने विकास भवन के सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक कार्यालय एवं सदर तहसील में चल रहे एस.आई.आर. से संबंधित समस्त प्रक्रियाओं का स्थलीय निरीक्षण एवं प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदाताओं के डिजिटाइजेशन की स्थिति, मैपिंग तथा मतदाता सूची अद्यतन की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बीएलओ को निर्देश दिए कि अब जो भी फॉर्म आने हैं उन्हें 4 दिसंबर से पहले प्राप्त कर शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन एवं मैपिंग करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ अपराजिता सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, एसडीएम सदर संजय कुमार पाण्डेय, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक अखिलेश प्रताप सिंह एवं जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# लायंस क्लब ने मनाया प्रदूषण नियंत्रण दिवस



**शाहजहांपुर।** लायन इंटरनेशनल के अग्रणी मंडल 321 बी1 के अंतर्गत लायंस क्लब शक्ति द्वारा 2 दिसंबर राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर लोगों को जागरूक किया गया। लायन क्लब अध्यक्ष लायन ललिता यादव ने बताया कैंट सब्जी मंडी में लोगों को पेपर बैग वितरित किए और लोगों को जागरूक किया कि पॉलीथिन का प्रयोग ना करें पेपर बैग का प्रयोग करें, क्योंकि पॉलिथीन के प्रयोग से बहुत अधिक प्रदूषण फैलता है और पॉलिथीन को अगर हम जलाते हैं तो जहरीली गैस निकलती है जिससे फेफड़ों में जलन अस्थमा जैसी बीमारी हो सकती हैं। पॉलिथीन जलने पर जो धुआं निकलता है उससे हमारी ओजोन परत को भी नुकसान पहुंचता है। और जानवर अगर इनको खा लेते हैं तो उनकी मृत्यु भी हो सकती है। लायन ललिता यादव ने दुकानदारों से कहा कि आप कस्टमर से एक रूपए ज्यादा लें लेकिन उनको पेपर बैग में ही सामान दें। इस कार्य में लायन ललिता यादव, लायन अनुप्रिया ग्रोवर मौजूद रही।

# मोबाइल न होने की स्थिति में बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण से कार्ड बनाने के निर्देश



**शाहजहांपुर।** सीडीओ डा. अपराजिता सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 25 नवंबर से 25 दिसंबर तक चल रहे आयुष्मान कार्ड विशेष अभियान की समीक्षा की। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि 2011 डेटा में शामिल पात्र परिवारों के साथ-साथ 6 यूनिट या उससे अधिक राशन कार्ड धारक परिवार, अंत्योदय कार्ड धारक, लेबर कार्ड धारक, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता,सहायिका तथा 70 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले वरिष्ठ नागरिक (र्मतव च्वअमतजल श्रेणी) दृ इन सभी का आयुष्मान कार्ड शत-प्रतिशत बनाया जाए। आधार एवं लिंक मोबाइल नंबर के माध्यम से ओटीपी आधारित कार्ड निर्माण को प्राथमिकता देने तथा लिंक मोबाइल न होने की स्थिति में बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण से कार्ड बनाने के निर्देश दिए गए। सभी ब्लॉकों को घरदृघर संपर्क, शिविर आयोजन और दैनिक प्रगति रिपोर्ट के माध्यम से अभियान को तेज गति से आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।

# राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक में रेडक्रास ने की सहभागिता

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण की प्रदेश स्तर पर आयोजित भगदड़ मॉकडील वीडियो कॉन्फ्रेसिंग क्राउड मैनेजमेंट समन्वय मीटिंग वाइस चेयरमैन, लेफ्टिनेंट जर्नल योगेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसको जनपद शाहजहांपुर स्तर पर जिलाधिकारी कार्यालय प्रांगण में स्थित अरविन्द कुमार अपर जिलाधिकारी राजस्व एवं वित्त के नेतृत्व में उनके कार्यालय में प्रतिभागियों के क्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के दिषानिर्देष के अनुपालन में इण्डियन रेडक्रास सोसायटी के सचिव डा विजय जौहरी ने प्रतिभाग के उपरान्त विस्तत जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेष के विभिन्न जनपदों में विषाल धार्मिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं खेल-कूद आदि कार्यक्रमों का आयोजन होता है। जिसमें अत्यधिक संख्या में श्रद्धालुओं, साधु-सन्तों तथा पर्यटकों का एकत्रीकरण तथा आवागमन अवष्यंभावी है। अत्यधिक जनमानव के कारण ऐसे आयोजन स्थल, परिक्षेत्र संभावित दुर्घटना, आपदा के प्रति संवेदनषील होते हैं। इसको दश्टिगत रखते हुए उप्र राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा ऐसे आयोजन स्थलों, परिक्षेत्रों में किसी भी संभावित दुर्घटना, आपदा से सुरक्षा-बचाव तथा रोकथाम के उद्देष्य से समस्त सम्बन्धित जनपदों, विभागों, संस्थाओं की प्रतिभागिता से जनपद प्रयागराज में 'सिम्पोज़ियम एवं टेबलटॉप एक्सरसाइज़' के आयोजन आवष्यकता है जोकि 22 दिसम्बर को किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें जनपद भी प्रतिभाग करेगा। इसमें जनपद सहित 26 जनपदों का चिन्हित किया गया है। जिसमें भीड़ प्रबन्धन विषय पर सिम्पोज़ियम एवं टेबलटॉप एक्सरसाइज़' का आयोजन किया जाना है। रेडक्रास के सचिव डा. विजय जौहरी ने बताया कि इस एक्सरसाइज के संचालन के दौरान तीन संवेदनषील आपदायें यथा- डूबना, शीतलहर एवं अग्नि दुर्घटना के परिदृष्यों के अनुरूप आपदा रोक-थाम, सुरक्षा-बचाव एवं राहत से सम्बन्धित कार्यवाहियों, गतिविधियों को सम्मिलित किया जाएगा। इसके लिए रेडक्रास सोसायटी सहयोगी भूमिका का निर्वाह करेगी। इस वीडियो कॉन्फ्रेसिंग बैठक में रेडक्रास के सचिव डा. विजय जौहरी आपदा विषेशज्ञ अभिषेक श्रीवास्तव एवं अपेक्षित विभागों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। बैठक में स्वस्थ विभाग, अग्निशमन विभाग, पुलिस होमगार्ड, युवक मंगल दल, युवक कल्याण विभाग आदि उपस्थित रहे।

# सोलर सीडर प्रोजेक्ट में छात्रों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



गंगसरा स्थित चंदी कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई रीजनल साइंस एग्ज़िबिशन 2025 में अपनी उत्कृष्ट वैज्ञानिक प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा 7 की छात्राएँ सवगुन कौर और एकमप्रीत कौर द्वारा प्रस्तुत किया गया अभिनव प्रोजेक्ट सोलर सीडर÷ विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसे राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित किया गया है। यह प्रोजेक्ट सौर ऊर्जा की मदद से बीज बोने की प्रक्रिया को आसान, किफायती और पर्यावरण-अनुकूल तरीके से करने की एक अनोखी तकनीक पेश करता है। वहीं कक्षा 9 के छात्र मास्टर अरमान सिंह और मास्टर अंश शर्मा ने ÷ऑटोमेशन सिस्टम ऑफ गार्बेज कलेक्शन एंड ऑर्गैनिक-इनऑर्गैनिक वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट के माध्यम से आधुनिक कचरा प्रबंधन का प्रभावी व तकनीकी समाधान प्रस्तुत किया। यह मॉडल कचरे को स्वतः अलग करने और स्वच्छता व स्थिरता को बढ़ावा देने की क्षमता रखता है। छात्रों की इस उपलब्धि ने विद्यालय में हर्ष और गर्व का माहौल बना दिया है। प्रोजेक्ट तैयार करने में जूही सिंह, अर्चना मिश्रा, नवनीत कौर, रिज़वान और असिस्टेंट डी. अली का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय की प्रबंधन समिति ने सभी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित भी किया। विद्यालय के डायेक्टर बलदेव सिंह चंदी ने कहा कि यह उपलब्धि बच्चों की वैज्ञानिक सोच, पर्यावरणीय जागरूकता और नवाचार क्षमता का प्रमाण है, जो आने वाले समय में उन्हें और ऊँचाइयों तक ले जाएगी। जिसके बाद प्रतिभावान सभी छात्र छात्रों को स्कूल प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया।

## विधायक के प्रयास से जलालाबाद में रोडों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण को 250 करोड़ मंजूर



जलालाबाद-शाहजहांपुर। विधायक हरिप्रकाश वर्मा के प्रयास से प्रदेश सरकार ने जनपद बदायूँ की सीमा पटना देवकली से फर्रुखाबाद बॉर्डर के कांकरकठा तक हाइवे का तथा गांव थरिया से परौर तक रोड का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण की मंजूरी देते हुये दो सौ चालीस करोड़ की धनराशि मंजूर की है। यह दोनों कार्य पूरे हो जाने पर जनता को आवागमन की बड़ी सहूलियत मिल जाने के साथ ही क्षेत्र के सर्वागीर्ण विकास को भी तेज गति मिल सकेगी। राजमार्गों के चौड़ी तथा सुदृढीकरण योजना के तहत शासन ने जलालाबाद विधान सभा के पटना देवकली से कलान मिर्जापुर होते हुये फर्रुखाबाद की सीमा कांकरकठा तक 37.67 किलोमीटर लम्बे मुरादाबाद फर्रुखाबाद राज्यमार्ग का सुदृढीकरण कर उसे टू लेन बनाने के लिए दो सौ करोड़ तथा इस राज्यमार्ग पर मिर्जापुर के गाँव थरिया से परौर तक करीब चौदह किलोमीटर मार्ग के चौड़ीकरण के लिये चालीस करोड़ की धनराशि को मंजूरी दी है। शासन द्वारा इस आशय का पत्र लोनिवि के प्रमुख अभियंता को जारी कर दिया गया है। मार्गों के चौड़ीकरण से सफर आसान होने के साथ सडक हादसों पर भी अंकुश लग सकेगा। विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि उनका प्रयास है कि जनता का पैसा क्षेत्र के विकास में लगे ताकि लोगों को ज्यादा से ज्यादा इसका लाभ मिल सके।

## तालाब पर अवैध कब्जे का आरोप

जैतीपुर- शाहजहांपुर। क्षेत्र के कस्बा गढ़िया रंगीन में एक सरकारी तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। आरोप है कि यह कब्जा ग्राम प्रधान के संरक्षण में किया जा रहा है। इस संबंध में उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अवैध कब्जा हटाने की मांग की गई है। कस्बा गढ़िया रंगीन निवासी भगवान शरण शर्मा ने प्रार्थना पत्र में बताया गांव में स्थित सरकारी तालाब की भूमि पर सत्य प्रकाश द्वारा अवैध रूप से दरवाजा लगाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह अवैध निर्माण ग्राम प्रधान की शह पर हो रहा है। बताया कि इससे पहले भी कई लोगों ने तालाब की भूमि पर कब्जा किया है, जिसका मुकदमा उच्च न्यायालय में विचाराधीन हैं। उन्होंने उप जिलाधिकारी से मौके पर जांच कराकर अवैध कब्जे को शीघ्र हटवाने की मांग की है।

# टायर पंक्चर की दुकान में आग, हजारों का नुकसान

**शाहजहांपुर।** आरसी मिशन थाना क्षेत्र के सुंदर नगर स्थित सीतापुर रोड़ पर बनी पंक्चर टायर जोड़ने वाली दुकान में देर रात अचानक आग लग गई। रहस्यमयी तरीके से लगी आग ने देखते ही देखते पूरे खोखे को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के समय दुकान स्वामी रोज़ की तरह दुकान बंद कर घर जा चुके थे। आग लगाए जाने की आशंका जताई जा रही है। रात करीब देर बजे उठती लपटें देखकर स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। तुरंत पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना पर आरसी मिशन पुलिस मौके पर पहुंची और फायर टीम को बुलाया। लेकिन तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, मगर तब तक दुकान में रखा पूरा सामान जलकर खाक हो गया था। दुकान स्वामी के अनुसार लगभग एक लाख रुपये का सामान आग में जल गया। परिवार का गुजारा इसी दुकान पर निर्भर था, ऐसे में हादसे ने उनकी रोज़ी-रोटी पर संकट खड़ा कर दिया है। आग किस कारण लगी, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन पीड़ित ने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जानबूझकर आग लगाए जाने की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। स्थानीय लोगों ने घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से पीड़ित परिवार की मदद की मांग की है।

# जब कट रहा था धान तब खरीद थी ठंडी, अब बंडा मंडी में खरीद रफ्तार पर!

- 1600 में किसानों का धान खरीदकर सरकारी खरीद दिखवाने का आरोप
- 'मिनी पंजाब' पुवायां में धान खत्म, फिर भी मंडी में लग रही ट्रालियों की कतारें'





**किसान से 1600 में धान खरीदकर सरकारी रेट पर चढ़ाया जा रहा:** भाकियू (टिकैत) के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह यादव ने बंडा मंडी में हो रही धान खरीद को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा जिन किसानों का धान 1600 रुपये में उठाकर बिचौलिये अपने गोदामों में भर रहे थे, वही धान अब सरकारी खरीद के नाम पर केंद्रों से चढ़ाया जा रहा है। यह किसानों की खुली लूट है। यदि तुरंत कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन होगा। उन्होंने मांग की कि सभी सेंटरों के स्टॉक की भौतिक जांच कराई जाए, उठान और खरीद के रिकॉर्ड मिलाए जाएं, पिछले 20 दिनों में दाखिल किए गए वाहन नंबर और टोकन की जांच कराई जाए, जिससे खरीद की पोल खुलकर प्रशासन के सामने आ जाएगी। उन्हांने कहा किसानों के साथ धोखा किया जा रहा है।

**13 हजार क्विंटल खरीद रोजाना, फिर भी नहीं खत्म हो रहा धान, बड़ा सवाल- इतना धान आ कहाँ से रहा:** बंडा उपमंडी में कुल 24 खरीद केंद्र लगे हैं। इनसे मिलकर प्रतिदिन लगभग 13 हजार क्विंटल धान की खरीद दिखाई जा रही है। केंद्रों में धान की आवक लगातार रिकॉर्ड स्तर पर दिख रही है, लेकिन मंडी में धान खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा। किसान पूछ रहे हैं पुवायां क्षेत्र में तो धान कब का खत्म हो चुका है, खेत खाली हैं, किसान गेहूं, आलू में जुट चुके है तो फिर यह धान आ कहां से रहा है, जोकि अपने आप में एक बड़ा सवाल है।

**मंडी परिसर में ट्रालियों की अंतहीन लाइनें:** बंडा मंडी की एएमओ रंजना सिंह ने कहा मंडी में धान की आमद अच्छी है। ट्रालियां अंदर और बाहर दोनों जगह खड़ी रहती हैं। रोजाना तौल कराई जा रही है। रिकॉर्ड के अनुसार धान पर्याप्त आ रहा है। लेकिन किसानों का कहना है कि मंडी में खड़ी ट्रालियां असली किसानों की नहीं बल्कि बिचौलियों की हैं, जो छोटे किसानों से धान खरीदकर अब सरकारी खरीद में डाल रहे हैं। सवाल यह है कि यदि किसानों की यह ट्रांलियां नहीं है तो उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नही की जा रही हैं, यदि किसानों की यह ट्रालियां है तो इन्हें लाइन में क्यां लगाया जा रहा है, क्या 24 केंद्रों पर तौल होने के बाद भी लाइनें खत्म नहीं हो पा रहीं हैं, तो यह धान इस समय कहां से आ रहा हैं इसकी जांच की आवश्यकता है। किसानों का दर्द साफ है। उनका कहना है कटाई के समय सरकार खरीद कर लेती तो हम कर्ज में न डूबते। अब जब हमारे पास धान ही नहीं बचा तो खरीद का रिकॉर्ड आसमान छू रहा है।

**अब जिला प्रशासन के सामने सवालों का पहाड़:** क्या होगी जांच या फिर फाइलों में ही दफन हो जाएगी शिकायत, बंडा मंडी में चल रही इस धान खरीद की 'गति' ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं, क्या यह किसानों की लूट है? या फिर बड़ी स्तर की सेटिंग? क्या 1600 का धान 2369 में चढ़ाया जा रहा है? क्या कागजों में खरीद दिखाकर सरकारी खजाने को चपत लगाई जा रही है? जिले के किसान और संगठनों की निगाहें अब प्रशासन पर टिकी हैं।

**बंडा -शाहजहांपुर।** पुवायां तहसील जिसे मिनी पंजाब कहा जाता है। इस बार के धान सीजन में किसानों की आर्थिक कमर टूट चुकी है। हालत ये रहे कि जब किसान कटे धान को लेकर सरकारी केंद्रों पर पहुंचे तो खरीद ठंडी पड़ी थी। कई सेंटरों पर तो तौल मशीन भी नहीं चली। किसान दिनों-दिन लाइन में लगे रहे, लेकिन खरीद नाम मात्र की हुई। लेकिन अब जब किसानों के खेतों में गेहूं और आलू की फसलें हरी हैं और उनके घर में धान का एक-एक दाना नहीं बचा, उसी समय बंडा मंडी में धान खरीद अचानक दोगुनी रफ्तार से दौड़ने लगी है। जिससे साफ जाहिर होता है कि केंद्र प्रभारियों ने खेल शुरू कर दिया हैं। हालांकि सभी सह बात जानते हैं, लेकिन कोई भी इस ओर ध्यान देने की जरूरत नही समझ रहा हैं। लोगों का कहना है कि धान खरीद की निष्पक्ष जांच हो जाए, तो कईयों पर गाज गिर सकती हैं, लेकिन ऐसा संभव नही हैं। बतादें कि बंडा उपमंडी हैं लेकिन यहां पर 24 क्रय केंद्र धान खरीद के लिए लगाए गए हैं। लेकिन शुरुआत में कई सेंटरों पर नमी आदि बताकर किसानों की धान की खरीद नही की गई, लेकिन आवश्यकताओं ने किसानों को औने पौने दामों में धान बिक्री करने पर विवश किया और किसानों ने आढतों, राइसमिलों पर 1600 से 1700 तक धान बेंचकर अपने गेंहू की बुवाई या अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति की। लेकिन राइस मिलों वालों ने कुछ रूपए बढाकर धान खरीदने की बात कहकर किसानों से कागज लिए, जोकि किसी से छिपा नही हैं, राइसमिलों वालों ने किसानों से कागज क्यों लिए यह भी सभी जानते हैं। यदि किसी के मन में कोई संदेह हो तो राइसमिलों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटैज निकलवाकर देखा जा सकता हैं कि किसानों से कागज लिए गए हैं या नही। फिलहाल धान खरीद में इसबार बड़ा घोटाला होने की बू आ रही हैं। यदि प्रशासन इसकी निष्पक्ष जांच कराए, तो घोटाला सामने आ सकता हैं।

**दोगुनी खरीद का चमत्कार!, पहले 300 क्विंटल मुश्किल, अब 600 क्विंटल रोजानाः** जिन सरकारी सेंटरों पर पहले 300 क्विंटल की खरीद भी पूरी नहीं हो पा रही थी, अब वहीं 600 क्विंटल से ज्यादा खरीद का रिकॉर्ड रोजाना चढ़ाया जा रहा है। जिले के किसान इसे बड़ा खेल बता रहे हैं। खास बात यह कि जितनी खरीद दिखाई जा रही है, उतना ही उठान भी 'फटाफट हो रहा है। न कहीं स्टॉक भर रहा है, न कहीं ढेर बढ़ रहा है। सब कुछ 'पेपर पर परफेक्ट चल रहा हैं। जिससे सवाल उठना लाजिमी हैं।

# पुलिस, बैंक के समन्वय से साइबर ठगी पर मजबूत रोक की तैयारी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




पुलिस लाइन सभागार में मंगलवार को एसपी राजेश द्विवेदी की अध्यक्षता में बैंक शाखा प्रबंधकों के साथ आयोजित साइबर सुरक्षा गोष्ठी में प्रशासन ने साफ संदेश दिया कि लापरवाही की कीमत जनता चुका रही है, अब बैंक भी जवाबदेह होंगे। बढ़ते वित्तीय साइबर अपराधों और म्यूल अकाउंट्स की बाढ़ पर सख्त रुख अपनाते हुए एसपी राजेश द्विवेदी ने कहा कि कई शाखाओं में ऐसे खाते सक्रिय हैं जिनके जरिए ठग पूरे जिले में नेटवर्क फैला रहे हैं, और इसमें कुछ बैंक कर्मचारियों की संदिग्ध भूमिका भी सामने आई है। अधिकारियों को ऐसे कर्मचारियों की पहचान कर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। गोष्ठी में साइबर थाना, साइबर सेल, प्रतिसार निरीक्षक एवं सभी प्रमुख बैंकों के प्रबंधक मौजूद रहे। बैठक में यह बात सामने आई कि समय पर के-वाईसी अपडेट न होना, अधूरे दस्तावेजों के आधार पर खाते खोलना, और संदिग्ध ऑनलाइन के-वाईसी प्रक्रियाएँ साइबर अपराधियों को खुली छूट दे रही हैं। एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पचास हजार रुपये से अधिक की निकासी पर के-वाईसी सत्यापन अनिवार्य किया जाए, पुराने, नए खातों का पुनः सत्यापन कराया जाए और ऑनलाइन खोले गए खातों में टू-स्टेप वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि कई मामलों में अधूरी के-वाईसी के चलते जांच रोकनी पड़ती है, जो बैंक की सीधी लापरवाही है। बैठक में बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े तेजी से बढ़ते साइबर धोखाधड़ी के तरीकों, ओटीपी फ्रॉड, फर्जी के-वाईसी लिंक, फिशिंग, सिम स्वेप, तथा फर्जी बैंक अधिकारी बनकर कॉलकृपर विस्तार से चर्चा हुई। इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर के चौंकाने वाले डेटा भी साझा किए गए, जिसके अनुसार अप्रैल 2021 से दिसंबर 2023 तक देशभर में 10,319 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी दर्ज की जा चुकी है। एसपी ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि एक क्लिक खाता खाली कर सकता है, लेकिन बैंक और पुलिस की संयुक्त जिम्मेदारी है कि जनता को सुरक्षित रखा जाए।

फरियादियों के प्रति व्यवहारिक शालीनता एवं प्रोफेशनल पुलिसिंग पर बल

# एसपी सिटी ने किया आरसी मिशन थाने का निरीक्षण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



एसपी सिटी देवेन्द्र कुमार ने थाना रामचन्द्र मिशन का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अभिलेखों, कार्यप्रणाली, अनुशासन एवं स्वच्छता व्यवस्था देखी।

एसपी सिटी देवेन्द्र कुमार ने थाना रामचन्द्र मिशन का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना स्तर पर संचालित कार्यप्रणाली, अभिलेख संधारण, अपराध नियंत्रण की स्थिति एवं समग्र पुलिस व्यवस्था का गहन अवलोकन एवं मूल्यांकन किया गया। निरीक्षण की शुरुआत अपराध रजिस्टर, अंदरूनी जांच रजिस्टर, जी.डी., चालान व मालखाना अभिलेखों सहित अन्य महत्वपूर्ण रजिस्टरों के परीक्षण से की गई। इसके उपरांत सीसीटीएनएस कक्ष में पंजीकरण गुणवत्ता, डिजिटाइजेशन कार्य एवं ऑनलाइन प्रविष्टियों की प्रगति की समीक्षा की गई। थाना परिसर का निरीक्षण करते हुए एसपी सिटी ने मैस, बैरक, शस्त्रागार, महिला हेल्प डेस्क, महिला सुरक्षा केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क तथा कार्यालय की कार्यप्रणाली एवं स्वच्छता स्थिति का विस्तृत परीक्षण किया। मुकदमों में दाखिल किए गए वाहनों की स्थिति, सुरक्षा एवं उनके सुव्यवस्थित रख-रखाव की भी समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान थाने में साफ-सफाई, शिस्त, अभिलेखों के व्यवस्थित संधारण, समयबद्ध निस्तारण, फरियादियों के प्रति व्यवहारिक शालीनता एवं प्रोफेशनल पुलिसिंग पर विशेष बल देते हुए सभी संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। थाना स्टाफ को जनसाधारण की समस्याओं के त्वरित एवं संवेदनशील निस्तारण, महिला-सुरक्षा से संबंधित मामलों में प्राथमिकता, साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, गश्त, पिकेटिंग में सतर्कता तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रो-एक्टिव पुलिसिंग अपनाने के निर्देश दिए।

# स्वामी असंगानन्द को दी गई श्रद्धांजलि

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



मुमुक्षु शिक्षा संकुल में एक शोकसभा का आयोजन किया गया जिसमें मुमुक्षु आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी असंगानंद सरस्वती जी महाराज को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गई। ज्ञात हो कि स्वामी जी 90 वर्ष की अवस्था में ऋषिकेश के परमार्थ निकेतन में विगत सोमवार को अपरान्ह 1:00 बजे अपने पार्थिव शरीर को त्यागकर ब्रह्मलीन हो गए थे। स्वामी असंगानंद मुमुक्षु आश्रम के अंतर्गत संचालित दैवी संपद संस्कृत ब्रह्मचर्य महाविद्यालय के पुरातन छात्र भी रहे थे। पूज्य स्वामी जी 9 वर्ष की अवस्था में मुमुक्षु आश्रम से जुड़े थे। श्रद्धांजलि सभा में कॉलेज के सचिव प्रो अवनीश मिश्र, प्राचार्य प्रो आर के आजाद, उपप्राचार्य प्रो अनुराग अग्रवाल, डॉ जयशंकर ओझा, डॉ मेघना मेहंदीरत्ता, डॉ अमीर सिंह यादव, डॉ आदेश कुमार पांडेय, प्रो आदित्य कुमार सिंह, प्रो प्रभात शुक्ला, प्रो आलोक मिश्र, प्रो मीना शर्मा, प्रो अजीत सिंह चारग, प्रो कमलेश गौतम, बबिता शर्मा, शोभित अग्रवाल, शिल्पी सक्सेना, डॉ नीरव शाक्य, डॉ अमित यादव, डॉ अनिल कुमार, शिवओम शर्मा सहित मुमुक्षु शिक्षा संकुल की समस्त शिक्षण संस्थाओं- एस एस कॉलेज, विधि महाविद्यालय, स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज, संस्कृत महाविद्यालय एवं श्री शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ के सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

# ग्लोरियस स्कूल में राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया

**सिंधौली-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**





क्षेत्र के मुड़िया मोड़ स्थित ग्लोरियस पब्लिक स्कूल एवं एमए पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया गया। स्कूल प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने कहा कि राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस प्रत्येक वर्ष 2 दिसंबर को बढ़ते प्रदूषण से होने वाली समस्याओं के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है दो दिसंबर 1984 की भोपाल गैस आपदा में मारे गए लोगों की याद में यह दिवस और भी सजगता से रहने की सीख देता है हवा पानी धूल मिट्टी के कणों से सेहत और इकोसिस्टम पर होने वाले खतरनाक प्रभाव से निपटने के लिए जागरूकता आवश्यक है पेड़ लगाकर उन्हें संरक्षित करना कूड़े कचरे को आबादी से दूर रखना भी बहुत आवश्यक है क्योंकि बहुत से शहरों में प्रदूषण का स्तर बहुत ज्यादा है। आयोजक कृष्णपाल गौतम संचालक अब्दुल रहमान खान सोनम मिश्रा मनीषा सिंह नितेश कुमार जैद मंसूरी ने भी अपने विचार व्यक्त कर प्रदूषण नियंत्रण का संदेश दिया छात्र गुफरान खान उजैर अंसारी श्याम अग्निहोत्री अलकमा ने भी प्रदूषण से होने वाली हानियों को विस्तार से बताया सभी विजेता छात्रों को प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने मेडल स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर एमए पब्लिक स्कूल एवं ग्लोरियस माइनॉरिटी पब्लिक स्कूल का समस्त स्टाफ एवं संरक्षिका इरम मंसूरी एवं बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे।

## रेलवे कर्मचारी के आवास की फर्श टूटी, तो निकला कुआं

**रोजा, शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर तैनात हनुमान प्रसाद सिग्नल विभाग में चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी है। हनुमान प्रसाद के आवास संख्या 22 भी में कई दिनों से फर्श टूटा हुआ था। जिसकी शिकायत उसने संबंधित अधिकारियों से की थी। उसके प्रार्थना पत्र पर मजदूर लोग फर्श सही करने के लिए आए और उन्होंने तोड़फोड़ करनी शुरू की। जैसे ही खुदाई की। पूरा फर्श नीचे चला गया और अंदर लगभग 10-12 फीट का कुआं दिखाई दिया। यह देखकर सभी लोग घबरा गए। कर्मचारियों के बच्चे भी घबरा गए कि अगर रात में किसी दिन अंदर फर्श चला जाता तो कोई अनहोनी घटना घट जाती हैं। रेलवे आवास में कुआं देखकर आसपास के लोगों को देखने वालों की भीड़ लग गई। सीनियर सेक्शन इंजीनियर ने बताया काफी पुराने रेलवे आवास बने हुए हैं हो सकता पहले से इसमें कुआं हो इसके अंदर मिट्टी डालकर फर्श तैयार कर दिया जाएगा।

# राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार के पिता का निधन, शोक की लहर

**पुवायां-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**





बीती रात राज्यसभा सांसद मिथलेश कुमार कठेरिया के पिता परागू लाल कठेरिया का निधन हो गया। उनके निधन से शोक की लहर दौड़ गई। वह 103 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव आगौना बुजुर्ग में किया गया। उनको मुख अग्नि उनके छोटे पुत्र पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरजन लाल ने दी। वह अपने पीछे पुत्र राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरजनलाल, पुत्रबधु पूर्व विधायक शकुंतला देवी व ब्लाक प्रमुख नीलम देवी, पौत्र अंकुर कुमार, अजितेंद्र कुमार, अंकित कुमार, नितिन, डॉ सौरभ व पौत्री आघा और परी सहित भरा पूरा संपन्न परिवार छोड़ गए है। उनके अंतिम संस्कार में जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, पूर्व जिला पंचायत वीरेंद्र पाल यादव, व उनके पुत्र अजय प्रताप यादव, एमएलसी डॉ सुधीर गुप्ता, विधायक चेतराम, जलालाबाद विधायक हरिप्रकाश वर्मा, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप पाण्डेय, पूर्व ब्लाक प्रमुख अनुराग सिंह, पूर्व एमएलसी अमित यादव रिंकू, ब्लाक प्रमुख खुटार नमित दीक्षित व उनके पिता रजनीश दीक्षित, पुवायां चेयरमैन संजय गुप्ता, पूर्व चेयरमैन लक्ष्मण गुप्ता, रेखा वर्मा, ब्लाक प्रमुख सिंधौली मुनेश्वर सिंह, मुनेश तिवारी, रामलड़ैते मौर्य, व्यापार मंडल अध्यक्ष के के लील, व्यापार मंडल उपाध्यक्ष मनोज सर्राफ, पुवायां व्यापार मंडल महामंत्री कपिल गुप्ता, राजकमल वाजपेयी, सुरेश वर्मा, महेश शर्मा, गंगाराम मिश्र, मेलामंत्री डॉ राकेश मिश्रा, केम्ब्रिज कान्वेंट स्कूल के डायरेक्टर डॉ रचित अग्रवाल, विनायक अग्रवाल, राजा बरौना, ब्राह्मण महासभा के उपाध्यक्ष राजेश शुक्ला, नौशाद, महेश, रिजवान, सिदेश पांडेय, मुनेश मिश्रा, विजय शंकर अवस्थी, सहित तमाम नेताओं व व्यापारियों ने उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए और शोक व्यक्त किया।

## खबरें एक नजर में

### विवाहिता ने लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

**पुवायां-शाहजहांपुर।** विवाहिता ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पति गोपी, ससुर गिरीश, सास मुन्नी, जेठ विपिन व जेठानी शशि के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की। थाना क्षेत्र के गांव रहदेवा की रुवी पुत्री विद्यासागर ने बताया कि उसकी शादी लगभग तीन वर्ष पूर्व थाना सिंधौली के गांव बरौरा के गोपी के साथ हुई थी। शादी में पिता ने अपनी हैसियत अनुसार दान दहेज भी दिया था। कुछ दिन ठीक-ठाक माहौल रहा। जिसके बाद ससुराल पक्ष के पति समेत सभी परिजन अतिरिक्त दहेज में सोने की चेन, अंगूठी, दो लाख रुपए नगद की मांग करने लगे, कई बार मना कर देने पर ससुराल वाले आए दिन शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करते रहे। जिसके बाद ससुरालिजनों ने घर से निकाल दिया। जिसके बाद पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नही की थी।

### यातायात नियमों के उल्लंघन पर 30 वाहनों के काटे चालान

**पुवायां-शाहजहांपुर।** यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों पर यातायात पुलिस का डंडा चला। ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर मुन्ना लाल यादव और अरविंद कुमार ने मंगलवार को नगर के राजीव चौक पर चेकिंग अभियान चलाया। यातायात पुलिस ने नियमों की अवहेलना करने वालों का चालान किया, बल्कि अधूरे कागजात रखने वालों के भी चालान किए। ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर मुन्ना लाल यादव ने बताया कि 30 वाहनों के चालान किए गए। जिसमें दो पहिया वाहन, चार पहिया वाहन तथा ई रिक्शा आदि के चालान काटे गए। जिसमें बगैर हेलमेट, बिना सीट बेल्ट तथा अधूरे कागजात के चलते चालान काटे गए। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने वाहन चालकों को अपने वाहनों के कागजात पूरे करने, वाहनों के आगे-पीछे नंबर लिखवाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि बिना नंबर लिखे वाहन चालक अधिकतर न केवल घटनाओं को अंजाम देते हैं, बल्कि कानून के नियमों की अवहेलना भी करते हैं।

### हाइवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला गंभीर घायल



**तिलहर, शाहजहांपुर।** नगर में लगने बाली मंगल बाजार जा रही ग्रामीण महिला को हाइवे पर किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। राहगीरों ने सड़क के किनारे करा दिया। पहुंची पुलिस ने महिला को सीएचसी पहुंचाया। जिसे गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मंगलवार को अपरान्ह करीब दो तीन बजे हाइवे पर हिंदुस्तान होटल के समीप एक बुरका नशीन महिला को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।जिससे वह लहूलुहान बेसुध सड़क पर पड़ी देख राहगीरों ने किनारे पटरी पर कर दिया। इसी दौरान कोतवाली की मोबाइल गाड़ी उधर से निकली।भीड़ देख कांस्टेबिल शिवा अत्रि ने तत्काल घायल महिला को सीएचसी पहुंचाया। काफी देर बाद घायल ने टूटी जुवान में खैरपुर गांव , नाम फरहाना और पति का नाम नादिर रजा बताया। खबर मिलने पर महिला का पति नादिर रजा व सीएचसी पहुंचे। नादिर रजा ने बताया कि वह मंगल बाजार से सौदा खरीदने आई थी। हाइवे पर कैसे पहुंच गईं यह उन्हें नहीं पता। होश में आने पर ही घटना की जानकारी हो सकेगी। फिलहाल फरहाना अचेत हो गई हैं। प्राथमिक उपचार देकर हेड इंजरी होने पर उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

# तनवीर खां ने की एडीएम प्रशासन से मुलाकात, समस्याएं बताईं



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत जनपद की सभी छह विधानसभाओं से शिकायतें प्राप्त होने पर 2 दिसंबर को सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने एडीएम प्रशासन, जिला उप निर्वाचन अधिकारी रजनीश मिश्रा से एसआईआर की कई शिकायतों के समाधान के लिए मुलाकात कर अवगत कराया। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा से कहा कि 2003 की जो पहली लिस्ट जारी हुई थी जिसमें सही नहीं दिख रहा था और कहीं-कहीं पर क्रमांक संख्या भी समझ में नहीं आ रही थी और लिस्टो में से क्रमांक संख्या के पेच भी गयव थे जिसकी शिकायत जिलाधिकारी से करने पर अब नई लिस्टे आ गई है जिसमें से लोगों की क्रमांक संख्या चेंज हो गई है और कई लोगों के नाम कट गए हैं जिससे लोगों में भ्रम पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि और कई बूथों से यह भी शिकायत प्राप्त हो रही है कि जिन मतदाताओं का नाम 2003 और 2025 में भी है उनको भी बीएलओ द्वारा फीडिंग के समय (सी) श्रेणी में कर दे रहे हैं उन्होंने कहा की फीडिंग सही से कराई जाए और उनको (ए) श्रेणी में ही रखा जाए। इस पर एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा ने सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान को बताया कि जो फीडिंग 2003 की पहले वाली लिस्टो से भरे जा चुके हैं और जो अब नई वाली 2003 की लिस्टो से फीडिंग हो रही है वह मान्य है और जिन मतदाताओं ने फॉर्म भरे हैं उन सबके नाम लिस्ट में आ जाएंगे। इसमें किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि एसआईआर वाले अपने-अपने फार्म भरवा के जल्द से जल्द जमा कर दें जिससे आपका वोटर लिस्ट में नाम आ सके।

# गंगा एक्सप्रेसवे से लोहे की रेलिंग चोरी



▸ **निर्माण कंपनी के अधिकारी ने दी तहरीर, जांच कर रही पुलिस**

**जलालाबाद-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

गंगा एक्सप्रेस वे किनारे गाँव ढका ताल्लुके उजेरा के पास लगी लोहे की रेलिंग का बड़ा हिस्सा अज्ञात चोर सोमवार रात उखाड़ ले गये। निर्माण कम्पनी की ओर से इसकी शिकायत कोतवाली मे की गई है। पूरे गंगा एक्सप्रेस वे पर गलत तरीके से लोगों के चढ़ने तथा जानवरों का प्रवेश रोकने के लिये लोहे की मजबूत रेलिंग दोनो तरफ लगाई गई है। निर्माण कम्पनी के प्रशासनिक अधिकारी अमन तिवारी ने बताया कि मंगलवार सुबह काम करने गये मजदूरों ने चोरी होने की जानकारी दी। बताया इस करीब 120 मीटर की दूरी के बीच इस रेलिंग (एमबीएसडी क्रास बैरियर स्पेसर) के साथ ही इसके साथ लगे कई बीम भी चोरी हुये हैं। उन्होंने बताया कि चोरी गये सामान की कीमत करीब साढे तीन लाख रुपये के आसपास है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि मामले की जाँच कराई गई है जल्द ही चोरों का पता लगाया जायेगा।

### पूरी तरह से बंद किया गया एक्सप्रेस-वे

कुछ दिन पहले सम्भल मे हुये हादसे के बाद अधिकारियों के निर्देश पर बोल्डर आदि लगाकर एक्सप्रेस वे को आम लोगों के आवागमन के लिये पूरी तरह बंद कर दिया गया है। बता दें कि एक्सप्रेस वे का निर्माण पूरा हो चुका है लेकिन अभी इसके फिनशिंग का काम चल रहा है। औपचारिक रूप से अभी इस एक्सप्रेस वे पर आवागमन भी प्रतिबंधित है लेकिन निर्माण कम्पनी के लोगों व सामान आदि एक्सप्रेस वे पर लाने व ले जाने के लिये विभिन्न रास्ते खुले हुये हैं। इन्ही रास्तों से काफी संख्या में लोग अपने वाहन चढ़ाकर आने जाने लगे हैं। अमन तिवारी ने बताया कि कुछ दिन पहले मुरादाबाद के सम्भल क्षेत्र में एक्सप्रेस वे पर कार और पिकप के बीच हुई टक्कर मे कई लोगों की जान चली गई थी। हादसे के बाद अधिकारियों के निर्देश पर पूरे एक्सप्रेस वे पर चढ़ने उतरने वाले रास्तों को बंद कर दिया गया। बताया कि इस क्षेत्र मे निर्मित एक्सप्रेस वे के डेढ़ किलोमीटर मे चढ़ने व उतरने के सभी वैकल्पिक रास्तों पर बोल्डर लगाकर बंद कर दिया गया है।

## कुरान खानी से शुरू हुआ उर्स-ए-लियाकती

**तिलहर, शाहजहांपुर।** हजरत मौलाना लियाकत हुसैन फाजिले तिलहरी का 28 वां दो दिनी उर्स शरीफ मंगलवार को सुबह कुरान खानी व गुलपोशी के साथ शुरू हुआ। साहिबे सज्जादा हाजी मोहम्मद स्वालेह कादरी उर्फ शद्दन मियाँ ने नगर के मोहल्ला काँकड़ स्थित (मस्जिद व दरगाह शरीफ) पर कुरआन ख्वानी व गुलपोशी की ।बाद नमाज़ इशा रात 9 बजे से जलसा शुरू हुआ। जिसमें मुफ्ती सुल्तान रजा बहराइची, मुफ्ती जीशान रजा कादरी पूरनपुर, मौलाना अशहद रज़ा नात ख्वा पलिया, मौलाना नाज़िम रजा बदायूंनी, अफजल रजा नात ख्वा शमशाबाद, नात ख्वा रिज़वान रजा उड़ीसा, मौलाना अकीलुर्रहमान रज़ा निजामत करेंगे। साहिबे सज्जादा सद्दन मियां ने बताया कि उर्स का कुल बुधवार सुबह 9-45 बजे होगा।

# बैठक में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को बताया

**जैतीपुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



ब्लॉक मुख्यालय पर खंड विकास अधिकारी मनीष दत्त की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की मासिक ब्लॉक टास्क फोर्स समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की गई। योजनाओं के सही ढंग से संचालन माइक्रो प्लान बनाया गया।लक्ष्य निर्धारित कर दिशा निर्देश दिए गए।बैठक में वंचित पात्र परिवारों और 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने पर जोर दिया गया।उन्होंने बैठक में मौजूद पंचायत सहायकों से अधिक से अधिक संख्या में पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने को कहा। बताया कोई भी पात्र लाभार्थी छूटना नहीं चाहिए। वहीं पंचायत सहायक अवनीश कुमार ने बनाए गए आयुष्मान कार्ड के भुगतान का मुद्दा उठाया। खंड विकास अधिकारी ने बीपीएम राशिद खान से जांच कर शीघ्र भुगतान करवाने को कहा। बताया जिन पंचायत सहायकों का भुगतान नहीं मिल पाया है या मिल गया कार्यालय में संपर्क करें।भुगतान के लिए स्वास्थ्य विभाग को पत्र जारी किया जाएग। बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर मो. सज़र, बीपीएम राशिद खान, विश्वनाथ प्रताप सिंह, एडीओ आईएसबी रघुनंदन वर्मा आदि मौजूद रहें।

# नगर निगम में 6 शिकायतों में एक का निस्तारित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर आयुक्त डा. बिपिन कुमार मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को सम्भव के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के जन-सामान्य द्वारा जन-सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा गया। जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं-शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया व जन-समस्याओं का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें। जन-सुनवाई दिवस में 6 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें मौके पर ही 1 शिकायतों का निस्तारण कराया गया। शेष समस्याओं के निस्तारण के लिए त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जन सुनवाई दिवस में अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा.मनोज कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक जल विजय नारायण मौर्य, अधिशासी अभियंता सिविल दिलीप कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# फसल खोदने के पैसे मांगने पर दबंगों ने गाली-गलौज कर पीटा

**शाहजहांपुर।** जिले के जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव दिउरा निवासी वेदपाल सिंह ने थाने में तहरीर देकर मंगलवार दिन के 10:00 बजे बताया उसने पिछली वर्ष गांव निवासी सुरेश की मूंगफली की फसल की खोदाई की थी तब इन्होंने कह दिया था कि पैसे बाद में ले लेना। तब से अभी तक बराबर इसे पैसे मांगते आ रहे हैं लेकिन नहीं दिए। सोमवार को दोबारा सुरेश ने कहा कि मेरी मूंगफली की फसल की खोदाई कर दो मैंने कहा कि पहले के पैसे दे दो उसके बाद मूंगफली की फसल की खोदाई करेंगे इसी बात से नाराज होकर गाली-गलौज शुरू कर दिया जब गलियों का विरोध किया तभी अपने साथियों के साथ लाठी डंडों से पिटाई शुरू कर दी जिससे मेरा सर फट गया और शरीर में काफी जगह गंभीर गुम चोटें आई पीड़ित ने कोतवाली जलालाबाद में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाली जलालाबाद की पुलिस ने बताया प्रार्थना पत्र लेने के बाद घायल व्यक्ति को मेडिकल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया।

### जानलेवा हमले का आरोप

**तिलहर-शाहजहांपुर।** खेत पर गाड़ी में गन्ना भरवाते समय महिला व उसके दो बेटों पर जान लेवा हमले का आरोप लगाते हुए महिला ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तीनों का सीएचसी भेजकर चिकित्सा परीक्षण कराया। कोतवाली क्षेत्र के गांव भूडेली निवासी आशाराम की पत्नी सोन तारा ने पुलिस को बताया कि सोमवार को शाम करीब पांच बजे वह व उसके दोनों बेटे अमित व अजय खेत में गन्ना गाड़ी में भर रहे थे। आरोप है कि गांव के दबंगों ने उन तीनों पर लाठी डंडे व बांका से हमला कर दिया। पुलिस ने तीनों का चिकित्सा परीक्षण कराया।

# ऑपरेशन के बाद प्रसूता की मौत, सड़क पर उतरे परिजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

▸ **डाक्टरों पर लापरवाही का आरोप, सामान्य प्रसव का भरोसा, फिर आपरेशन**

चौक कोतवाली क्षेत्र के अजीजगंज स्थित सत्यानंद अस्पताल में मंगलवार सुबह ऑपरेशन के बाद 24 वर्षीय प्रसूता की संदिग्ध मौत ने निजी अस्पतालों की मनमानी और लापरवाही का काला सच उजागर कर दिया। चमचमाती इमारतें, भारी फीस और बड़े-बड़े दावों के बीच हुई इस घटना के बाद परिजन सड़क पर उतर आए और अस्पताल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। हनुमतधाम निवासी किरन को सोमवार दोपहर प्रसव पीड़ा होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने परिजनों को स्पष्ट कहा था कि प्रसव सामान्य होगा, इसलिए परिवार पूरी रात अस्पताल में इंतजार करता रहा। लेकिन मंगलवार सुबह अचानक डॉक्टरों ने ऑपरेशन की बात कहकर ब्लड की एक यूनिट तुरंत मंगाने को कहा। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों ने बिना तैयारी और पूरी जल्दबाजी में ऑपरेशन कर दिया। ऑपरेशन के बाद कुछ ही देर में किरन की हालत लगातार बिगड़ती चली गई। परिजन बताते हैं कि ऑपरेशन के बाद किरन को आईसीयू में ले जाया गया, लेकिन किसी को भी अंदर जाने नहीं दिया गया। कई बार आग्रह करने पर भी स्टाफ टालता रहा। इसी दौरान परिजनों ने देखा कि किरन का शरीर नीला पड़ चुका था और कोई हलचल नहीं थी। परिजनों के मुताबिक डॉक्टरों ने काफी देर बाद उन्हें बताया कि किरन की मौत हो चुकी है। इस सूचना के बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने अस्पताल के बाहर सड़क पर जाम लगा दिया। करीब आधे घंटे तक दोनों ओर लंबी कतारें लगी रहीं और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रशासन अपनी लापरवाही छिपाने की कोशिश कर रहा है और कोई भी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। परिजनों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। सूचना पर चौक कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाने तथा कार्रवाई का भरोसा देने के बाद जाम खुलवाया। पुलिस परिजनों और अस्पताल प्रशासन के बीच वार्ता कराने में लगी हुई है। घटना के बाद लोग कह रहे हैं कि निजी अस्पताल मनमर्जी से ऑपरेशन थोपते हैं, भारी पैसे लेते हैं और गलती होने पर जिम्मेदारी से बच निकलते हैं।

## विचारों का संघर्ष व आहत होती आत्मा

आज का समय सामान्य नहीं है। यह ऐसा काल है जब युद्ध धरती पर नहीं, बल्कि मानव-चेतना के भीतर चल रहा है। यह शस्त्रों का संघर्ष नहीं, विचारों का संघर्ष है। इसमें रक्त भले न बहे, पर समाज की आत्मा अवश्य आहत होती है। बाहर कोई शोर नहीं उठता, लेकिन भीतर की चुप्पी में विभाजन की प्रतिध्वनि लगातार गहराती जाती है। यह लड़ाई किसी बाहरी शत्रु के विरुद्ध नहीं, बल्कि मनुष्य को मनुष्य से, समाज को समाज से और व्यक्ति को स्वयं से अलग करने की सुविचारित प्रक्रिया है, जिसे वामपंथी मानसिकता और उसके सांस्कृतिक रूप के माध्यम से आगे बढ़ाया जा रहा है। वामपंथी रणनीति का मूल सिद्धांत संघर्ष है। व्यक्ति को उसकी पहचान के आधार पर बांट दो और फिर उन खांचों में शत्रुता का बीज बो दो। जब मनुष्य अपने को अलग समझने लगता है, तब समुदाय की शक्ति टूटने लगती है। समुदाय के कमजोर पड़ते ही समाज की संरचना डगमगाने लगती है और जब समाज कमजोर होता है तब संस्कृति धीरे-धीरे ढहने लगती है। यही कारण है कि यह वैचारिक युद्ध सबसे पहले धर्म, संस्कृति, परिवार, उत्सव, आश्रम, गुरुकुल और परंपरागत सामाजिक संस्थाओं को निशाना बनाता है। पहले इनका उपहास किया जाता है, फिर उनकी उपयोगिता पर प्रश्न उठाए जाते हैं और अंत में इनके विपरीत मूल्यों का महिमामंडन किया जाता है। जब मनुष्य अपनी जड़ों पर संदेह करने लगता है, तभी उसकी पहचान सबसे अधिक कमजोर हो जाती है। इसी प्रक्रिया से एक अत्यंत खतरनाक वैचारिक औजार उभरा, जिसे द्विआधारी सिद्धांत कहा जाता है। इसका उद्देश्य हर स्थान पर दो विरोधी खेमे खड़े करना है। राम और रावण, दुर्गा और महिषासुर, ब्राह्मण और अब्राह्मण, संपन्न और विपन्न, पुरुष और स्त्री, मालिक और मज़दूर। जब समाज स्वयं को दो टकराते धड़ों में देखने लगता है, तब संवाद समाप्त होता है और संघर्ष प्रारम्भ होता है। यही संघर्ष सत्ता-चिंतन के लिए सबसे प्रभावी औजार बन जाता है। पहचान-राजनीति इसी मानसिकता का विस्तार है। पश्चिम में इसका रूप नस्ली आलोचनात्मक सिद्धांत के रूप में प्रकट हुआ, जिसने कहा कि श्वेत जन्म से शोषक और अश्वेत जन्म से शोषित। भारत में इसी विचार को जाति-नस्ल सिद्धांत के रूप में लागू करने का प्रयास हुआ। इसमें प्रचारित किया गया कि ब्राह्मण जन्म से अपराधी और दलित, पिछड़ा, आदिवासी जन्म से पीड़ित। जबकि भारत का इतिहास बताता है कि जाति-आधारित कठोरता कुछ सीमित उदाहरणों का परिणाम थी, न कि संपूर्ण समाज का स्वभाव। किंतु विचारधारा ने कुछ अपवादों को ही सम्पूर्ण समाज का स्थायी चेहरा घोषित कर दिया और संवाद के स्थान पर प्रतिशोध को महत्व देने लगा। दुख को मिटाने के बजाय दुख को पहचान और राजनीति का आधार बना देना अत्यंत घातक परिवर्तन था। जब जाति का आख्यान कमजोर पड़ने लगा, तब संघर्ष के लिए नया क्षेत्र तैयार किया गया, जिसे लिंग-युद्ध का नाम दिया गया। प्रकृति में तीन प्रकार के लिंग हैं पुरुष, स्त्री और उभयलिंगी। लेकिन विचारधारा ने घोषित किया कि लिंग कोई जैविक सत्य नहीं, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक निर्माण है। देखते-देखते विश्व में सैकड़ों नई लिंग-पहचानें गढ़ दी गईं, जिनसे युवा पीढ़ी अपनी ही प्रकृति को लेकर भ्रमग्रस्त होने लगी।

# विश्व को चौंकाती भारत की आर्थिक विकास दर

**प्रहलाद सबनानी**

वित्तीय वर्ष 2025-26 की द्वितीय तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 5.6 प्रतिशत रही थी। विशेष रूप से विनिर्माण एवं सेवा के क्षेत्र में वृद्धि दर अतुलनीय है। विनिर्माण के क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय तिमाही में 2.2 प्रतिशत की वृद्धि दर रही थी जो वर्ष 2025-26 की द्वितीय तिमाही में बढ़कर 9.1 प्रतिशत की हो गई है। इसी प्रकार, सेवा क्षेत्र में भी वृद्धि दर 9.2 प्रतिशत की रही है। वित्तीय, रियल एस्टेट एवं प्रोफेशनल सेवाओं में तो वृद्धि दर बढ़कर 10.2 प्रतिशत (पिछले वर्ष इसी अवधि में 7.2 प्रतिशत) एवं जन प्रशासन, डिफेंस एवं अन्य सेवाओं में वृद्धि दर 9.7 प्रतिशत (पिछले वर्ष 8.9 प्रतिशत) की रही है। व्यापार, होटल, यातायात एवं कम्यूनिकेशन में भी वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत (पिछले वर्ष 6.1 प्रतिशत)।

केंद्र सरकार के उपक्रमों एवं डिफेन्स के क्षेत्र में भी 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। कृषि क्षेत्र में जरूर वृद्धि पिछले वर्ष 4.1 प्रतिशत की तुलना में इस वर्ष घटकर 3.5 प्रतिशत हो गई है एवं कन्स्ट्रक्शन क्षेत्र में भी वृद्धि दर पिछले वर्ष 8.4 प्रतिशत की तुलना में इस वर्ष घटकर 7.2 प्रतिशत रही है। जैसे ही वित्तीय वर्ष 2025-26 की द्वितीय तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़े जारी हुए कुछ मूर्धन्य पत्रकार तुरन्त अपने आकलन के साथ मीडिया में उपस्थित हो गए एवं अपनी प्रतिक्रिया में यह बताने का प्रयास करने लगे कि भारत की आर्थिक विकास दर तो इतनी तेज गति से आगे बढ़ ही नहीं सकती। क्योंकि, वैश्विक स्तर पर इतनी विपरीत परिस्थितियों के बीच एवं विकसित देशों में विकास की धीमी दर एवं कुछ देशों में तो विकास दर के ऋणात्मक रहने के चलते ओईसीडी देशों की आर्थिक विकास दर 2 प्रतिशत के भी नीचे है। भारत की आर्थिक विकास दर 8 प्रतिशत के ऊपर कैसे रह सकती है। साथ ही, विभिन्न वित्तीय संस्थानों यथा, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, एशियाई विकास बैंक, विश्व व्यापार संगठन के साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक ने भी वित्तीय वर्ष 2025-26 की द्वितीय तिमाही में भारत की आर्थिक विकास दर को 7 प्रतिशत के आसपास रहने का अनुमान जताया था। फिर, भारत की आर्थिक विकास इस अवधि में 8.2 प्रतिशत कैसे रह सकती है?




**हाल ही के समय में केंद्र सरकार ने भारत में आर्थिक क्षेत्र को मजबूत बनाने के उद्देश्य से वित्तीय क्षेत्र में कई सुधार कार्यक्रम लागू किए हैं। इन सुधार कार्यक्रमों का असर अब भारत की आर्थिक विकास दर में तेजी के रूप में दिखाई देने लगा है। आयकर की सीमा को बढ़ाकर 12 लाख रुपए प्रति वर्ष कर दिया गया है और इसे वित्तीय वर्ष 2025-26 में लागू किया जा चुका है। भारत में 95 प्रतिशत से अधिक उत्पादों पर वस्तु एवं सेवा कर की दरों को (लगभग 10 प्रतिशत तक) कम कर दिया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा ब्याज दरों (रेपो दर) में एक प्रतिशत की कटौती की जा चुकी है एवं दिसम्बर 2025 माह में 25 आधार बिंदुओं की एक और कटौती की सम्भावना व्यक्त की जा रही है।**

हाल ही के समय में केंद्र सरकार ने भारत में आर्थिक क्षेत्र को मजबूत बनाने के उद्देश्य से वित्तीय क्षेत्र में कई सुधार कार्यक्रम लागू किए हैं। इन सुधार कार्यक्रमों का असर अब भारत की आर्थिक विकास दर में तेजी के रूप में दिखाई देने लगा है। आयकर की सीमा को बढ़ाकर 12 लाख रुपए प्रति वर्ष कर दिया गया है और इसे वित्तीय वर्ष 2025-26 में लागू किया जा चुका है। भारत में 95 प्रतिशत से अधिक उत्पादों पर वस्तु एवं सेवा कर की दरों को (लगभग 10 प्रतिशत तक) कम कर दिया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा ब्याज दरों (रेपो दर) में एक प्रतिशत की कटौती की जा चुकी है एवं दिसम्बर 2025 माह में 25 आधार बिंदुओं की एक और कटौती की सम्भावना व्यक्त की जा रही है।

केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा भारत की मातृशक्ति के बैंक खातों, किसानों के बैंक खातों एवं गरीब वर्ग के बैंक खातों में सीधे ही सहायता की राशि जमा की जा रही है। साथ ही, भारत के लगभग 65 करोड़ नागरिकों को मुफ्त अनाज प्रति माह उपलब्ध कराया जा रहा है। उक्त उपायों का स्पष्ट असर यह हो रहा है कि भारत के दूर दराज इलाकों में निवासरत गरीब वर्ग के हाथों में सीधे पैसा पहुंच रहा है, जिससे उनकी क्रय शक्ति बढ़ रही है एवं वे इस पैसे से कई प्रकार के उत्पादों का सेवन करने लगे हैं और जिससे अंततः देश में इन उत्पादों की मांग में भारी वृद्धि दृष्टिगोचर हुई है। भारत में निजी उपभोग भी वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय तिमाही के 4.2 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में वित्तीय वर्ष 2025-26 की द्वितीय तिमाही में 8 प्रतिशत से बढ़ा है।

साथ ही केंद्र सरकार के पूंजीगत खर्चों में भी 31 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है, जिससे रोजगार के नए अवसर निर्मित हुए हैं एवं उत्पादों की मांग में वृद्धि दर्ज हुई है। उक्त कारणों के साथ ही, भारत में धार्मिक पर्यटन में भी भारी वृद्धि हुई है। अब, कई श्रद्धालु परिवार भारत के अयोध्या में प्रभु श्रीराम के नवनिर्मित मंदिर के दर्शन हेतु प्रति माह लाखों की संख्या में पहुंच रहे हैं। इसी प्रकार, वाराणसी स्थित भगवान भोलेनाथ मंदिर, उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर, जम्मू में माता वैष्णो देवी मंदिर, दक्षिण में भगवान तिरुपति बालाजी मंदिर, ओड़िसा के पुरी में स्थित मंदिर, उत्तराखंड स्थित गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ मंदिर, बद्रीनाथ मंदिर आदि मंदिरों में लाखों की संख्या में श्रद्धालु भगवान के दर्शन करने हेतु पहुंच रहे हैं। हाल ही में प्रयागराज में सम्पन्न हुए कुम्भ के मेले में तो 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु देश विदेश से पवित्र त्रिवेणी में स्नान करने हेतु पहुंचे थे। इसी प्रकार, भारत की एक और विशेषता है कि यहां विभिन्न त्यौहारों को बड़े ही उत्साह से भाई-चारे के साथ मनाया जाता है। दीपावली का पावन पर्व एवं दीपावली के आसपास के समय में कई त्यौहार श्रद्धापूर्वक मनाए जाते हैं एवं इन त्यौहारों पर समाज में परिवारों द्वारा लाखों करोड़ रुपए खर्च किए जाते हैं। इस वर्ष एक आकलन के अनुसार दीपावली के पावन पर्व एवं दीपावली के समय के आसपास के समय में मनाए गए विभिन्न त्यौहारों पर 6 लाख करोड़ रुपए के विभिन्न उत्पादों की बिक्री भारत में हुई है। फिर, शादियों का मौसम भी प्रारम्भ होता है जिसमें करोड़ों की संख्या में विवाह समारोह सम्पन्न होते हैं, इन विवाह समारोहों में भी लाखों करोड़ रुपए का खर्च भारतीय समाज द्वारा किया जाता है। इन कारणों के चलते भी भारत में हाल ही के समय में उत्पादों की मांग में भारी वृद्धि दर्ज हुई है। जिससे, अंततः इन उत्पादों का निर्माण भी भारत में होने लगा है तथा विनिर्माण के क्षेत्र में 9.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

## विचार

# घुसपैठ व शरणार्थी समस्या पर अमेरिका की दोहरी नीति

**रमेश शर्मा**



**थर्ड-वर्ल्ड के रूप में अफ्रीका, एशिया, लैटिन अमेरिका और मध्य एशिया के देश माने जाते हैं। यूएससीआईएस ने 19 देशों की एक सूची भी जारी की है। इनमें अफगानिस्तान, बर्मा, चाड, कांगो गणराज्य, इक्वेटोरियल गिनी, इरिट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान, यमन, बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेजुएला हैं। इन देशों में विकास की गति धीमी है। यहां के नागरिक अपनी गरीबी और बेरोजगारी दूर करने केलिये अन्य देशों में जाते हैं। अमेरिका उनकी पहली प्राथमिकता होता है। ट्रंप ने इन देशों के नागरिकों को अमेरिका के लिये चिंताजनक माना है। इनको अपने यहां से निकालने की तैयारी भी कर ली है।**

घुसपैठ और शरणार्थी समस्या पर अमेरिका की दोहरी नीति सामने आई है। संयुक्त राज्य नागरिकता और आव्रजन सेवाएं (यूएससीआईएस) ने 19 देशों के सभी नागरिकों को अपने देश से निकालने का अभियान छेड़ दिया है। यूएससीआईएस अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) की एक एजेंसी है। यह देश में नागरिकता और आव्रजन प्रणाली का प्रबंधन करती है। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर संयुक्त राज्य अमेरिका आयोग (यूएससीआईआरएफ) ने भारत में शरणार्थियों की पहचान करने की कार्रवाई पर कड़ा विरोध जताया है और उन्हें भारत में ही बसाने का दबाव भी बनाया है। नवंबर में अमेरिका से आए दो समाचार विश्व मीडिया में सुर्खियां बने। एक समाचार नवंबर के अंतिम सप्ताह का है। इसमें कहा गया कि यूएससीआईएस ने 19 देशों के नागरिकों को अमेरिका से निकालने की कार्रवाई तेज करने की है। यह संस्था अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस घोषणा के बाद सक्रिय हुई जिसमें कहा गया कि वे 'थर्ड वर्ल्ड कंट्रीज' से आने वाले शरणार्थियों को हमेशा के लिए रोक देंगे, और जो आ गये हैं उन्हें अमेरिका से बाहर करेंगे।


थर्ड-वर्ल्ड के रूप में अफ्रीका, एशिया, लैटिन अमेरिका और मध्य एशिया के देश माने जाते हैं। यूएससीआईएस ने 19 देशों की एक सूची भी जारी की है। इनमें अफगानिस्तान, बर्मा, चाड, कांगो गणराज्य, इक्वेटोरियल गिनी, इरिट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान, यमन, बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेजुएला हैं। इन देशों में विकास की गति धीमी है। यहां के नागरिक अपनी गरीबी और बेरोजगारी दूर करने केलिये अन्य देशों में जाते हैं। अमेरिका उनकी पहली प्राथमिकता होता है। ट्रंप ने इन देशों के नागरिकों को ÷अमेरिका के लिये चिंताजनक÷ माना है। इनको अपने यहां से निकालने की तैयारी भी कर ली है। इसकी तैयारी तो जून 2025 से ही हो रही थी लेकिन हाल ही दो अमेरिकी सैनिकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद प्रशासन ने यह काम अपनी पहली प्राथमिकता में ले लिया है। यह हमलावर अफगानिस्तानी नागरिक रहमनुल्लाह लाकनवाल था। इसे गिरफ्तार कर लिया गया। इस हमले में अमेरिकी नेशनल गार्ड्स के एक सैनिक की मृत्यु हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हुआ था। इस हमले के बाद राष्ट्रपति ने इन देशों से अमेरिका आने वाले नागरिकों पर तीखी टिप्पणी की। राष्ट्रपति की इस घोषणा के बाद यूएससीआईएस के निदेशक जो एडलो ने कहा कि राष्ट्रपति के निर्देश पर यह जांच 'पूरी तरह कठोर और फुल-स्केल' होगी। एक ओर अमेरिकी राष्ट्रपति यह खुली घोषणा कर रहे हैं कि जो लोग अमेरिका से प्यार नहीं करते उन्हें निकाला जायेगा वहीं अमेरिकी सरकार की ही एक अन्य संस्था यूएससीआईआरएफ भारत में घुसपैठियों की जांच पर आपत्ति जता रही है। यह संस्था अमेरिका सहित संसार के विभिन्न देशों में धार्मिक की स्वतंत्रता के सार्वभौमिक अधिकार पर अपनी रिपोर्ट तैयार करती है। वार्षिक रिपोर्ट के अतिरिक्त भी समय-समय पर इसके पदाधिकारियों की टिप्णियां आती हैं। संस्था ने इसवर्ष अपनी रिपोर्ट भारत-मुस्लिम समाज पर केंद्रित की है और बहुसंख्यक हिन्दुओं एवं भारत सरकार पर मुसलमानों को धार्मिक आधार पर उत्पीड़ित करने का आरोप लगाया है। इस रिपोर्ट में नागरिकता के सत्यापन और घुसपैठियों को बाहर करने की कार्रवाई को मुसलमानों के धार्मिक अधिकार से जोड़कर तीखी आलोचना की गई है। रिपोर्ट में भारतीय सुरक्षा एजेंसीज की आतंकवादियों और अपराधियों पर की जाने वाली कार्रवाई को भी मुसलमानों के धार्मिक अधिकार से जोड़कर आपत्तिजनक माना गया है। दुनिया के किसी भी देश में अपराधी अथवा आतंकवादी को धार्मिक आधार पर बचाव नहीं किया जाता। अमेरिका में भी नहीं। लेकिन भारत में अपराधी के धार्मिक और मानवाधिकार दिखते हैं। भारत में एक भी ऐसी घटना नहीं घटी जहां बहुसंख्यक समाज ने किसी अल्पसंख्यक को धार्मिक आधार पर उत्पीड़ित किया हो। यहां तो इसके बिलकुल विपरीत होता है। धार्मिक आधार पर बहुसंख्यकों पर हमले होते हैं।

## सपा सांसद जया बच्चन के बिगड़े बोल

**प्रियंका कौशल**

समाजवादी पार्टी की एक सांसद हैं जया बच्चन। देश में जाना पहचाना नाम है। हिंदी फिल्मों की अभिनेत्री हैं। पति अमिताभ बच्चन भी अभिनेता हैं। देश के प्रसिद्ध कवि, राज्यसभा सदस्य रहे पद्मविभूषण स्वर्गीय हरिवंश राय श्रीवास्तव (बच्चन) की बहू हैं। पिछले कुछ वर्षों से अपनी तुनक मिजाजी के कारण चर्चा में रहने वाली जया बच्चन ने एक विवादित बयान दिया है। उनका कहना है कि वे कभी नहीं चाहेंगी कि उनकी पोती विवाह करे। विवाह उनके लिए पुराना कॉन्सेप्ट है। जया बच्चन यहीं नहीं रुकीं, उन्होंने कहा कि उनकी पोती को अपने जीवन को एन्जॉय करना चाहिए।

जया बच्चन ये बात बरखा दत्त के शो वी द वीमेन में कही। ये वही बरखा दत्त है, जिनपर भ्रष्टाचार के आरोप लग चुके हैं। जो नीरा राडिया टेप विवाद में फंसी थीं, जो 2-जी स्पेक्ट्रम घोटाला मामले से जुड़ा था। आयकर विभाग ने जब नीरा राडिया के फोन टैप किए, तो उसमें से बरखा दत्त और नीरा राडिया के बीच कॉर्पोरेट लॉबिस्टों और कांग्रेसी राजनेताओं के बीच संबंध और राजा की दूरसंचार मंत्री के रूप में नियुक्ति को प्रभावित करने की बातचीत सामने आई थी। साथ ही मुम्बई में 26/11 के आतंकी हमलों में अपनी रिपोर्टिंग से सेना के गोपनीय मूवमेंट का खुलासा करने पर लताड़ी गयी थी। ख़ैर, अभी बात जया बच्चन की, तो जब जया बच्चन विवाह जैसे पवित्र संस्कार पर मुंह बिचकाकर बात करती हुई नजर आती हैं, तो उनका असल चेहरा सामने आता है। उनकी बुद्धि पर तरस भी आता है। एक हिन्दू परिवार में जन्म लेने के बाद जया बच्चन विवाह को ÷कॉन्सेप्ट÷ शब्द से जोड़कर एक भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही हैं। साथ ही नई पीढ़ी की लड़कियों के सामने वामपंथी और पाश्चात्य नैरेटिव सेट करने की कोशिश भी करती दिखाई देती हैं। दरअसल जया बच्चन विवाह का निकाह, मैरिज जैसे शब्दों के साथ घालमेल करने की नाकाम कोशिश कर रही हैं। पहले फिल्मों में उनके पति अमिताभ बच्चन 786, दरगाह, मस्जिद, हज को ग्लोरीफाई करते नजर आते थे। हिन्दू देवी-देवताओं के सामने आज खुश तो बहुत होंगे तुम जैसे सलीम-जावेद द्वारा लिखित स्तरहीन डायलॉग बोलते दिखाई देते थे। मंदिर का बहिष्कार करना और चर्च, क्रॉस, दरगाह और 786 नम्बर को प्रमोट करना उनकी हर फिल्म की स्क्रिप्ट में अनिवार्य रूप से होता ही था। अब उनकी पत्नी समाजवादी पार्टी की नेता बनकर उसी लाइन को बढ़ाने में लगी हैं। हिंदू धर्म में चार पुरुषार्थ बताए गए हैं, धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष। विवाह संस्कार का उद्देश्य काम नामक पुरुषार्थ को पूरा करना और फिर धीरे-धीरे मोक्ष की ओर बढ़ना है। स्त्री और पुरुष के जीवन में कई महत्वपूर्ण बातें विवाह से जुड़ी होती हैं, जैसे सन्तान को जन्म देकर अपने वंश को बढ़ाना और पितृ ऋण से मुक्त होना। जीवन की विभिन्न सुखद घटनाओं का साक्षी बनना, गृहस्थ आश्रम को स्थापित करना, सामाजिक स्थिति और समृद्धि को प्राप्त करना इत्यादि। विवाह के बाद कई नए संबंधों द्वारा स्नेह और आदर दोनों प्राप्त करना। अपने घर के वरिष्ठजनों के अनुभव से जीवन मे सफलता पाना। अपनी सन्तति को संस्कारित करना, उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाना। घर के बड़े बूढ़ों की सेवा सुश्रुषा करना। हमारे समाज में विवाहित स्त्री को आदर के साथ देखा जाता है। माथे पर कुमकुम लगाए, गले में मंगलसूत्र, हरी-लाल चूड़ियां, बिछिया और छह या नौ गज की साड़ी पहने स्त्री को देखकर देखने वाले के मन में उसके प्रति स्वतः ही आदर उत्पन्न होता है। विवाह के पश्चात् पत्नी, पुत्रवधू, मौसी, ननद आदि संबंधों के कारण स्त्री को स्वतः ही सम्मानजनक स्थान प्राप्त होता है। कोई भी स्त्री पत्नी और माता के रूप में घर, परिवार व समाज में उच्च स्थान प्राप्त करती है। शास्त्रों के विधि विधान के अनुसार विवाहित पुरुष पत्नी की अनुपस्थिति में यज्ञ, हवन जैसे धार्मिक संस्कार नहीं कर सकते। धार्मिक कार्यों में भी उनकी उपस्थिति महत्वपूर्ण होती है। कई रीति रिवाज, पूजा पाठ विवाहित स्त्रियों के बिना संपन्न नहीं होते।



## राशिफल

**मेषः-** कोई छोटी बात भी परिवार कें तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगी। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**बृषभः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व बुद्धिजीवियो से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुनः-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छबि बनावें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओ की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्कः-** भविष्य के प्रति मन में चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का ठीक डंग से निर्वहन् करें।

**सिंहः-** पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी। स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति ध्यान देवें।

**कन्याः-** छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्धेलित मन सगे-संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा।

**तुलाः-** वक्त के साथ समझौता कर चलने की चेष्ठा करें। अपने कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझे और अपने को उसी दिशा की ओर केंद्रित करें। रोजगार में अपनी क्षमता का पूर्ण लाभ उठाएंगे।

**वृश्चिकः-** जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंधी से बिशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनुः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे।

**मकरः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**कुंभः-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीनः-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित

# समाज को बदलना होगा दिव्यांगों के प्रति नजरिया

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**(03 दिसंबर /अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर विशेष)**

**सरकारी स्तर पर भी कागजी कार्रवाई ज्यादा हुई है। धरातल पर आज भी दिव्यांगों की स्थिति दयनीय है। समाज में उनका मजाक उड़ाया जाता है। ऐसी ही एक घटना से नाराज होकर कुछ दिनो पूर्व देश के उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार से दिव्यांगों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी से निपटने के लिए कड़े कानून बनाने पर विचार करने को कहा। न्यायालय ने एसएमए क्योर फाउंडेशन की याचिका पर सुनवाई करते हुये केंद्र सरकार से दिव्यांगों और दुर्लभ आनुवंशिक विकारों से ग्रस्त व्यक्तियों का उपहास करने वाली अपमानजनक टिप्पणियों को अनुसूचित जाति-अनुसूचित जन जाति अधिनियम की तर्ज पर दंडनीय अपराध बनाने के लिए एक कानून बनाने को कहा है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अभद्र, आपत्तिजनक और अवैध सामग्री को नियंत्रित करने के लिए एक तटस्थ, स्वतंत्र और स्वायत्त निकाय की आवश्यकता है।**

तीन दिसंबर को देश-दुनिया में अंतराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया जाता है। आजादी के 78 वर्ष बाद भी देश में दिव्यांगों की स्थिति में सुधार नहीं हुआ हैं। दिव्यांग लोग आज भी समाज में बराबरी के अधिकारों के लिये संघर्षरत हैं। सरकारी स्तर पर भी कागजी कार्रवाई ज्यादा हुई है। धरातल पर आज भी दिव्यांगों की स्थिति दयनीय है।

समाज में उनका मजाक उड़ाया जाता है। ऐसी ही एक घटना से नाराज होकर कुछ दिनो पूर्व देश के उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार से दिव्यांगों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी से निपटने के लिए कड़े कानून बनाने पर विचार करने को कहा। न्यायालय ने एसएमए क्योर फाउंडेशन की याचिका पर सुनवाई करते हुये केंद्र सरकार से दिव्यांगों और दुर्लभ आनुवंशिक विकारों से ग्रस्त व्यक्तियों का उपहास करने वाली अपमानजनक टिप्पणियों को अनुसूचित जाति-अनुसूचित जन जाति अधिनियम की तर्ज पर दंडनीय अपराध बनाने के लिए एक कानून बनाने को कहा है।

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अभद्र, आपत्तिजनक और अवैध सामग्री को नियंत्रित करने के लिए एक तटस्थ, स्वतंत्र और स्वायत्त निकाय की आवश्यकता है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने इस बारे में न्यायालय को सूचित किया कि सरकार में कुछ दिशा-निर्देश बनाने पर विचार हो रहा है। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हास्य किसी की गरिमा की कीमत पर नहीं हो सकता। याचिका में इंडियाज गॉट लेटेंट के होस्ट समय रैना और सोशल मीडिया पर प्रभावशाली लोगों, विपुन गोयल, बलराज परमजीत सिंह घई, सोनाली ठक्कर और निशांत जगदीश तंवर के चुटकुलों की निंदा की गई थी। अदालत ने उन्हें भविष्य में अपने आचरण के प्रति सावधान रहने का निर्देश दिया। न्यायालय ने हास्य कलाकार रैना और अन्य को दिव्यांग व्यक्तियों, विशेष रूप से स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी से पीड़ित लोगों के इलाज के लिए धन जुटाने के लिए दिव्यांग व्यक्तियों की सफलता की कहानियों पर प्रत्येक माह दो कार्यक्रम या शो आयोजित करने का भी निर्देश दिया। अंतराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर इस वर्ष का विषय है सामाजिक प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए विकलांगता समावेशी समाजों को बढ़ावा देना। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1992 में हर वर्ष 3 दिसंबर को अंतरग्राष्ट्रीय विकलांग दिवस के रूप में मनाने घोषणा की थी। तब से सरकार ने देश में दिव्यांगो के लिए कई नीतियां बनाई हैं। उन्हें सरकारी नौकरियों, अस्पताल, रेल, बस सभी जगह आरक्षण प्राप्त है। दिव्यांगो के लिए सरकार ने पेंशन की योजना भी शुरू की है। लेकिन ये सभी सरकारी योजनाएं महज एक मजाक बनकर रह गई हैं। इनके पास इन सुविधाओं को हासिल करने के लिए दिव्यांगता का प्रमाणपत्र ही नहीं है। इसको मनाने का उद्देश्य समाज के सभी क्षेत्रों में दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों को बढ़ावा देना और राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन में दिव्यांग लोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। मगर आज भी लोगों को तो इस बात का भी पता ही नहीं होता है कि हमारे आस-पास कितने दिव्यांग रहतें हैं। उन्हे समाज में बराबरी का अधिकार मिल रहा है कि नहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि शारीरिक रूप से अशक्त लोगों के पास एक 'दिव्य क्षमता' है और उनके लिए 'विकलांग' शब्द की जगह दिव्यांग शब्द का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने विकलांगों को दिव्यांग कहने की अपील की थी। जिसके पीछे उनका तर्क था कि शरीर के किसी अंग से लाचार व्यक्तियों में ईश्वर प्रदत्त कुछ खास विशेषताएं होती हैं। विकलांग शब्द उन्हे हतोत्साहित करता है। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर देश के लोगों ने विकलांगो को दिव्यांग तो कहना शुरू कर दिया लेकिन लोगों का उनके प्रति नजरिया आज भी नहीं बदल पाया है। दुनिया में अनेकों ऐसे उदाहरण हैं जो बताते है कि सही राह मिल जाये तो अभाव एक विशेषता बनकर सबको चमत्कृत कर देती है। भारत में दिव्यांगो की मदद के लिए बहुत सी सरकारी योजनाएं संचालित हो रही हैं। लेकिन इतने वर्षो बाद भी देश में आज तक आधे दिव्यांगो को ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र मुहैया कराया जा सका है। शक्तिशाली शासक तैमूर लंग हाथ और पैर से शक्तिहीन था। मेवाड़ के राणा सांगा तो बचपन में ही एक आंख गंवाने तथा युद्ध में एक हाथ एक पैर तथा 80 घावों के बावजूद कई युद्धों में विजेता रहे थे। सिख राज्य की स्थापना करने वाले महाराजा रणजीत सिंह की एक आंख बचपन से ही खराब थी। सुप्रसिद्ध नृत्यांगना सुधा चंद्रन की दायीं टांग नहीं थी। फिल्मी गीतकार कृष्ण चंद्र डे तथा संगीतकार रविंद्र जैन देख नहीं सकते थे।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने दोनों पक्षों में सुलह करा कर वापस घर भेजा



**हमीरपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संचालित मध्यस्थता केन्द्र में वाद सं.-8354/2023 पूजा पुत्री अमरचन्द्र निवासी जलालपुर और दिनेश पुत्र गिल्लू निवासी हमीरपुर के मध्य दाम्पत्य सम्बन्धी विवाद था जिसमें नियुक्त मध्यस्थ अधिवक्ता चन्द्रशेखर गौतम द्वारा दोनों पक्षों से वार्ता कर सुलह कराया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा दोनों पक्षों को बधाई दी गयी और मामले में नियुक्त मध्यस्थ अधिवक्ता के कार्य पर संतोष जाहिर किया गया।

### नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ने जिला कार्यालय में की प्रथम बैठक



**हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद ने मंडल प्रभारी मंडल अध्यक्षों सेक्टर के संयोजकों के साथ में SIR के संबंध में प्रथम बैठक की जिसमें अनिवार्य कार्य चल रहे के संबंध में सभी मंडल अध्यक्षों से मंडल प्रभारी से कार्य को प्रगतिशील करने के लिए कहा सभी उपस्थित मंडल अध्यक्ष मंडल प्रभारी ने अपने-अपने मंडल की कार्य योजना एवं रिपोर्ट प्रेषित की इस कार्यक्रम में प्रमोद वर्मा रामदेव सिंह लालाराम निषाद अरविंद मुखिया रामदास सुदर्शन विशेष नायक सुरेंद्र तिवारी कैलाश चंद्र गुप्ता लक्ष्मी रतन साहू अनूप सिंह अंकित गुप्ता योगेंद्र दीक्षित जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव कृष्ण कुमार विश्वकर्मा मनोज धुरिया मोहन कुशवाहा महेंद्र शुक्ला सत्य प्रकाश राजपूत शक्ति चौरसिया उपस्थित रहे।

### अशोक यादव ने रक्तदान कर बचाई गीता सिंह की जान



**हमीरपुर।** जिला अस्पताल में भर्ती बिरखेरा निवासी बलराम सिंह की पत्नी गीता सिंह को खून की जरूरत पड़ने पर बुंदेलखंड रक्तदान समिति के सदस्य अशोक यादव ने A+ पॉजिटिव 1 यूनिट रक्तदान करके बचाई जान बुंदेलखण्ड रक्तदान समिति रक्तदानी महादानी का दिल से आभार व्यक्त करती है जुनून है रक्तदान का।

### बलात्कार के प्रयास के अपराध में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार थाना मौदहा हमीरपुर

**मौदहा हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक निर्देश से चलाये जा रहे अभियान में वारण्टी अपराधी को सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिलने पर उप निरीक्षक कोमल, उपनिरीक्षक अभिषेक, हमराही धर्मेंद्र पंजीकृत बलात्कार का प्रयास व जान से मारने की धमकी देने का अभियोग मुअसं 414/2025 धारा 65(2)/62/351(3) BNS व 9/10 पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त अमित कुमार पुत्र कामता उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम अरतरा थाना मौदहा जिला हमीरपुर को पढ़ोरी अण्डर पास के पास कस्बा व थाना मौदहा हमीरपुर से दिनांक 01.12.2025 को समय करीब 15.25 बजे गिरफ्तार कर मा. न्यायालय भेजा जा रहा है।

### मौदहा में पंचायत सचिवों का आंदोलन जारी

**मौदहा, हमीरपुर।** ऑन लाइन उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश सहित अन्य समस्याओं को लेकर मौदहा विकास खण्ड कार्यालय में पंचायत सचिवों द्वारा शुरू हुआ आंदोलन दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रहा। जहां इन्होंने खंड विकास अधिकारी कार्यालय के सामने हाथ में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया है। आंदोलनकारी पंचायत सचिवों का कहना है कि 3 नवंबर को जारी शासनादेश में पंचायत सचिवों की उपस्थिति ऑनलाइन की जानी है। इनका मानना है कि यह आदेश वर्तमान परिस्थितियों में अव्यावहारिक है। इससे शासकीय कार्य बाधित होंगे क्योंकि उनका कार्यक्षेत्र व्यापक होता है। एक सचिव के पास में अवसर 3 से 7 ग्राम पंचायतों का अतिरिक्त प्रभार होता है। ऐसे में ऑनलाइन हाजिरी दर्ज करना संभव नहीं है।

### मंझूपुर गांव में आयुष्मान शिविर का आयोजन किया गया

**हमीरपुर।** नगर पालिका क्षेत्र के मंझूपुर एवं कांशीराम कलोनी क्षेत्र में आयुष्मान शिविर का आयोजन किया गया। जनपद में 25 नवम्बर से 25 दिसम्बर 2025 तक आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के निर्देश शासन से दिये गये हैं। जिसके अनुपालन में पूरे जनपद में 14 (शहरीय एवं ग्रामीण) स्थानों पर शिविर का आयोजन किया गया। इस अभियान की समीक्षा स्वयं जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक सोमवार को की जा रही है तथा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रतिदिन जूम बैठक के माध्यम की जा रही है। साथ ही कुल 130948 के सापेक्ष 118074 परिवारों में न्यूनतम किसी एक सदस्य का कार्ड बनाया जा चुका है। इसके क्रम में 90 प्रतिशत से अधिक लक्षित परिवारों को आयुष्मान कार्ड निर्गत किया गया है। प्रदेश स्तर पर इस श्रेणी में जनपद 14वें स्थान पर एवं मण्डल स्तर पर प्रथम स्थान पर है। जनपद में कुल 572458 लाभार्थियों के सापेक्ष 368422 लाभार्थियों के कार्ड बनवाये जा चुके हैं। शिविर में 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का प्राथमिकता पर कार्ड बनाया जा रहा है। मंझूपुर शिविर में 25 से अधिक आयुष्मान कार्ड एवं कांशीराम कलोनी 35 से अधिक आयुष्मान कार्ड निर्गत किये गये। दिनांक 2 दिसम्बर 2025 को जनपद से कुल 184 से अधिक लाभार्थियों को कैवाईसी शिविर मे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गीतम सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया। शिविर के दौरान क्षेत्रीय सभासद हसन खान, नोडल अधिकारी डॉ. बीपी सिंह, चिकित्सा अधिकारी, डीआईयू टीम, अर्बन कोआर्डिनेटर, आरोग्य मित्र आदि उपस्थित रहे।

### विकास खंडों में दो-दो मिनी स्टेडियम के निर्माण का निर्णय, बैठक में डीएम ने दिए निर्देश



**महोबा।** खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए जिला प्रशासन ने खेल मैदानों के कायाकल्प कराने का निर्णय लिया है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ बैठक में खेल मैदानों की समीक्षा करते हुए पुराने खेल मैदानों का कायाकल्प कराने के निर्देश दिए। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने कहा कि खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए जिले में मिनी स्टेडियम का निर्माण कराया जाना है। हर विकास खंड में दो-दो मिनी स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा। जहां क्रिकेट, बैडमिंटन, बालीवाल, फुटबाल, कुश्ती और रनिंग ट्रैक की सुविधा होगी। इन मिनी स्टेडियम में विभिन्न प्रकार के ट्रैक एवं फील्ड गेम हो सकेंगे। दर्शक दीर्घा के साथ प्रशासनिक भवन, भंडार गृह, शौचालय आदि की व्यवस्था होगी। एक साल के अंदर मिनी स्टेडियम का निर्माण शुरू कराया जाएगा। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों के खेल में सुधार होगा जिससे खिलाड़ी शानदार खेल से जिले का नाम रोशन कर सकें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी चंद्रकिशोर वर्मा, उपायुक्त एनआरएलएम अशोक कुमार सहित विकास खंड अधिकारी मौजूद रहे।

### कोटरा के किसानों ने शुरू की धान की खेती

**पनवाड़ी/महोबा।** जिले में खान की पैदावर शुरू की गई है। विकास खंड क्षेत्र के कोटरा गांव के किसानों ने धान की खेती शुरू की। अब धान की खेती करने वाले किसानों की संख्या बढ़ रही है। गांव के 70 हेक्टेयर भू भाग में 30 किसान धान की पैदावर कर रहे है। बता दें कि जिले में धान का उत्पादन शून्य रहा है। सूखा के हालातों से उबरने के बाद अब किसान धान की खेती करने लगे है। कोटरा गांव के महेंद्र कुमार, ओमप्रकाश सहित अन्य किसानों ने धान की खेती शुरू की तो अन्य किसानों का रुझान धान की खेती की ओर बढ़ने लगा है। अब तक विभागीय अभिलेखों में उत्पादन शून्य रहता था मगर अब 70 हेक्टेयर में धान की खेती हो रही है। जिला कृषि अधिकारी दुर्गेश कुमार का कहना है कि धान की खेती जिले में कम होती है। केवल कोटरा पंचायत में ही दस से 20 किसान खेती कर रहे है। कोटरा झांसी जिला की सीमा से लगा हुआ है जहां धान की पैदावार के अनुकूल वातावरण है। बताया कि धान खरीद के लिए जिले में कोई केंद्र नहीं खोला जाता है।

### धरना दे रहे पदाधिकारियों को मिला अधिवक्ताओं का साथ

**महोबा।** प्रधानमंत्री फसल बीमा में हुए घोटाला की सीबीआई से जांच कराने सहित अन्य मांगों को लेकर चल रहे धरना में अधिवक्ताओं ने पहुंचकर आवाज को बुलंद किया है। पदाधिकारियों ने कहा कि अधिकारी धरना समाप्त कराने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं मगर पदाधिकारियों ने अधिकारियों के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। जय जवान जय किसान एसोसिएशन के द्वारा पीएम फसल बीमा में हुए घोटाला की सीबीआई से जांच कराने की मांग उठाई गई है। पदाधिकारी पिछले 106 दिनों से तहसील परिसर में धरना दे रहे हैं। संगठन के अध्यक्ष गुलाब सिंह राजपूत ने कहा कि अधिकारियों ने वार्ता के लिए बुलाया मगर कोई बात नहीं बनी। कहा कि अधिकारी धरना समाप्त करने की दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं। धरना समाप्त न करने पर अधिकारियों ने पांच पांच लाख रुपये की जमानत की शर्त पर कार्रवाई की धमकी दी है। कहा कि अधिकारियों का कहना है कि पीएम घोटाला में वांछित चल रहे अभियुक्तों के नाम पता गलत होने के कारण गिरफ्तारी होने में देरी हो रही है। पुलिस अपना काम कर रही है। इस मौके पर बार संघ के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल यादव, एडवोकेट मकुंदीलाल, बीएस यादव एडवोकेट,दुर्गा प्रसाद अग्रवाल, मनोहर सिंह आदि मौजूद रहे।

# कृषि निदेशक ने कृषि उत्पादन मंडी समिति का किया औचक निरीक्षण

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



दो दिसंबर स्थानीय कृषि उत्पादन मंडी समिति में संचालित ज्वार खरीद केंद्र का औचक निरीक्षण उप कृषि निदेशक द्वारा किया गया तथा किसानों की समस्या का समाधान कराए जाने का आश्वासन दिया।कृषि उत्पादन मंडी समिति में ज्वार खरीद केंद्र दो सप्ताह से बंद है। तथा ज्वार की तौल नहीं हो पा रही है। बचरौली गांव निवासी समाजसेवी व किसान गणेश तिवारी ने शिक़ायत की कि ज्वार की तौल न होने से क्षेत्र का किसान परेशान है। तथा दो सप्ताह से केंद्र में तौल बंद है। प्रद्युम्न सिंह ने ज्वार की तौल न हो पाने की शिक़ायत की। उप कृषि निदेशक डॉ प्रमोद कुमार गुप्ता ने किसानों की समस्या सुनकर अधिकारियों को अवगत कराए जाने की बात कही। केंद्र प्रभारी अपर्णा अवस्थी का स्थानांतरण हो जाने से तौल का कार्य प्रभावित हो रहा है। किसानो ने जल्द प्रभारी की तैनाती किए जाने की मांग की जिससे ज्वार की तौल शुरू हो सके।

## जिला अध्यक्ष ने भाजापा कार्यालय में पत्रकार को श्रद्धांजलि अर्पित की

**हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद ने युवा पत्रकार आनंद अवस्थी के लिए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की दुखद समाचार सुनकर बहुत दुख हुआ हमारे पत्रकार साथी आनंद अवस्थी असमय जाना बहुत दुखद है ईश्वर अपने चरणों में स्थान दें। दुख की इस घड़ी में परिवार को संबल प्रदान करें ओम शांति। हमीरपुर के समस्त युवा पत्रकार आनंद अवस्थी के लिए अंबेडकर पार्क में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की आनंद अवस्थी को असमय जाना पत्रकारों के लिए बहुत दुखद है ईश्वर उनको अपने चरणों में स्थान दें।

## यूरिया आते ही उमड़ी किसानों की भीड़, बुलानी पड़ी पुलिस



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** यह पखवारे बाद सहकारी समितियों में यूरिया खाद आते ही किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। केंद्र प्रभारी को वितरण के लिए पुलिस बुलानी पड़ी। भीड़ अधिक होने के कारण धक्का मुक्की के दौरान एक वृद्ध किसान भोला प्रसाद जमीन पर गिरकर बेहोश हो गया। मंगलवार को कस्बे के क्रय विक्रय सहकारी समिति एवं पीसीएफ किसान सेवा केंद्र में वितरण के लिए एक पखवारे बाद यूरिया खाद उपलब्ध हुई। युरिया आने की भनक लगते ही दोनों जगहों पर किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। किसानों के हंगामा करने पर क्रय विक्रय सहकारी समिति के सचिव शुभम त्रिपाठी ने पुलिस को बुलाया पुलिस ने खड़े होकर टोकन वितरित करायें। एक टोकन में चार बोरी यूरिया किसानों को बाटी गई। सचिव ने बताया कि यूरिया की कोई दिक्कत नहीं है पर्याप्त मात्रा में आ रही है। किसान वितरण में अव्यवस्था पैदा कर रहे हैं।

## कथा व्यास ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के साथ बालि वध की कथा सुनाई





**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** श्रीगायत्री महायज्ञ की 68वीं वर्षगांठ पर कथा के सातवें दिन कथा पंडाल में कथा व्यास ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के साथ बालि वध की कथा का सुंदर वृतांत सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं इस अवसर पर लगे मेले में भारी भी उमड़ रही है श्रीगायत्री महायज्ञ की 68 वीं वर्षगांठ पर कथा के सातवें दिन कथा व्यास दुर्गा प्रसाद द्विवेदी ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर वृतांत सुनाते हुए कहा कि भगवान की कथाओं, लीलाओं में जादू है। जो भी एक बार सुनता है, वह भगवान का अनन्य भक्त हो जाता है। मनुष्य कथा सुनने के बाद हृदय से भगवान के करीब हो जाता है। कथा सुनने के लिए पंडाल खचाखच भरा हुआ था। वही इस मौके पर तपोभूमि में लगे विशाल मेले में कस्बा वासियों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी।

## महिला न्यायिक द्वारा लोक अदालत के प्रचार-प्रसार वाहन को झंडी दिखाकर किया गया रवाना

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

▶ तेरह दिसंबर को होगी लोक अदालत



जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय की अध्यक्षता में आगामी लोक अदालत दिनांक 13.12.2025 के सफल आयोजन हेतु महिला सम्मान को सर्वोपरि रखने उद्देश्य से जजशिप में कार्यरत महिला न्यायिक द्वारा लोक अदालत के प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार वैन का मुख्य उद्देश्य लोक अदालत के सम्बन्ध में जानकारी देकर आम जन मानस को जागरूक करना है इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वार बताया गया कि दिनांक 10.12.2025 को प्रचार वैन पुनः निकाली जायेगी। जो जनपद के दूरस्थ स्थानों पर जायेगी ताकि ग्रामीण लोगों को भी लोक अदालत के बारे में जानकारी प्राप्त हो सके तथा अधिक से अधिक लोग उसका लाभ ले सकें। प्रचार वाहन जनपद न्यायालय हमीरपुर से बस स्टैण्ड, कालपी चैराहा, सिटी फॉरेस्ट, जिला अस्पताल, डिग्गी से होते हुये लक्ष्मीबाई तिराहा, मेरापुर, भिलावां, रमेड़ी तिराहा दीक्षित स्वीटस, कोतवाली से चैरादेवी जनपद के विभिन्न स्थानों में प्रचार वैन के माध्यम से लोगो को जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर प्रथम अपर जिला जज उदय वीर सिंह, विशेष न्यायाधीश एस.सी./एस. टी. एक्ट रनवीर सिंह, विशेष न्यायाधीश द.प्र.क्षे. अनिल कुमार खरवार, सिविल जज सी.डि. निहारिका जायसवाल, सिविल जज सी.डि./एफ.टी.सी. वन्दना अग्रवाल, सिविल जज (जू.डि.) अंकित पाल, सिविल जज (जू.डि.)/ एफटीसी महिलाओं के विरुद्ध अपराध कीर्ति मिश्रा, सिविल जज (जू.डि.)/एफटीसी शैली शरण, अध्यक्ष स्थाई लोक अदालत प्रमोद कुमार आदि लोग उपस्थित रहें।

## कुतुबपुर गांव के पास मारुति वैन में आग लगने से पास में रखी पाराली जल कर राख



**कुरारा, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के कुतुबपुर गांव में सोमवार की रात में मारुति वैन में आग लग जाने के कारण अन्ना पशुओं के लिए एकत्र की गई पराली समेत वैन जलकर राख हो गई। आग की सूचना मिलने पर दमकल दस्ते ने आग पर काबू पाया। आगजनी में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। क्षेत्र के कुतुबपुर गांव में सत्ता बाबा मंदिर के सामने अन्ना पशु आश्रय स्थल बना हुआ है। इसमें ग्राम पंचायत द्वारा अन्ना पशुओं को संरक्षित किया गया है। ग्राम प्रधान सुरेंद्र कुमार ने बताया कि सोमवार की रात नौ बजे के लगभग गौशाला के सामने सड़क में एक मारुति वैन में अचानक आग लग गई तथा वैन आग का गोला बन गई। तथा इसकी लपटों से निकली चिंगारी पशुओं के लिए एकत्र की गई धान की पराली में गिर जाने से आग पकड़ गई। जिससे धू धू कर जलने लगा तथा आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। तथा ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। थाना पुलिस मौके पर जाकर आग बुझाने में सहयोग किया। तथा ग्राम प्रधान ने दमकल दस्ते को आगजनी की जानकारी दी। तब दो मशीनों द्वाराआग पर काबू पाया गया। तथा बैन जलकर खाक हो गई। ग्राम प्रधान सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि सत्तर ट्राली पराली एकत्र थी। जो आग की भेंट चढ़ गई है इसमें एक लाख रुपए का नुकसान हुआ है। मौके पर मौजूद चरवाहों ने पशुओं को आग से दूर किया। जिससे पशु हानि बच गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

## सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत, दो घायल

▶ प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल किया गया रेफर

**कबरई/महोबा, समृद्धि न्यूज।**





राजमार्ग में बाइकों में भिड़त में दो की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। हादसा के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शवों को मोर्चरी में रखवा दिया। शहर के भटीपुरा निवासी अजीज का 22 वर्षीय पुत्र अनस बीमा कंपनी में सर्वेयर के पद पर कार्यरत था। मंगलवार को वह बाइक से कबरई क्षेत्र से वाहन का सर्वे कर लौट रहा था। झांसी मिर्जापुर राजमार्ग में नहदौरा गांव के पास बाइकों में भिड़त हो गई। दुर्घटना में 22 वर्षीय अनस और दूसरी बाइक में सवार 28 वर्षीय सुभाष पुत्र चिंतामन निवासी बड़ेहार थाना बरुआसागर जिला झांसी की मौत हो गई। जबकि 17 वर्षीय हरेंद्र पुत्र रामसहाय निवासी बरुआसागर, 22 वर्षीय आशीष पुत्र कल्लू रैकवार निवासी निवाड़ी घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई है। घायलों को पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से डॉक्टरों ने घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया है। जिला अस्पताल में सूचना पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

### मार्ग दुर्घटना में पिता पुत्र घायल

**महोबा।** बीमा की किस्त जमा करने जा रहे पिता पुत्र मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में रेफर किया गया है। खरेला थाना क्षेत्र के गांव कमलखेड़ा निवासी 18 वर्षीय रोहित कुशवाहा अपने पिता ठाकुरदीन के साथ बाइक से किस्त जमा करने आया था। जहां रास्ता में कार ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद कार लेकर मौके से फरार हो गया। घायलों को राहगीरों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## खेत में बुवाई कराते समय महिला किसान की मौत

▶ धान की फसल खराब होने व बेटी की शादी के लिए लिया कर्ज न चुका पाने से रहती थी परेशान



**पनवाड़ी (महोबा)।** पनवाड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम तुर्रामुहार में मंगलवार की सुबह एक 43 वर्षीय महिला किसान की खेत पर बुवाई कराने के दौरान अचानक अचेत होकर गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की। महोबा जनपद की पनवाड़ी थाना क्षेत्र की तुर्रामुहार गांव निवासी महिला किसान भानमती पत्नी बसन्त कुमार मंगलवार की सुबह पड़ोसी के ट्रैक्टर से अपने खेत की बुवाई कराने गई हुई थी, बुवाई के दौरान महिला किसान खेत में अचानक बेहोश होकर गिर गई। ट्रैक्टर ड्राइवर की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने देखा कि महिला किसान खेत पर अचेत पड़ी हुई है तभी परिजनों द्वारा उसे जीवित समझकर इलाज हेतु सीएचसी पनवाड़ी लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतिका किसान के पुत्र साकेत कुमार ने बताया कि मम्मी धान की फसल खराब होने व गांव के लोगों से पिछले वर्ष बहन की शादी में लिए कर्ज को लेकर परेशान रहती थीं। मृतिका के पति की 7 वर्ष पूर्व सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। मृतिका की दो बेटी है जो शादी शुदा है और एक 18 वर्षीय पुत्र साकेत कुमार है। घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम हेतु महोबा भेज दिया है।

## शराब के लिए रुपये न मिलने पर दबंग ने की मारपीट

**खन्ना/महोबा।** शराब के लिए रुपये न मिलने से आग बबूला दंबग ने युवक के साथ मारपीट कर दी। शिकायत करने पर जानमाल की धमकी दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए जाँच शुरु कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव पुरा निवासी संत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 30 नवंबर को वह बाइक से ग्योड़ी गांव जा रहा था। रास्ता में बस स्टैंड पर अरविंद्र निवासी ग्योड़ी मिला और शराब के लिए रुपये की मांग करने लगा। रुपये न होने की बात सुनकर दबंग गाली गलौच करने लगा विरोध किया तो लाठी से हमला बोल दिया। बाद में पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए दबंग भाग गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज करते हुए छानबीन शुरु कर दी है।

# पत्थर खदान में खान सुरक्षा नियमों की उड़ाई जा रहीं धज्जियां

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

▶ डिप्टी डायरेक्टर ने किया मकरबई पहाड़ का स्थलीय निरीक्षण

पत्थर खदान में गिरकर श्रमिक की मौत के मामले में खान सुरक्षा महानिदेशालय गाजियाबाद के डिप्टी डायरेक्टर राम बाबू अदरैला ने मकरबई पहाड़ का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा मानकों के पालन को धरातल पर देखा। पहाड़ में काम कर रहे श्रमिक बिना सुरक्षा उपकरणों के काम करते मिले। डिप्टी डायरेक्टर ने खान सुरक्षा नियमों में बरती जा रही लापरवाही की रिपोर्ट शासन को भेजने की बात कही है। बताते चलें कि तीन दिन पूर्व कबरई थाना क्षेत्र के लिलवाही गांव निवासी 35 वर्षीय महेश पुत्र रामकुमार कुशवाहा की मकरबई पहाड़ से गिरकर मौत हो गई थी। पहाड़ में खनन के दौरान हुई श्रमिक की मौत को गंभीरता से लेते हुए भारतीय मजदूर संघ के जिला विस्तारक आशीष सिंह ने मामले की जानकारी जिला प्रशासन को देते हुए जांच कराने की मांग उठाई। डीएम गजल भारद्वाज के निर्देश पर एसडीएम सदर शिवध्यान पांडे ने जिला खनिज अधिकारी आर बी सिंह के साथ मौके पर पहुंचकर परिजनों के साथ ग्रामीणों से पूरे मामले की जानकारी हासिल की। खान सुरक्षा निदेशालय तक मामला पहुंचा तो मंगलवार को डिप्टी डायरेक्टर रामबाबू अदरैला ने मकरबई पहुंचकर पहाड़ पर गहनता से जांच की। सैकड़ो फीट गहरी हो चुकी खदानों में बिना सुरक्षा उपकरणों के श्रमिक जान जोखिम में डालकर काम करते मिले, जिसे देखकर डिप्टी डायरेक्टर दंग रह गए। कहा कि खान सुरक्षा नियमों के पालन में लापरवाही श्रमिकों के लिए खतरनाक साबित हो रही है। विभाग और प्रशासन को खान सुरक्षा नियमों का पालन कराने के लिए कठोर कदम उठाने होगें। डिप्टी डायरेक्टर के निरीक्षण से पट्टा धारकों में हड़कंप मच गया। डिप्टी डायरेक्टर ने पहाड़ों में हुई मौतों की जानकारी विभाग से तलब की है। कहा कि एक के बाद एक हो रही मौतों के बाद भी सुरक्षा मानकों के पालन में लापरवाही बरती जा रही है। पूरे मामले की रिपोर्ट शासन तक भेजने की बात कही। निरीक्षण के समय डीजीएमएस के नोडल अधिकारी अनूप गुप्ता भी मौजूद रहे। मजदूर संघ के कपिल कश्यप सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पट्टाधारक पर कसा शिकंजा

**महोबा।** खान सुरक्षा निदेशालय के पहाड़ में निरीक्षण करने और सुरक्षा मानकों के पालन में खामियां मिलने के बाद पट्टा धारक पर शिकंजा कसने के आसार दिखने लगे हैं। सैकड़ों फिट गहरी खदानों में काम कर रहे श्रमिकों की सुरक्षा में बरती जा रही लापरवाही पर पट्टा धारक के खिलाफ नोटिस जारी करने की तैयारी की जा रही है। खास बात यह रही है कि श्रमिक की मौत के एक बाद बाद ही पहाड़ में श्रमिक ऐसे काम कर रहे थे जैसे कुछ हुआ ही न हो। निरीक्षण के बाद दिन भी पट्टा धारक एक दूसरे से मोबाइल पर डिप्टी डायरेक्टर के बारे में जानकारी करने के लिए फोन लगाते रहे। डिप्टी डायरेक्टर के निरीक्षण से कबरई खनन मंडी में आम दिन की तुलना में भीड़ कम दिखी। पट्टा धारकों के कर्मचारी पहाड़ों से डिप्टी डायरेक्टर पर नजर बनाकर रखे रहे। और पट्टाधारकों को पल पल की अपडेट मोबाइल पर देते रहे।

# दो पक्षों में हुए पारिवारिक विवाद में थाने बुलाई गई बुजुर्ग महिला की मौत

▶ नातिन को थाना परिसर के अन्दर दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा अपमानित करने के बाद आहत महिला की अचानक बिगड़ी हालत, जिला अस्पताल में डॉक्टर ने किया मृत घोषित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**





पारिवारिक विवाद के मामले में थाने बुलाई गई बुजुर्ग महिला की नातिन से थाना परिसर के अन्दर दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा की गई अभद्रता के बाद अचानक उसकी हालत बिगड़ गई जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया जहाँ तैनात डॉक्टर ने परीक्षण उपरान्त उसे मृत घोषित कर दिया। बुजुर्ग महिला की अचानक हुई मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल परिसर में परिजनों ने जमकर हंगामा काट दूसरे पक्ष के आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने की माँग की है। फिलहाल पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त विवरण के अनुसार श्रीनगर कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम ननौरा में विगत शुक्रवार को हुए पारिवारिक विवाद के बाद दोनों पक्षों सोमवार को पुलिस द्वारा थाने में बुलाया गया था इसी दौरान दूसरे पक्ष के दबँग लोगों द्वारा बुजुर्ग महिला की नाबालिग नातिन के प्रति कथित तौर पर अभद्र भाषा का प्रयोग किए जाने से माहौल गरमा गया। आरोप है कि थाने में नातिन के साथ हुई अभद्रता को देखकर बुजुर्ग दादी की अचानक हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों और परिजनों ने उसे सीएचसी श्रीनगर में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया। पुलिस और परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहाँ डॉक्टर ने महिला को परीक्षण उपरान्त मृत घोषित कर दिया। दरअसल ननौरा गांव निवासी 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला चिंजी की नाबालिग पोती को किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद उसके ही पारिवारिक चाचा के लड़के ने मार दिया था इसी विवाद के चलते मामला पुलिस के पास पहुँच गया था। पुलिस ने मामला पारिवारिक होने के चलते दोनो पक्षों को थाने बुलाया था। आरोप है कि पीड़ित पक्ष द्वारा आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करा कार्यवाही की माँग की गई लेकिन पुलिस कार्रवाई की जगह राजीनामा का दबाब बनाती रही लेकिन पीड़ित पक्ष कार्रवाई के लिए अड़ा था आरोप है कि थाना परिसर के अन्दर नाबालिग पोती के खिलाफ अपशब्द कहने से भी आरोपियों ने परहेज नहीं किया और पुलिस के सामने उसे और उसकी नातिन को धमकाया गया जिसके चलते बुजुर्ग दादी की अचानक हालत खराब हो गई। जिसे पुलिस और उसके परिजनों द्वारा इलाज के लिए सीएचसी श्रीनगर और बाद में जिला अस्पताल पहुँचाया गया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में तैनात डॉक्टर ने बुजुर्ग दादी को देखते ही मृत घोषित कर दिया । थाने में न्याय के लिए पहुँची बुजुर्ग महिला की अचानक हुई मौत से परिजनों में कोहराम मच गया । परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा काट आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है। अस्पताल परिसर में हँगामे की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस के साथ मौके पर पहुँचे सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन देकर पीड़ित परिजनों को शांत करा घर भेज दिया। फिलहाल पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज पीड़ित परिजनों की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दरोगा पर कार्रवाई की मांग को लेकर किया हंगामा

**महोबा।** पोस्टमार्टम हाउस में दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर परिजनों ने जमकर हंगामा काटा। पोस्टमार्टम हाउस के बाहर हंगामा की सूचना मिलते ही सीओ सदर अरुण कुमार सिंह, सीओ चरखारी दीपक दुबे सहित महोबा, चरखारी और श्रीनगर थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और आक्रोशित परिजनों को समझाबुझाकर शांत कराया। आक्रोशित परिजनों की मांग है कि आरोपी दारोगा के खिलाफ तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए निलंबित कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाए। काफी मान मनोब्बल के बाद पुलिस अधिकारियों द्वारा दरोगा के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया गया तब जाकर परिजन शांत हुए और मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

# रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव के लिए संगठन ने सौंपा ज्ञापन

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय राष्ट्रीय वादी संगठन ने मंगलवार को एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव सुनिश्चित करने और इस मांग को लेकर संभावित धरना प्रदर्शन का उल्लेख किया गया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचंद्र सिंह और जिलाध्यक्ष विधि चंद यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने तहसील मुख्यालय पहुंचकर यह ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया गया है कि वर्तमान में हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर मेमू ट्रेन के अलावा कोई अन्य ट्रेन नहीं रुकती है। यात्रियों को निहालगढ़, बछरावां, दरियाबाद या लखनऊ जैसे दूर के स्टेशनों तक जाने के लिए अतिरिक्त समय और धन खर्च करना पड़ता है। कोरोना महामारी से पहले वरुणा, पंजाब मेल और लखनऊ-सुल्तानपुर पैसेंजर जैसी ट्रेनें इस स्टेशन पर रुकती थीं, जिससे यात्रियों को सुविधा मिलती थी। स्थानीय सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी कई बार रेल मंत्री से ट्रेनों के ठहराव की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी ने स्वयं लगभग चार बार हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर धरना प्रदर्शन किया है। उन्होंने डीआरएम नॉर्दर्न रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ से मिलकर भी अपनी बात रखी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी इस संबंध में मांग की लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है और कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि आगामी 10 दिसंबर तक बनारस-लखनऊ शटल, हिमगिरी, कोटा-पटना सद्भावना और मरुधर उपासना जैसी ट्रेनों का ठहराव हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर निर्धारित समय में सुनिश्चित नहीं किया गया तो वे धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यदि आवश्यकता पड़ी तो चक्का जाम भी किया जाएगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन और रेलवे प्रशासन की होगी।

## सड़क हादसे में महिला सहित तीन लोग घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** लोनी कटरा थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक सड़क हादसे में एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज में भर्ती कराया गया जहां दो लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। तीसरे का इलाज चल रहा है घटना पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की सर्विस लेन पर जहां एक इको और एक पंच गाड़ी की आमने-सामने टक्कर हो गई। यह हादसा क्षेत्र के अखैयापुर गांव के पास हुई। घायलों में सुरेश कुमार पुत्र राम कुमारए अमन पुत्र सरोज व प्रिया पत्नी दिनेश कुमार शामिल हैं। ये सभी पहाड़पुर, थाना सुबेहा के निवासी बताए गए हैं। परिजन मौके पर पहुंचकर अपने-अपने मरीजों के इलाज में लग गए हैं जानकारी के अनुसार घायल लोग अखैयापुर में एक लड़की की विदाई के लिए जा रहे थे तभी यह हादसा हो गया। हादसे के बाद अमन और प्रिया को गंभीर चोटें आने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# परिषद द्वारा विश्व एड्स दिवस जागरुक गोष्ठी आयोजित



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय सेवा परिषद द्वारा विश्व एड्स दिवस पर जागरुक गोष्ठी आयोजित किया गया। गोष्ठी का शुभारम्भ राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय व परिषद के ऑडिटर उमा शंकर गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया गोष्ठी की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी व संचालन जिला महासचिव विजय शुक्ला ने किया गोष्ठी के दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक प्रजापति ने कहा एड्स एक भयावह बीमारी है। एड्स को केवल जागरुकता के माध्यम से ही समाप्त किया जा सकता है जिला सलाहकार डॉ राजीव मिश्रा ने कहा एड्स असुरक्षित रक्त लेने से, असुरक्षित यौन संबंध बनाने से, संक्रमित मां से उसके गर्भ में पल रहे बच्चे में फैलता है। जिला उप सचिव डॉ विकास जैन ने कहा एड्स की पहचान संभावित लक्षणों के देखने के पश्चात ही हो पाती है गोष्ठी के अंत में सभी पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से एड्स जागरूकता रंगोली को मोमबत्ती से सजाया कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी, जिला महासचिव विजय कुमार शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक प्रजापति, जिला मंत्री कमलेश मेहरोत्रा, विनोद त्रिपाठी, विधि परामर्श केंद्र न्याय पीठ सदस्य अंकित श्रीवास्तव, राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय, ऑडिटर उमा शंकर गुप्ता आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# लंबित ट्यूबवेल विद्युत लाइन की समस्या का डीएम ने कराया समाधान

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी द्वारा उनके कार्यालय में आयोजित किया जाने वाला जनता दर्शन लगातार जनसमस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बनता जा रहा है। प्रत्येक सोमवार से शुक्रवार प्रातः 10:00 से 12:00 बजे तक आयोजित इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी प्राप्त प्रार्थना पत्रों को स्वयं सुनते हैं और उसी समय संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करते हैं। इसी सक्रिय व्यवस्था के परिणामस्वरूप आम जनता का प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है। इसी क्रम में अखिलेश कुमार पुत्र अमर सिंह वमा निवासीकृर जाकपुर गदिया, तहसील नवाबगंज ने दिनांक 18 नवम्बर 2025 को जनता दर्शन में उपस्थित होकर अवगत कराया कि दो माह पूर्व उनके ट्यूबवेल तक जाने वाली विद्युत लाइन को अज्ञात लोगों द्वारा काटकर उठा ले जाने से उनकी सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह बाधित हो गई थी। संबंधित विभागीय अधिकारियों को कई बार समस्या बताने के बावजूद समाधान लंबित था। जब यह मामला जिलाधिकारी के संज्ञान में आया तो उन्होंने तत्काल विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आवेदक की समस्या का अत्यंत प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। निर्देशों के बाद विभागीय टीम ने सक्रियता दिखाते हुए सिर्फ 48 घंटे में विद्युत लाइन पुनः स्थापित कर दी।

## मारपीट व गाली गलौज का भतीजे ने चाचा पर दर्ज कराया मुकदमा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र अंतर्गत बहलीमपुर गांव निवासी सोनू शुक्ला पुत्र सुरेंद्र शुक्ला ने भाई तथा चाचा के साथ गाली गलौज व मारपीट के आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित युवक ने बताया है कि सोमवार 1 दिसंबर की सुबह करीब 8:00 बजे उसका भाई गौरव शुक्ला तथा चाचा का लड़का प्रणव शुक्ला घर के बाहर बैठे थे तभी अचानक गांव के ही रहने वाले रामकुमार प्रजापति उर्फगुड्डू पुत्र राम आसरे दरवाजे पर आकर बेवजह गाली गलौज करने लगे विरोध करने पर उसके भाई प्रणव शुक्ला को नीचे गिराकर लात घुसो से मारना पीटना शुरू कर दिया बीच करने आए गौरव शुक्ला के साथ भी मारा पीट की ।विपक्षी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। इस मारपीट में दोनों लोगों को चोट आई है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# सौ प्रतिशत डिजिटाइजेशन करने वाले बीएलओ को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाये जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के तहत जनपद में निर्वाचन कार्य को अधिक पारदर्शी सटीक और तकनीक सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की जा रही है। इसी क्रम में जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने आज अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह के साथ अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम चार बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इन बूथ लेवल अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में सबसे पहले 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन तथा 90 प्रतिशत से अधिक मैपिंग का कार्य पूर्ण किया है। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप जनपद अभियान के लक्ष्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के लिए पूरी तरह तत्पर है। बीएलओ और निर्वाचन टीम की सक्रियता से जनपद शीघ्र ही 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में कार्यरत कुल 2595 बीएलओ में से सर्वप्रथम 500 बीएलओए जो अपने-अपने क्षेत्रों में 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन तथा 90 प्रतिशत से अधिक मैपिंग का कार्य सबसे पहले सफलतापूर्वक पूर्ण करेंगे उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

# रईस कटरा मोहल्ले की बदहाल हुई सड़कें



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जैदपुर नगर पंचायत के मोहल्ला रईस कटरा और शाह कटरा की सड़कें बदहाल स्थिति में हैं।यह क्षेत्र जैदपुर का मुख्य हिस्सा माना जाता है। लेकिन यहां की खराब सड़कों के कारण स्थानीय निवासियों का आवागमन दूभर हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्हें ऐसा महसूस होता है जैसे यह इलाका जैदपुर नगर पंचायत की सीमा से बाहर हो। निवासियों ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने नगर पंचायत जैदपुर को मतदान किया था फिर भी उनके क्षेत्र की इतनी उपेक्षा की जा रही है। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत में एक साल पहले वार्ड शाह कटरा के नाम से इन सड़कों के सुधार के लिए एक एस्टीमेट बनाया गया था। हालांकि यह एस्टीमेट तब से नगर पंचायत कार्यालय में धूल फांक रहा है और इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# बैसवारा क्षेत्र में बीएमपीएस को है विशिष्ट गौरव प्राप्तः रमेशचंद्र

**लालगंज,रायबरेली समृद्धि न्यूज।**



कस्बे के बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद स्पर्धा 2025 का शानदार समापन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विद्या देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ मुख्य अतिथि मि. रमेश चंद्र (आई.जी.) आर.पी.एफ., एम.सी.एफ. ने इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते कहा कि बैसवारा क्षेत्र में बीएमपीएस का विशिष्ट गौरव है। छात्र-छात्राओं को विद्यालय स्तर से ही खेलकूद में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग रहता है,खेल शरीर को स्वस्थ रखने में मददगार होते हैं,खेल में हार-जीत का कोई मतलब नहीं।उन्होंने जीतने वाले खिलाड़ियों को शुभकामना देने के साथ-साथ हारने वाले खिलाड़ियों को भी उत्साहित करते हुए कहा कि हारने वाला ही जीतने का प्रयास करता है इसलिए कभी हार से घबराना नहीं चाहिए। बालिकाओं को भी खेल के प्रति उत्साहित करते हुए कोतवाल ने उन्हें खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। दूसरे दिन जूनियर और सीनियर स्तर तक के बच्चों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर पदक हासिल किया। बालक-बालिका 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मी, 600 मी,800 मी,1000मी की रेस, 200 मी बालक रिले रेस में भी जबरदस्त स्पर्धा देखने को मिली।बालक-बालिका लॉन्ग जंप,डिस्कस थ्रो,भाला फेंक,गोला फेंक में अपनी टीम को विजय दिलाने के लिए खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रति स्पर्धा दिखाई। प्रथम,द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को विद्यालय प्रबंधन की ओर से पदक व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।ओवर ऑल टीम स्पर्धा में विक्रम शिला प्रथम,नालंदा द्वितीय,वल्लभी टीम तीसरे और तक्ष शिला चौथे स्थान पर रही। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक सुनील सिंह,प्रबंधक शांतनु सिंह, प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह,प्रधानाचार्य अभिषेक रंजन ने आए हुए मुख्य अतिथि मि रमेश चंद्र को विद्यालय परिवार की ओर से प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ओम शिव यादव, बीएन यादव ,अनुराधा पांडे,प्रीति श्रीवास्तव, अर्चना सिंह, मृत्युंजय सिंह,श्रवण तिवारी, शिरीष तिवारी,प्रशांत दुबे, विष्णु सिंह,प्रदीप सिंह, दिव्या ,सृष्टि, सुधीर सिंह,विनोद चौधरी, सीमा सिंह, ममता सिंह, विभा, सुनहरा, संगीत सिंह, सरिता सिंह, आस्था सिंह, शालू त्रिवेदी,अविनाश साहू, शिवम शुक्ला, संतलाल सहित समस्त अध्यापकों एवं कर्मचारियों का यथोचित योगदान रहा। अभिभावक अपने बच्चों के अंदर छिपी खेल प्रतिभा को देख प्रफुल्लित दिखे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।यह जानकारी बीएमपीएस के पीआरओ यशबहादुर यादव ने दी।

## फांसी के फंदे से लटकी नवविवाहिता

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र मोहनगंज के अंतर्गत ग्राम कमवापुर मजरे नसरतपुर में बीती रात एक नवविवाहिता का शव फंदे से लटकता मिला है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार कमवापुर निवासी सियाराम शर्मा की 20 वर्षीय पुत्री ममता ने कुछ माह पूर्व अपने ही गांव के निवासी संदीप वर्मा से लव मैरिज की थी। दोनों ने कोर्ट मैरिज कर परिवार की रजामंदी के बिना पति-पत्नी के रूप में साथ रहना शुरू कर दिया था। शादी के बाद ममता अपने ससुराल में रह रही थी। परिजनों के मुताबिक बीती रात ममता छत पर बने टिनशेड कमरे में गई थी। देर रात जब काफी समय तक वह कमरे से बाहर नहीं आई तो परिजनों ने ऊपर जाकर देखा, जहां ममता का साड़ी के सहारे फांसी पर लटका शव मिला।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद सम्मान यात्रा का होगा आयोजन

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

> विचार गोष्ठी का आयोजन कर अपराह्न चार बजे सभा का होगा समापन, और आगे की यात्रा होगी शुरू

आगामी दस दिसम्बर को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद सम्मान यात्रा का आयोजन किया जाएगा जिसके क्रम में जिला समन्वयक श्रीचंद्र तिवारी व तहसील अध्यक्ष मुसाफिरखाना अनीस अहमद व जिलाध्यक्ष अशोक कुमार द्विवेदी ने एक मुलाकात में अवगत कराया है कि आगामी दस दिसम्बर बुधवार को अमर शहीदों के सम्मान में कादुनाला स्थिति शहीद स्थल से शहीदों के पवित्र पद रज कलश के साथ ऐतिहासिक पद यात्रा शहीद स्थल से चल कर जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी को पद रज कलश सौंप कर संरक्षित किया जायेगा। तत्पश्चात यात्रा ब्लॉक गौरीगंज पहुंच कर जनसभा के रूप में परिवर्तित हो कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिलापट का लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होगी। इसके उपरान्त विशिष्ट अतिथियों का सम्मान किया जाएगा, उसके बाद विचार गोष्ठी का आयोजन कर अपराह्न चार बजे सभा का समापन कर यात्रा आगे प्रारंभ हो जाएगी। यह यात्रा उन आत्मोसर्ग योद्धाओं के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है।

## पिछड़ा वर्ग के लिए कंप्यूटर प्रशिक्षण हेतु आवेदन 4 दिसंबर तक

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने वित्तीय वर्ष 25-26 के लिए 'ओ' लेवल एवं ष्टष्टष्ट कंप्यूटर प्रशिक्षण हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विकास मौर्य ने बताया कि यह योजना पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए संचालित की जा रही है। प्रशिक्षण नीलिट से मान्यता प्राप्त जनपद की दो चयनित संस्थाओं सुधरमा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन, धम्मौर रोड अमेठी तथा इन्फोटेक मल्टीमीडिया, मोहनगंज तिलोईद्वारा प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक पात्र अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से 4 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पूर्ण करने के बाद इसकी प्रति डाउनलोड कर आवश्यक अभिलेखों समेत दो प्रतियों में कक्ष संख्या- 3, भू-तल, विकास भवन, गौरीगंज, में जमा कराना अनिवार्य है।

## होमगार्डों की मानवता ने बचाई घायलों की जान



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** सिविल लाइन ओवर ब्रिज से उतरते समय एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने स्कूटी सवार दंपति को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों सड़क पर गिरकर तड़पने लगे। यह हादसा पुलिस अधीक्षक कार्यालय से महज 100 मीटर की दूरी पर हुआ। उस वक्त एसपी ऑफिस के मुख्य गेट के सामने मोड़ पर ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड जवान मौजूद थे। होमगार्डों ने फौरन दौड़ लगाकर घायल दंपति को उठाया, उन्हें सड़क किनारे सुरक्षित जगह पर लिटाया और तुरंत एम्बुलेंस को सूचना दी। कुछ ही मिनटों में 112 पुलिस वाहन पहुंचा और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। होमगार्डों की त्वरित सूझबूझ और मानवीय संवेदना की हर तरफ सराहना हो रही है।

## प्रेम प्रसंग के चक्कर में युवक ने लगायी फांसी

बछरावां रायबरेली। प्रेमिका से मिलने आये प्रेमी का शव फांसी के फंदे से लटकता मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटनाक्रम के अनुसार बीते सोमवार की मध्य रात्रि 12:30 बजे के आसपास घटना की जानकारी पुलिस को प्राप्त हुई कि कस्बे के काछिन टोला में एक युवक अजय कुमार सिंह उम्र 26 वर्ष पुत्र राम केवल निवासी ग्राम छौनहा कौड़िया बाजार जनपद गोंडा का निवासी एक महिला से मिलने आया था। पड़ोसियों के मुताबिक महिला के साथ युवक का प्रेम प्रसंग का मामला बताया जा रहा है। संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव कमरे के अंदर गमछे के सहारे छत की कुंडी से लटका हुआ पाया गया। सूचना पुलिस को मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में ले लिया है। पुलिस की सूचना पर मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने मामले की जांच पड़ताल शुरू की। जिसके बाद पुलिस मौत के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# पुलिस ने किया दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अंतर्गत थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर स्थानीय थाने पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 161/ 2025 धारा 87/69/316(2), 115(2), 352/351(3) बीएनएस व धारा 3/5(1) उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन अधिनियम में वांछित अभियुक्त उबैद पुत्र सगीर निवासी बैहराना थाना कोतवाली नगर जनपद रायबरेली को थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। जिसके विरुद्ध स्थानीय थाने पर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने में उपनिरीक्षक अखिल तोमर, आरक्षी धीरज गौड़, आरक्षी जीत सिंह, आरक्षी पुष्पेंद्र की महती भूमिका रही।

# रायबरेली के बच्चों का भविष्य सवार रहा जय गणेश

> संस्थापक सनोज त्रिवेदी बांट रहे बच्चों में ज्ञान

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक परीक्षा 2025 के परिणाम घोषित किया जा चुके हैं जिसमें शहर के डिग्री कॉलेज चौराहे पर संचालित जय गणेश आईएएस के 17 होनहार मेधावी छात्र और छात्राओं ने सफलता अर्जित की है छात्रों का कहना है कि अगर आज हम लोग सिविल सर्विसेज के पहले पायदान तक पहुंचे हैं तो इसमें हमारे संस्थान और संस्थान के संस्थापक सनोज त्रिवेदी सर का महत्वपूर्ण योगदान है मेहनत तो हम लोगों को करना होता है मगर उस मेहनत को किस दिशा में ले जाना है और किस तरह अपने समय का प्रबंधन करते हुए मेहनत करना है उसका रास्ता सर ने हम लोगों को दिखाया।सफलता का श्रेय सनोज त्रिवेदी सर को जाता है जिनके मार्गदर्शन में हम लोग सिविल सर्विसेज के पहले पायदान तक पहुंचे हैं। जय गणेश कोचिंग के संस्थापक सनोज त्रिवेदी का कहना है कि अगर बच्चे पढ़ाई के प्रति समर्पित हो जाए और अपना मूल मंत्र दूर दृष्टि कड़ी मेहनत पक्का इरादा और मजबूत इच्छा शक्ति के साथ लग जाए तो सफलता उनके कदम चूमेगी। सिविल सर्विसेज तक वही बच्चा पहुंचता है जिसके अंदर धैर्य रखने की क्षमता होती है क्योंकि सफलता एक दिन में नहीं मिलती है उसके लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है रातों की नींद त्यागना पड़ता है। उत्तर प्रदेश प्रारंभिक परीक्षा 2025 में संस्थान की तरफ से सफल हुए छात्र और छात्राएं अमरजीत विक्रम राम लगन सिंह शैलजा वर्मा जयंती सोनकर चंद्रेश सिंह अरिसा शिवानी सिंह मीरा मिश्रा दीक्षा जायसवाल गौरव सिंह चौहान वैष्णवी गुप्ता पल्लवी स्वास्थ्य सतीश यादव प्रीति गुप्ता अमित सिंह सुप्रिया शुक्ला आदि बच्चों ने सफलता अर्जित की है।

# अटल जन्म शताब्दी पर आयोजित होगें विविध कार्यक्रम

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

अटल जन्म शताब्दी के अवसर पर 5 और 6 दिसंबर को सुबह 10 से शाम 5:30 तक दो दिवसीय भव्य एवं मनमोहक कार्यक्रम संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के प्रयोजन सहयोग से मदन फाउंडेशन अमेठी देव मैरिज लॉन ककवा रोड, कस्बा अमेठी में आयोजित कर रहा है, जिसमें आम जनमानस के साथ-साथ जिले के अधिकांश समाजसेवी एवं सम्मानित व्यक्तियों के पहुंचने की संभावना है। कार्यक्रम की प्रमुख रूपरेखा में 5 दिसंबर को विराट कवि सम्मेलन प्रख्यात कवि समीर मिश्र के संचालन में होना सुनिश्चित किया गया है जिसमें सम्मानित कवि रवींद्र रंजन, शिकोहाबादी, निर्झर प्रतापगढ़ी, डॉ फूल कली पूनम, डॉ अर्चना ओजस्वी, मकसूद जाफरी, चंद्रप्रकाश पांडे मंजुल, रामेश्वर सिंह, निराशा राज किशोर सिंह, सुरेश शुक्ला, नवीन, रामबदन शुक्ला पथिक, तथा आराध्या पांडे दिन प्रतापगढ़ी, जैसे सम्मानित कवियों का पहुंचना सुनिश्चित हुआ है। 6 दिसंबर को हरदोई से आए कलाकारों द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई पर आधारित मंचन के साथ -2 पत्रकारों अधिवक्ताओं तथा विद्वानों और समाजसेवियों को सम्मानित करना सुनिश्चित किया गया है।

# पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खैराबाद में डीएम ने लगायी पाठशाला

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खैराबाद का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास, बच्चों की लैब आदि देखा। इस दौरान 539 बच्चें उपस्थित पाये गये। साथ ही उन्होंने अध्यापकों की संख्या, भोजन, पानी, खेलकूद व्यवस्था, सी.सी.टी.वी., मनोरंजन, योग, शौचालय, स्नानागार, बच्चों को प्रतिदिन दिये जाने वाले भोजन के मैन्यू की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि स्कूल की निरन्तर सही ढंग से साफ-सफाई कराते रहें, कहीं पर भी गंदगी न दिखायी दे। खेलकूद मैदान में गंदगी व अन्य समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुये जिलाधिकारी ने उपप्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह पर अनुशासनिक कार्यवाही एवं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। किचन में गंदगी एवं भोजन की खराब गुणवत्ता पर नाराजगी व्यक्त करते हुये किचेन व्यवस्था प्रभारी मनीष शुक्ला पर अनुशासनिक कार्यवाही के साथ-साथ ठेकेदार पर 10 प्रतिशत की कटौती करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने विद्यालय के सुधार हेतु 15 दिनों को समय दिया। जिलाधिकारी आर.ओ. के पानी की गुणवत्ता को परखते हुये संबंधित को निर्देशित किया कि आर.ओ. प्रथम व द्वितीय तल पर जरूर लगाया जाये ताकि बच्चों को पानी की समस्या न हो, यह सुनिश्चित किया जाये। रात्रि के समय बालिकाओं की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। बच्चों के साथ पाठशाला लगाकर जिलाधिकारी ने वार्ता करते हुये उनकी समस्याओं को सुना एवं आश्वासन दिया कि 15 दिन के अन्दर सभी समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित किया जायेगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि मेरा सी0यू0जी0 नम्बर सभी कक्षा कक्ष के बाहर अंकित किया जाये, जिससे बच्चों को आवश्यक होने पर मुझसे सम्पर्क स्थापित कर सकें। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित किया कि शौचालय व स्नानागार जो भी कमियां हैं, उन्हें जल्द से जल्द दूर किया जाये तथा आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाये। बच्चों को 02 साल से यूनीफार्म न मिलने, बेडशीट आदि न मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये शासन को रिपोर्ट जारी करने के लिये कहा। हिन्दी अध्यापक एसके श्रीवास्तव के बेहतर शिक्षा के लिये जिलाधिकारी ने प्रशंसा की। जिलाधिकारी ने महत्वपूर्ण रजिस्टरों का अवलोकन करते हुये कहा कि सभी रजिस्टर अद्यतन रखे जायें।

# भाजपा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक आयोजित



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष शुक्ला की आवश्यकता में जिला पदाधिकारी व पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मतदाता गहन पुनिरिक्षण अभियान की समीक्षा बैठक आहूत की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने उपस्थित पदाधिकारीगणो को अभियान को गति देकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर चर्चा की। साथ ही कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्य का फीडबैक भी लिया गया उन्होंने बताया कि भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को पार्टी के निर्देशों के अनुसार लगातार फील्ड पर उतरकर कार्य करना है जिससे मतदाता व इस कार्य में लगे लोगों को सहायता प्राप्त हो सके।

# जीडी गोयनका स्कूल में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**450 बच्चों का किया गया पूरा मेडिकल चेक-अप**



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नगर में फर्रूखाबाद रोड स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय निऱशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्कूल के करीब 450 बच्चों का संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा अभिभावकों को व्यक्तिगत रिपोर्ट व परामर्श प्रदान किया गया। शिविर का शुभारंभ करते हुए वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. नीरज यादव ने कहा कि यह संस्थान छात्र कल्याण एवं स्वास्थ्य देखभाल को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। स्कूल के चेयरमैन डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने हेल्थ इज वेल्थ के सिद्धांत पर बल देते हुए अभिभावकों को बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति से नियमित अवगत कराने की बात कही। मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. अनीता रंजन ने नियमित फॉलो-अप को शैक्षणिक संस्थान की अनिवार्य जिम्मेदारी बताया। चिकित्सक टीम में डॉ. श्रेया दुबे, डॉ. अमृता सिंह यादव, डॉ. काजल यादव एवं डॉ. मोहम्मद ज़ाहिद शामिल रहे। बच्चों को स्वच्छता, पोषण तथा स्वास्थ्य पर जागरूक करने हेतु विशेष स्वास्थ्य जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया। प्रिंसिपल मिस्टर जैकब सेबेस्टियन ने चिकित्सक दल का आभार व्यक्त करते हुए स्वस्थ, सुरक्षित एवं सहयोगात्मक वातावरण बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। पूरे कार्यक्रम का सुचारु संचालन साईं मीर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चीफ स्ट्रेटजिस्ट पुनीत सिंह ने किया।

## दिव्यांगजनों को आज मिलेंगे नि:शुल्क सहायक उपकरण

**छिबरामऊ (कन्नौज)।** विकासखंड कार्यालय में 3 दिसंबर को दोपहर 12 बजे विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय दिव्यांगजनों को नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरण करेंगी। यह कार्यक्रम भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) कानपुर के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। गत 22 जुलाई को नगर पालिका परिसर में लगे शिविर में 49 दिव्यांगजनों की जांच कर उन्हें व्हीलचेयर, ट्राईसाइकिल, बैसाखी, श्रवण यंत्र आदि सहायक उपकरणों के लिए चयनित किया गया था। अब इन्हीं चयनित दिव्यांगजनों को विधायक के हाथों उपकरण सौंपे जाएंगे। कार्यक्रम में जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे।

# एक समान हो सभी चुनावों की मतदाता सूची



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

छिबरामऊ, कन्नौज। पुराना सौरिख बस स्टॉप स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक में कांग्रेस विचार मंच के जिलाध्यक्ष एवं अखिल भारतीय जन आंदोलन फ्रंट के प्रदेश सचिव विनोद कुमार दुबे ने कहा कि विधानसभा, लोकसभा, स्थानीय निकाय व ग्राम पंचायत सभी चुनावों की मतदाता सूची एक समान होनी चाहिए। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश में पिछले करीब 40 वर्ष से कांग्रेस सत्ता से बाहर रही है। ऐसे में इन वर्षों में अन्य सत्तारूढ़ रही पार्टियों ने ही मतदाता सूची में भारी घपला करके सत्ता हासिल की। निर्वाचन आयोग की एसआईआर से कन्नौज जिले में डेढ़ से दो लाख डुप्लीकेट, मृतक व स्थानांतरित मतदाताओं के नाम कट सकते हैं, केवल छिबरामऊ में ही करीब 20 हजार नाम सूची से बाहर होने की उम्मीद है। श्री दुबे ने दावा किया कि निष्पक्ष सूची बनने पर अगले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस जरूर सत्ता में वापसी करेगी। अंत में 2 मिनट मौन रहकर पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

बैठक में आसाराम यादव, अजय दुबे, देवकीनंदन दुबे मुन्ना, राजीव अग्निहोत्री, राजेश कुमार व भैयालाल आदि उपस्थित रहे।

## पूरे संसार में प्रभु परमात्मा मौजूद : महात्मा संदीप सिंह चौहान





**छिबरामऊ, कन्नौज।** पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी भवन में आयोजित सत्संग में फर्रूखाबाद से पधारे पूज्य महात्मा संदीप सिंह चौहान ने कहा इस पूरे संसार में प्रभु परमात्मा मौजूद हैं। इस सच्चाई से वाकिफ कराने और इस एक के साथ नाता जोड़ने और संसार के कल्याण के लिए सदगुरु धरती पर आते हैं। उन्होंने कहा हर बार इसी उद्देश्य के साथ जहां जहां जाने का अवसर मिलता हैं वहां वहां सिर्फ एक सत्य प्रभु परमात्मा की बात का जिक्र होता हैं ताकि संसार में हर किसी के जीवन को सदगुरु आनन्द से भर सकें जिससे मानव जीवन का कल्याण हो। यह प्रभु परमात्मा इतना अधिक नज़दीक है, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। ब्रह्मज्ञान की प्रप्ति के साथ ही हमने इस निकटता का अहसास किया। परमात्मा का मिलना सरल है, बस आप अंधेरे कमरे में लाइट आन कर दीजिय और इसमें जितना समय लगेगा उतने समय में ही परमात्मा मिल सकता है। मुक्ति मिल सकती है। पर इसे इसलिए मुश्किल बना दिया जाता हैं कि उलझा दिया जाए और उन मुश्किलों को पार करके आगे पहुंच ही न पाए। कोई सत्य की बात की ही न जाये। इसके विपरीत परमात्मा ने ये जो सृष्टि रचाई है उससे सदगुरु ने परमात्मा मुझे इतने पास दिखा दिया कि जर्रे जर्रे में सिर्फ और सिर्फ ये परमात्मा नजर आ रहा हैं। महात्मा प्रेमचंद के संचालन में हुए सत्संग में अन्य महात्माओं ने भी अपने प्रवचनों एवं भजनों से साध संगत को निहाल किया।

# स्काउट-गाइड्स ने राष्ट्रीय जम्बूरी में बढ़ाई जनपद की शान

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



लखनऊ के वृंदावन योजना स्थित डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में 23 से 29 नवंबर तक आयोजित 19वीं राष्ट्रीय स्काउट-गाइड जम्बूरी में जनपद कन्नौज से जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज के निर्देश पर कुल 39 स्काउट-गाइड्स ने प्रतिभागिता की। 61 वर्ष बाद उत्तर प्रदेश में हुए इस ऐतिहासिक आयोजन में देश-विदेश से 32,000 से अधिक स्काउट-गाइड्स ने शिरकत की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका उद्घाटन किया जबकि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने समापन समारोह में शिरकत कर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज की 6 सदस्यीय टीम का नेतृत्व स्काउट मास्टर सुरजीत कुमार ने किया। कैंप में साहसिक गतिविधियां, पायोनियरिंग प्रोजेक्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम, फूड फेस्टिवल, ग्रैंड कैंप फायर, मिलिट्री बेस कैंप में आधुनिक हथियारों की प्रदर्शनी तथा रक्तदान शिविर जैसे अनेक कार्यक्रम हुए। विभिन्न राज्यों की टीमों ने अपनी लोक संस्कृति का शानदार प्रदर्शन किया। कैंप से लौटने पर कॉलेज में सभी प्रतिभागियों का विद्यालय परिवार ने जोरदार स्वागत किया। टीम लीडर सुरजीत कुमार ने प्रधानाचार्य राधावल्लभ मिश्र को जम्बूरी का शुभंकर, प्रतीक चिह्न, स्काउट कैप एवं बेज भेंट किए। आज का यह दिन प्रधानाचार्य राधा बल्लभ मिश्र को जन्म दिन तोहफा के रूप में समर्पित रहा। छात्र छात्राओं ने केक काटकर जन्म दिन मनाया और बच्चों के बीच टॉफियां बांटी गई।

इस अवसर पर पूर्व प्रबंधक आलोक गुप्ता, श्री नारायण गुप्ता, मेजर संदीप कुमार माधव, स्काउट मास्टर सत्यपाल सिंह, गोविन्द बाबू सक्सेना, रामजीत, वीरेंद्र कुमार वर्मा, राजीव कुमार शुक्ल, अजय कुमार चौरसिया, रूपेश कुमार सहित समस्त स्टाफ, एनसीसी कैडेट्स एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## शिक्षकों ने एफआईआर के विरोध में सांकेतिक प्रतियां जलाईं

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) बहाली एवं टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर दिल्ली में शांतिपूर्ण धरने पर दर्ज एफआईआर के विरोध में आज जनता इंटर कॉलेज में एटीईडब्ल्यूए/एनएमओपीएस के देशव्यापी आह्वान पर शिक्षकों-शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। 25 नवंबर को जंतर-मंतर पर आयोजित शांतिपूर्ण धरने में शामिल साथियों पर अनुमति से अधिक संख्या का हवाला देकर दर्ज एफआईआर के खिलाफ आक्रोश जताते हुए प्रदर्शनकारियों ने एफआईआर वापस लो लिखी सांकेतिक प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज किया तथा तत्काल एफआईआर निरस्त करने की मांग की। जिलाध्यक्ष प्रवीण पाठक ने कहा कि तानाशाही रवैया अपनाकर अधिकारों की लड़ाई लड़ने वालों को दबाया-डराया जा रहा है। यदि आज हम साथ नहीं खड़े हुए तो कल हमारे अधिकारों के लिए कौन लड़ेगा? संगठन हमेशा आपके लिए लड़ता रहा है।

## कन्नौज पहुँचे सपा राष्ट्रीय महासचिव, कार्यकर्ताओं से की मुलाकात



कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। समाजवादी पार्टी कार्यालय में मंगलवार को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव का कन्नौज आगमन हुआ। उनके पहुंचते ही कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से भेंट कर संबंधित जानकारी जुटाई तथा उनकी शिकायतें सुनीं। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं के निस्तारण हेतु वह संबंधित उच्च अधिकारियों से वार्ता करेंगे। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि पार्टी का हर कार्यकर्ता स.ढ्ढ.क्रफॉर्म भरवाने के अभियान में सक्रिय रूप से जुटे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार पढ़े- लिखे मतदाताओं का नुकसान करना चाहती है, इसलिए समाजवादी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि बूथ स्तर तक प्रत्येक समर्थक को एसआईआर फॉर्म भरवाने में सहयोग करें, ताकि किसी भी मतदाता का हक न छूटे। इस दौरान जिलाध्यक्ष कलीम खान, वरिष्ठ सपा नेता जयकुमार तिवारी 'बऊअन', पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव, पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे, सयुस प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन, पी.पी. सिंह बघेल शशिमा सिंह दोहरे सहित आदि कार्यकर्ता रहे।

# खेलकूद प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों ने बिखेरा जलवा

**प्रतियोगिता का बीईओ ने किया शुभारंभ**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में समेकित शिक्षा के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा मंगलवार को क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय तरपुरवा में एक दिवसीय तहसील स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कन्नौज, कन्नौज नगर, जलालाबाद और गुगरापुर ब्लॉक के दिव्यांग बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र वर्मा ने दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। उद्घाटन के बाद बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। प्रतियोगिता में दौड़, कुर्सी दौड़, रस्साकस्सी, रंगोली, गणित दौड़, गायन तथा नृत्य सहित विभिन्न गतिविधियों में दिव्यांग बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सभी कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र वर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुए। उन्होंने दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की अपील करते हुए कहा कि समाज के हर तबके को आगे आकर इन बच्चों को अवसर देने चाहिए, ताकि वे अपने हक और अधिकारों के साथ सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें। कार्यक्रम में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार विद्यालय के सहायक अध्यापक मो. तस्लीम द्वारा वितरित किए गए। आयोजन को सफल बनाने में स्पेशल एजुकेटर रजनीश कुमार यादव, संजय कुमार, देवेश चंद, पीयूष वाजपेयी, सीमा सिन्हा, अनिता देवी, दिनेश कुमार, आकांक्षा गुप्ता आदि का योगदान रहा।




विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते सहायक अध्यापक मो. तस्लीम

## मारपीट के मामले में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** फसल में बकरियां चराने का उलाहना देने पर दबंगों ने महिला को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर महिला समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर खास निवासी महिला सीमा ने दी तहरीर में बताया कि लगभग दो माह पूर्व उनके खेत में खड़ी धान की फसल में गांव के ही कुछ लोगों ने बकरियां चराई थीं। इसी बात का उलाहना उन्होंने गांव निवासी रिंकू को दिया। रिंकू ने महिला के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। रिंकू ने स्वजनों सुदेश, सरनाम व पत्नी सोनी के साथ मिलकर पीड़ित महिला को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। बचाने आए पीड़िता के पति मनमोहन के साथ भी मारपीट कर दी। महिला ने थाने पहुंचकर मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने महिला समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# मंदिर परिसर में घुसे वन बिलार को कर्मचारियों ने पकड़ा

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

मंदिर परिसर में घुसे वन बिलार को कर्मचारियों ने पकड़ लिया। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम उसे पकड़कर साथ ले गई। जिसके बाद कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।

नगर के जैन श्वेतांबर मंदिर परिसर में मंगलवार दोपहर एक वन बिलार घूम रहा था। परिसर में मौजूद पालतू कुत्ते ने उसको दौड़ा दिया। जिससे वह कमरे में जाकर घुस गया। मंदिर में मौजूद कर्मचारियों बंटी शर्मा, मुकुल, कमल व विनोद ने कड़ी मशक्कत के बाद उसको पकड़ लिया। कर्मचारियों ने वन बिलार को पकड़कर बोरी में बंद कर लिया। कर्मचारियों ने मामले की सूचना मंदिर ट्रस्ट के मंत्री पुखराज डागा को दी। उन्होंने मामले की सूचना वन विभाग टीम को दी। मौके पर पहुंचे वन विभाग के दारोगा शैलेश कुमार उसको अपने साथ ले गए। पुखराज डागा ने बताया मंदिर परिसर में पुराने पेड़ों पर तोते, पालतू बिल्लियां व अन्य छोटे जानवरों को उक्त वन बिलार ने मारकर खा लिया है। वन बिलार के पकड़े जाने के बाद कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। पुखराज डागा ने कर्मचारियों के साहस की सराहना की। वन विभाग के दारोगा शैलेश कुमार ने बताया जानवर को पकड़ लिया गया है। उसको सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाएगा।



वन विभाग द्वारा पकड़ा गया वन बिलार

## हादसों का हॉटस्पॉट बना कालपी में पुराना यमुना पुल

**कालपी,जालौन।** मंगलवार को यमुना नदी कालपी के पुराने पुल की सड़क में बाइक सवार की बाइक फिसलने से युवक को गहरी चोटें आ गयी। गंभीर रूप से घायल युवक की पहचान केशव शुक्ला पुत्र राजेंद्र शुक्ला निवासी मुहल्ला मनीगंज कस्बा कालपी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुवह करीब 10 बजे मोटर साइकिल से केशव शुक्ला कानपुर देहात मौरम कारोबार के सिलसिले में जा रहा था। यमुना नदी के पुराने पुल पर सड़क में अचानक मोटर साइकिल सड़क पर गिर जाने से केशव को शरीर में गंभीर चोटें आ गई है। राहगीरों के द्वारा तत्काल घायल केशव को सीएचसी कालपी पहुंचाया गया। कालपी में तैनात डॉक्टर अशोक चक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुये रेफर कर दिया।

# चकबंदी रद्द करने की मांग पर किसानों का पंचायत घर में हंगामा

**मौके पर पहुँचे अतिरिक्त मजिस्ट्रेट ने किसानों से की बातचीत, दिया आश्वासन**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र में चल रही चकबंदी प्रक्रिया को रद्द करने की मांग को लेकर मंगलवार को किसानों ने पंचायत घर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। किसानों का आरोप था कि चकबंदी में व्यापक अनियमितताएं हो रही हैं और प्रक्रिया को तत्काल निरस्त किया जाए। दो दिन पहले भी किसान तहसील दिवस पर जिलाधिकारी से शिकायत कर चुके थे। इसीक्रम में जिलाधिकारी के निर्देश पर बंदोबस्त अधिकारी एवं अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अविनाश गौतम पंचायत भवन पहुंचे और किसानों से बातचीत की। किसानों ने कहा कि वे आपत्तियां दर्ज नहीं कराएंगे, बल्कि चकबंदी पूरी तरह रद्द होना चाहिए। अधिकारी अविनाश गौतम ने समझाया कि चकबंदी अभी कागजों पर है, जमीन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने चकबंदी सीओ संतोष तिवारी को निर्देश दिए कि 6 दिसम्बर से रोजाना किसानों की आपत्तियां सुनें। इसके बावजूद किसान निर्णय पर अड़े रहे। एडीएम ने बताया कि चकबंदी निरस्त करने के लिए दो- तिहाई बहुमत जरूरी है, जिस पर किसानों ने खातेदारों के आधार पर हस्ताक्षरयुक्त सहमति पत्र तैयार कर उन्हें सौंपा। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि रिपोर्ट शासन को भेज दी जाएगी। स्थिति तनावपूर्ण होने पर गुरसहायगंज कोतवाली पुलिस बल के साथ पहुँची। और हालात नियंत्रित किए। विरोध प्रदर्शन में विनय अवस्थी, हीरालाल एडवोकेट, अमित वर्मा, कन्हैया तिवारी, आलोक शुक्ला, सचिन मिश्रा, कुसमा देवी, मालती देवी सहित बड़ी संख्या में किसान रहे।



पंचायत घर जलालाबाद में किसानों की समस्याएं सुनते अधिकारी

# विधानसभा क्षेत्र 221 में मतदाताओं से शीघ्र जमा करने की अपील

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

विधानसभा क्षेत्र 221 उरई में निर्वाचन नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य को प्रभावी बनाने के लिए प्रशासन ने मतदाताओं से अपने (गणना प्रपत्र) शीघ्र बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) को उपलब्ध कराने की अपील की है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक मतदाता का गणना प्रपत्र समय पर बीएलओ को जमा होना आवश्यक है। बीएलओ को प्राप्त प्रपत्रों के आधार पर ही मतदाताओं की जानकारी निर्वाचन ऐप पर अपडेट की जाती है। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं द्वारा फॉर्म समय से जमा नहीं किया जाएगा, उनके नाम 16 दिसंबर 2025 को प्रकाशित होने वाली ड्राफ्ट निर्वाचक नामावली में दर्ज नहीं होंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसी स्थिति में इसके लिए संबंधित मतदाता स्वयं जिम्मेदार होगा। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने कहा कि सभी मतदाता एक जागरूक और जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपना प्रपत्र समय पर अवश्य जमा करें। आपका छोटा-सा प्रयास मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, सटीक और मजबूत बनाने में अहम योगदान देता है। हेल्पलाइन नंबर (सहायता हेतु) 9198441107, 8299442206 जागरूक बनें।

## महिला आयोग की अध्यक्ष का आगमन चार को

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।** प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी निशान्त पाण्डेय ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर प्राप्त) डॉ. बबीता सिंह चौहान 4 दिसंबर 2025 को जनपद के एक दिवसीय भ्रमण पर रहेंगी। अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, वह प्रातः 10 बजे जिला महिला चिकित्सालय उरई पहुंचेंगी, जहां गोद भराई, अन्नप्राशन एवं कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग कर मातृ-शिशु स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन करेंगी। इसके उपरांत प्रातः 11.30 बजे अध्यक्ष विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में विभिन्न संबंधित विभागों के साथ समीक्षा बैठक करेंगी तथा जनसुनवाई के माध्यम से महिलाओं से संबंधित शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर आवश्यक निर्देश प्रदान करेंगी। प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि जनपद स्तरीय समस्त संबंधित विभागों को बैठक में आवश्यक अभिलेखों एवं प्रगति विवरण के साथ उपस्थित रहने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# जनसंघर्ष मोर्चा सात जनवरी को देगा कलेक्ट्रेट में धरना

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



मंगलवार को पूर्व विधायक संतराम कुशवाहा के आवास पर जन संघर्ष मोर्चा की हुई बैठक सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया सिटी मजिस्ट्रेट धारा 144 की बात कह कर अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर जन संघर्ष मोर्चा जो 3 दिसंबर को कलेक्ट्रेट में शान्ति पूर्ण धरना देने जा रहा था। उसको कलेक्ट्रेट में या अन्य कहीं भी धरना देने की अनुमति देने से साफ इंकार कर दिया।

जबकि दूसरी ओर सत्ता रुढदल के नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष स्वागत समारोह में निकले हजारों लोगों के जुलूस को अनुमति दी गई। इस अन्याय के विरोध में जन संघर्ष मोर्चा के हजारों लोग आगामी 7 जनवरी 2026 को कलेक्ट्रेट में अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर विशाल धरना देंगे। जन संघर्ष मोर्चा के संयोजक गिरेन्द्र सिंह ने कहा कि 19 नवंबर को जन संघर्ष मोर्चा ने जो 6 सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित जिला अधिकारी के माध्यम से सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा था। उसमें उसमें भी मौसम हुई बरसात में किसानों की फसलों को जो नुकसान हुआ है उसमें 30000 प्रति एकड़ मुआवजा देने की, किसानों को खाद की उपलब्धता और नकली खादकी बिक्री पर रोक लगाने, सड़कों पर गड्ढे अभिलंब भरने, किसने की फसलों का नुकसान कर रहे तथा सड़कों पर दुर्घटना का कारण बन रहे आवारा पशुओं पर रोकथाम करने की जिम्मेदारी जिन पर है उनको कठोर आदेश देने की तथा गांव और शहरों में भू माफिआओं द्वारा जो अवैध कब्जा किया जा रहे हैं उनके विरुद्ध काटकुर कार्रवाई करने की मां की। बैठक में पूर्व विधायक संतराम कुशवाहा ने जल शक्ति मंत्रालय द्वारा गांव-गांव में खोदी गई सड़कों, का मामला उठाया।

तो वहीं रामकृष्ण शुक्ला, अशोक गुप्ता महाबली, देवेंद्र शुक्ला, जीतेंद्र यादव फौजी, कमल दोहरे, भानू राजपूत आदि नेताओं ने विचार व्यक्त किया। अंत में सर्वमत से 7 जनवरी को अपनी छह सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में धरना देने का प्रस्ताव पारित हुआ।

# भाकियू की मासिक पंचायत में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

रतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत प्रगतिशील कृषक गोविन्द सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें किसानों ने विभिन्न समस्याओं को उठा कर एसडीएम मनोज कुमार सिंह को 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन को सौंपकर समस्या के निदान करने की मांग की। मासिक पंचायत के उपरांत किसानों का प्रतिनिधिमंडल तहसील कालपी में पहुचा। किसान यूनियन यूनियन के तहसील अध्यक्ष अजय पाल सिंह राजू मलथुआ के नेतृत्व में किसानों के प्रतिनिधि मंडल ने को ज्ञापन सौंपते हुए अवगत कराया है कि कालपी तहसील क्षेत्र में यमुना नदी की बाढ़ से मटर, धान, ज्वार बाजरा की फसलें बर्बाद होने से प्रभावित किसानों की माली हालत खराब हो गई है। इसलिए प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाए। वे मौसम बारिश से खरीफ व रवि कि फसले पूर्णत नष्ट हो गई हैं। प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाए। किसानों को सहकारी समितियां तथा प्राइवेट दुकानों में निर्धारित रेट में डीएपी तथा यूरिया खाद उपलब्ध कराई जाए। धान, बाजरा, ज्वार को एमएसपी रेट मैं खरीद की सरकारी क्रय केंद्रो में उचित व्यवस्था की जाए। पशुओं से फसलों की बरबादी रोकी जाए। रियल टाइम खतौनी में जो गड़बड़ी है उसे जल्दी ठीक कराया जाए। राजकीय नलकूपों में विद्युत तथा यांत्रिक दोष को ठीक करा कर चलाया जाए। अन्ना गोवंशों व जानवरों पर नियंत्रण के लिए प्रभावी व्यवस्था की जाए।

## सूचना

मैंने अपने पुत्रों फुरखान खान, गुफरान खान, शाहरुख खान व फारुख खान एवं पत्नी आसमा बेगम से संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इन सभी के किसी भी कार्य, घटना, मुकदमा या लेनदेन से मेरे सहित मेरी पुत्रियों गुलफसां बानो, गुलफिसां बानो, फूल बानो व सोनम बानो का कोई वास्ता नहीं होगा।

**मो. तौफीक पुत्र अब्दुल हकीम निवासी डुडवा बुजुर्ग थाना गुरसहायगंज, तहसील छिबरामऊ (कन्नौज)।**

# चिकित्सकों की लापरवाही से गई महिला की जान, स्टाफ मौके से फरार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


मृतका का फाइल फोटो


मौके पर हंगामा करते परिजन व मौजूद पुलिस

थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के बाईपास जसमई स्थित लखदातार हॉस्पिटल में गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। जहां इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि इंजेक्शन लगते ही महिला की हालत बिगड़ी और कुछ ही मिनटों में उसकी मौत हो गई।

थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम भाऊटोला निवासी राजेश राठौर के पुत्र अंकित का विवाह बीते लगभग डेढ़ साल पूर्व फतेहगढ़ के ग्राम निनौआ निवासी शिवकुमार राठौर की 25 वर्षीय पुत्री निशा के साथ हुआ था। अंकित मजदूरी का कार्य करता है। बीते रविवार 30 नवंबर को प्रसव पीड़ा होने पर आशा की मदद से जसमई दरवाजे के लखदातार अस्पताल में भर्ती किया था। अंकित के अनुसार उसकी पत्नी निशा को सोमवार को रात लगभग 3 बजे आपरेशन से बच्चे का जन्म हुआ। मंगलवार 2 नवंबर को सुबह लगभग 7 बजे अस्पताल के चिकित्सक ने प्रसूता निशा के इंजेक्शन लगाया। अंकित का आरोप है कि उसकी पत्नी की इंजेक्शन गलत लगने के बाद हालत बिगड़ गयी और उसे अस्पताल से रेफर किया गया। परिजन निशा को गंभीर हालत में लेकर बढ़पुर के एक निजी अस्पताल लाये। जहाँ चिकित्सक ने निशा को मृत घोषित कर दिया। निशा की मौत से परिजन आक्रोशित हो गये। उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष मऊदरवाजा लक्ष्मण सिंह, चौकी प्रभारी रायपुर अरविन्द कुमार मौके पर पहुंचे और जाँच की। मृतका के पति अंकित की तहरीर पर दारोगा अरविन्द कुमार ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ने बताया की शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही होगी।

# कमालगंज में ट्रेन की चपेट में आने से तीन गोवंश की मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**


मौके पर मौजूद अखिल भारतीय गौरक्षा महासंघ के पदाधिकारी

कमालगंज थाना क्षेत्र के शेखपुर गुमटी संख्या 138-सी के पास सोमवार देर रात एक पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से तीन गोवंशों की मौत हो गई। यह ट्रेन फर्रुखाबाद से कानपुर की ओर जा रही थी।

घटना उस समय हुई जब ट्रेन ट्रैक से गुजर रही थी और गोवंशों का एक झुंड अचानक पटरी पार करने लगा। लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाए, लेकिन तब तक तीन गोवंश ट्रेन की चपेट में आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। गेटमैन ने तुरंत घटना की सूचना स्टेशन मास्टर को दी। सूचना मिलने पर ट्रैकमैन मौके पर पहुंचे और पटरी से गोवंशों के शवों को हटाया। इसके बाद ट्रेन आगे के लिए रवाना हो सकी। इस घटना के कारण कुछ समय के लिए रेल यातायात बाधित रहा। मंगलवार सुबह घटना की जानकारी मिलने पर अखिल भारतीय गौरक्षा महासंघ के पदाधिकारी सक्रिय हुए। प्रदेश महामंत्री अब्दुल जब्बार, जिलाध्यक्ष हरिगिरि, ब्लाक अध्यक्ष शिवशंकर और शिवम तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। महासंघ के पदाधिकारियों ने स्थानीय प्रशासन को घटना की सूचना दी। बीडीओ ने ग्राम प्रधान रामसेवक को तत्काल जेसीबी मशीन मंगाकर गड्ढा खोदने और शवों को दफनाने के निर्देश दिए। पशुचिकित्सालय के कर्मचारियों ने भी मौके पर पहुंचकर आवश्यक जांच की। गौरक्षा दल के सदस्यों ने ग्राम प्रधान के सहयोग से जेसीबी मशीन की मदद से गड्ढा खुदवाकर तीनों गोवंशों के शवों का अंतिम संस्कार किया।

## नसबंदी शिविर को सफल बनाने के लिए बैठक सम्पन्न


बैठक के दौरान मौजूद आशा कार्यकर्ता व बीसीपीएम आदि

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आशा कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नसबंदी शिविर, आयुष्मान कार्ड और आभा कार्ड बनाने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों पर चर्चा हुई। बीसीपीएम प्रदीप कुमार ने सभी आशा कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि वे आगामी नसबंदी शिविर के लिए अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित कर सीएचसी लाएं। यह शिविर कल सीएचसी पर आयोजित किया जाएगा। प्रदीप कुमार ने आशा कार्यकर्ताओं से लोगों के आभा कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनवाने में सहयोग करने के लिए भी कहा। इसके अतिरिक्त उन्हें अपनी आशा डायरी को अद्यतन रखने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में बीसीपीएम प्रदीप कुमार के साथ बीओसी मुस्कान, बीएमसी रिजवाना और आशा कार्यकर्ता सरस्वती, सुनीता, साधना, निशा, किरण, मीरा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सचिवों का दूसरे दिन भी जारी रहा विरोध प्रदर्शन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नवाबगंज ब्लॉक में ग्राम पंचायत अधिकारियों और ग्राम विकास अधिकारियों ने गैर विभागीय कार्यों के बढ़ते बोझ और अनावश्यक दबाव के खिलाफ शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन किया। समन्वय समिति के तत्वावधान में यह आंदोलन 1 से 4 दिसंबर तक ऑनलाइन उपस्थिति के माध्यम से संचालित किया जाएगा।

आंदोलन के दूसरे दिन ब्लॉक के सचिवों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि विभागीय कार्यों के अतिरिक्त लगातार गैर विभागीय कार्य सौंपे जा रहे हैं। जिससे नियमित विकास कार्य और ग्राम पंचायतों की मूल जिम्मेदारियां प्रभावित हो रही हैं। समिति के



ब्लाक पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताते सचिव

पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि ग्रामीण विकास व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले इन अधिकारियों ने सरकार और उच्च अधिकारियों को अपनी समस्याओं से कई बार अवगत कराया था। हालांकि स्थिति में कोई सुधार न होने के कारण सत्याग्रह का निर्णय लिया गया। समिति ने स्पष्ट किया है कि यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहेगा। ग्राम पंचायत स्तर पर आवश्यक और जनहित के कार्य प्रभावित नहीं होंगे, लेकिन अनावश्यक और गैर विभागीय कार्यों का विरोध दृढ़ता से जारी रहेगा। आंदोलन के दौरान अधिकारी और सचिव प्रतिदिन अपनी ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराकर एकजुटता प्रदर्शित करेंगे। इस आंदोलन की सूचना विभागीय अधिकारियों को भी प्रेषित कर दी गई है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत संगठन के जिला सचिव प्रमोद शुक्ला, अनुपम बाजपेई ब्लॉक अध्यक्ष, बृजेश कुमा यादव, मोतीलाल यादव, आकांक्षा सक्सेना, प्रवीण कुमार, वेद प्रकाश, कामता प्रसाद पटेल, कुलदीप राजपूत, अरविंद कुमार और सुनील कुमार गौतम सहित समस्त ग्राम सचिव व ग्राम पंचायत अधिकारी उपस्थित थे।

## जानलेवा हमले में दो सगे भाइयों को आजीवन कारावास




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम शैली रॉय ने रामबहादुर, राजकुमार पुत्रगण चेतरात समस्त निवासीगण बबुरारा नवाबगंज को जानलेवा हमले के मामले में दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर आजीवन कारावास व सात-सात हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। बीते 18 वर्षों पूर्व थाना नबावगंज क्षेत्र के ग्राम बबुरारा निवासी प्रमोद कुमार पुत्र बाबूराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया था कि 28 अगस्त 2007 को शाम करीब ६ बजे वह अपने खेत से घर आ रहा था, तो देखा कि राकेश के घर के सामने उसकी चाची की जगह को रामबहादुर, राजकुमार, रामप्रकाश, बंटू कब्जा करने की नियत से आये। जो अपने हाथों में लाठी-डंडा व टकोरा लिये थे। जब मैंने विरोध किया, तो मुझे मारापीटा। जिससे मेरी पीठ में गंभीर चोटें आई थीं। मौके पर गांव के कई लोग आ गए। उन्होंने मुझे बचाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता कृष्ण कुमार पांडेय की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैली रॉय ने राबहादुर, राजकुमार को आजीवन कारावास व सात-सात हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। बंटू की पत्रावली पृथक कर दी गई है। मुकदमा विचारण के दौरान रामप्रकाश की मृत्य हो गई थी।

## खबरें एक नजर में

### पुलिया के नीचे पड़ा मिला अधेड़ का शव


मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद थाना क्षेत्र के ठंडी कुइयां बाग के अंदर शमशाबाद संपर्क मार्ग पर पुलिया के नीचे मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने एक बाइक सवार व्यक्ति का शव पड़ा देखा। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना अमृतपुर के ग्राम करनपुर घाट निवासी 50 वर्षीय रामपाल पुत्र रामशंकर का शव शमशाबाद सम्पर्क मार्ग ठंडी कुईयाँ में अधेड़ का शव पड़ा मिला। सूचना पर थानध्यक्ष रमेश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पंहुचे और शव की तलाशी लेने के दौरान उसमें पास मिले आधार कार्ड से परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस दुर्घटना अधेड़ की मौत दुर्घटना से होना बता रही है। थानाध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया की शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जायेगी।

### युवक की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** तहसील कायमगंज क्षेत्र के गॉंव नगला खुमानी सिवारा खास निवासी वीरेन्द्र उम्र 30 वर्षीय पुत्र बालिस्टर की हालत बिगड़ने पर परिजन कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अमरेश कुमार ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। फार्मासिस्ट जगजीवन ने मेमो थाने भिजवाया। परिजन शव लेकर घर चले गये।

### अधेड़ ने गृहकलह के चलते पीया कीटनाशक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गॉंव वसईखेड़ा निवासी महावीर सिंह यादव उम्र 46 वर्षीय पुत्र भगवान सिंह ने ग्रह कलह के चलते जहरीला कीटनाशक पदार्थ पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अमरेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### दो अलग-अलग महिलाओं ने युवक के खिलाफ दी मारपीट की तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बा नवाबगंज के मोहल्ला नया गनीपुर निवासी एक महिला मंगलवार की सुबह अपने घर के बाहर खड़ी थीं, तभी पड़ोस के ही युवक व उसके परिजन महिला से किसी बात को लेकर गाली-गलौज करने लगे। महिला द्वारा गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक व उसके परिजनों ने महिला के साथ मारपीट कर दी। मारपीट में महिला चोटिल हो गई। महिला ने मारपीट के दौरान उसके कपड़े फट जाने का आरोप लगाया है। महिला ने थाने पहुंचकर युवक व उसके परिजनों के खिलाफ तहरीर दी। वहीं उसी मोहल्ले की एक और महिला ने इसी युवक के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर में दूसरी महिला ने आरोप लगाए कि सोमवार की शाम को उसकी पुत्री घर के बाहर खेल रही थी, तभी युवक के बच्चों से कहासुनी हो गई। इस बात पर युवक व उसके परिजनों ने महिला की पुत्री के साथ मारपीट कर दी। थाना पुलिस ने दोनों तहरीर पर जांच कर कारवाही करने का भरोसा दिया।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने ली साप्ताहिक परेड की सलामी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फतेहगढ़ पुलिस लाइन में मंगलवार को सासाहिक परेड का आयोजन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार ने परेड की सलामी ली और उसका निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने पुलिसकर्मियों की परेड कराई।

इस दौरान पुलिसकर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखने के उद्देश्य से दौड़ लगवाई गई। यह गतिविधि उनकी दक्षता और स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती है। अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नवचयनित आरक्षीगण की पीटी और परेड का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सभी को अनुशासन और नियमों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। परेड के उपरांत अरुण कुमार ने क्वार्टर गार्ड, शस्त्रागार और मेस की साफ-सफाई का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अभिलेखों का अवलोकन भी किया। इसके अतिरिक्त पुलिस लाइन के आवासीय परिसर का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।


मैस का निरीक्षण करते एएसपी

# राजपूत रेजिमेंट में शामिल हुए 565 अग्निवीर एवं रिक्रूट्स

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

31 सप्ताह के कठिन प्रशिक्षण से सफलतापूर्वक गुजरने के बादए 565 अग्निवीर एवं रिक्रूट्स मंगलवार को गौरवशाली राजपूत रेजिमेंट में शामिल हो गये।

ब्रिगेडियर माईकल डिसूजा युद्ध सेवा मेडल कमान्डेंट राजपूत रेजिमेंट सेंटर ने ऐतिहासिक करिअप्पा मैदान में इस भव्य परेड का निरीक्षण किया। जिसका नेतृत्व परेड कमांड अग्निवीर (रिक्रूट्स) दुष्यंत प्रताप सिंह ने किया। अग्निवीरों के आगे बढ़ते कदमों से राजपूत रेजिमेंट परिसर गूंज उठा। जिससे सभी अतिथिगण मंत्रमुग्ध हो गए और भव्य परेड में 5 राजपूत की पैरा मोटर ग्लाइडिंग शो ने अपनी अदद्भुद कलाबाज़ी का प्रदर्शन किया और अग्निवीरों के सम्मान में पुष्प वर्षा की गई। पैरा मोटर शो के पायलट रहे नायक विपेंद्र 5 राजपूत अग्निवीर एवं रिक्रूट्स ने पूरे जोश, उत्साहए और उमंग के साथ पासिंग आउट परेड में भाग लिया। अग्निवीरों के माता-पिता और परिवारीजन भी परेड के दौरान उपस्थित रहे और उनका अपने बच्चों को सैनिक वर्दी में देखने का सपना भी पूरा हुआ। अग्निवीरों ने पिछले 31 सप्ताह के दौरान कर्तव्य निष्ठा, सम्मान और बलिदान के उच्च मूल्यों पर आधारित कठिन प्रशिक्षण प्राप्त किया और देश भर में राजपूत रेजिमेंट की विभिन्न बटालियनों में सेवा करने के लिए अपनी यात्रा शुरु करेंगे। राजपूत रेजिमेंटल सेंटर में कुल 427 अग्निवीरों और 138 प्रादेशिक सेना रिक्रूट्सों ने प्रशिक्षण में भाग लिया था। अग्निवीर बैच 06 से इस अवसर पर अग्निवीर रिक्रूट्स यश चौहान को ओवरऑल बेस्ट इन मेरिट के लिए बेस्ट अग्निवीर पदक से सम्मानित किया गया। कमांडेंट राजपूत रेजिमेंट सेंटर फतेहगढ़ ने सभी अग्निवीर एवं रिक्रूट्स को बधाई दी और उन्हें राष्ट्र निर्माण के पथ पर संगठित रहने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने यह भी कहा कि राजपूत परिवार का हिस्सा बनना बड़े ही गर्व और सौभाग्य की बात है और प्रशिक्षण के दौरान जो सिखलाई मिली है उसे अब राष्ट्र हित में लाने का समय आ चुका है। उन्होंने युद्ध और सुरक्षा के बदलते तरीकों से निपटने के लिए निरंतर नई तकनीक को सीखते रहने की जरुरत पर भी जोर दिया।


परेड का निरीक्षण करते ब्रिगेडियर माईकल डिसूजा

# शादी का झांसा देकर नाबालिग से बनाये शारीरिक संबंध, बाद में शादी से किया इन्कार

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

शादी करने का झांसा देकर नाबालिक से शारीरिक संबंध बनाए एवं बाद में शादी करने से इनकार कर दिया। फिलहाल घटना के संबंध में थाने में तहरीर दी गयी है। जानकारी के अनुसार थाना कमालगंज अंतर्गत एक गांव निवासी महिला ने थाने में दी गयी तहरीर में कहा है कि उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर गांव आजाद नगर (भटपुरा) का ही फुरकान अली पुत्र निसार अली पिछले करीब 8 माह से शारीरिक शोषण कर रहा है। पीड़िता की पुत्री द्वारा शादी से पूर्व शारीरिक सम्बंध बनाने का विरोध किया गया, तो फुरकान अली ने कहा कि वह यदि उसकी बात नहीं मानेगी तो उससे शादी नहीं करेगा। पीड़िता की आर्थिक स्थित कमजोर होने के कारण पीड़िता की पुत्री मजबूरी में फुरकान की बात मानने पर मजबूर हो गई। करीब आठ माह तक पीड़िता की पुत्री फुरकान की हरकतों को बर्दास्त करती रही। दिनांक 15.10.2025 को पीड़िता की पुत्री ने पीड़िता तथा परिवार के अन्य लोगों को शारीरिक शोषण की बात बताई। इस पर पीड़िता तथा परिवार के अन्य लोगों ने फुरकान के परिजनों से रिश्ते की बात की, तो फुरकान के पिता निसार, चाचा साबिर व जाविर पुत्रगण रज्जाक खां ने एक माह बाद शादी (निकाह) करने का आश्वासन दिया। वायदे के मुताबिक पीड़िता ने दिनांक 24.11.2025 को फुरकान के पिता व चाचा से शादी (निकाह) करने को कहा, तो फुरकान, उसके पिता निसार, चाचा साबिर, जाबिर ने शादी (निकाह) करने से मना कर दिया। बाद में साबिर, जाबिर तथा निसार पुत्रगण रज्जाक समस्त निवासीगण आजाद नगर (भटपुरा) थाना कमालगंज ने पीड़िता के घर पर आकर कहा फुरकान अली ने जो भी किया है वह भूवश किया है, उसके बदले में पैसा दे देगें, लेकिन पीड़िता ने पैसा लेने मना कर दिया तथा शादी करने को कहा। इस पर उक्त लोगों ने मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां देते हुये कहा कि तेरी पुत्री से मेरे बेटे फुरकान की शादी किसी भी कीमत पर नहीं होगी जो करना हो कर लो। वही ग्रामवासियों का कहना है कि पुलिस 2 से 3 दिन पूर्व आरोपी को पकड़कर थाना कमालगंज ले गई थी, लेकिन आरोपी का ना तो अभी तक चालान किया गया है ना ही मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मानसिक रुप से विक्षिप्त युवक ने लगायी फांसी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

मानसिक रुप से विक्षिप्त युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव शिवरई मठ निवासी सुशील श्रीवास्तव उम्र 18 वर्षीय पुत्र विजेन्द्र श्रीवास्तव जो की दिमाग से विछिप्त था। उसके परिजनों ने घर से दूर तालाब के पास अपने मवेशियों की देखरेख करने के लिए वहाँ झोपड़ी बना रखी थी, जिसमें वह लेटता था। सोमवार को सुशील ने गाँव से लगभग 500 मीटर की दूरी पर रामवीर पुत्र बाबूराम के आम के बाग में प्लास्टिक की निबाड़ द्वारा पेड़ पर फाँसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। उधर से गुजर रहे लोगों ने सुशील के शव फांसी के फंदे पर लटका देख उसके परिजनों को खबर दी। मौके पर पहुँचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाते ही हल्का इन्चार्ज जगदीश वर्मा हमराह कांस्टेबिल रोहित, पुष्पेन्द के साथ घटनास्थल पर पहुँचकर जाँच पड़ताल कर मृतक के शव का पंचनामा भरवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया मृतक के भाई निशान्त की लगभग 8 वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है।


मौके पर मौजूद पुलिस व रोते बिलखते परिजन

# एंबूलेंस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, साथी घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम भुड़ियाभेड़ा में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में जितेंद्र सिंह उर्फ नन्हें लल्ला पुत्र अनुज प्रताप सिंह (जीतू) उम्र लगभग 23 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। जीतू की शादी को अभी लगभग 6-7 महीने ही हुए थे। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां और पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। घर में मातम पसरा हुआ है। हादसे में उनके दोस्त शोभित शुक्ला उम्र लगभग 21 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। जहाँ उनका इलाज जारी है

थाना राजेपुर के ग्राम भुड़िया भेड़ा निवासी 24 वर्षीय अनुज प्रताप सिंह उर्फ जीत पुत्र जितेंद्र सिंह अपने साथी 21 वर्षी शोभित पुत्र सुनील शुक्ला के साथ बाइक से राजेपुर जा रहे थे। इस दौरान थाना राजपुर क्षेत्र के बदायूं मार्ग पर स्थित नासा नाला के निकट एक एम्बुलेंस ने बाइक सवार दोनों युवकों के टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों को एक निजी वाहन से पुलिस ने लोहिया अस्पताल भेजा। जहां ईएमओ डॉ0 अभिषेक चतुर्वेदी नें अनुज प्रताप को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल शोभित को उपचार के लिए भर्ती किया गया। मृतक का अभी एक साल पूर्व रानी सिंह से विवाह हुआ था।

दुर्घटना की खबर से मृतक की पत्नी रानी सिंह, माँ प्रभा देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक अनुज प्रताप दो भाईयों में छोटा था। बड़ा भाई अभय व बहन स्वीटी है। मृतक के पिता जितेंद्र सिंह तहसील अमृतपुर में अधिवक्ता के पास लिपिक का कार्य करते हैं। प्रभारी निरीक्षक सुदेश कुमार ने बताया की जाँच की जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।


रोते बिलखते मृतक के परिजन तथा मौजूद पुलिस

# सहकारी चीनी मिल को दो गन्ना क्रय केंद्र वापस मिले, किसानों ने जतायी खुशी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कायमगंज की दी किसान सहकारी चीनी मिल को उसके दो गन्ना क्रय केंद्र रोशनाबाद और फैजबाग वापस मिल गए हैं। ये केंद्र पहले गन्ना आयुक्त कार्यालय के आदेश पर हरदोई की डीसीएम श्रीराम शुगर यूनिट रूपापुर को दे दिए गए थे। इन केंद्रों के वापस मिलने से किसानों में खुशी है।

सहकारी चीनी मिल पिछले दो-तीन वर्षों से गन्ने की कमी के कारण पेराई का लक्ष्य पूरा नहीं कर पा रही थी। इस वर्ष क्षेत्र में बाढ़ के कारण गन्ने की कमी और बढ़ गई थी। जिससे मिल के बंद होने की आशंका जताई जा रही थी। इस मुद्दे को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने विरोध प्रदर्शन भी किया था। सहकारी चीनी मिल निदेशक मंडल के उपाध्यक्ष सावन कुमार उर्फ जय गंगवार और मिल के उच्चाधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर अपनी बात रखी थी। गन्ना विभाग की अपर मुख्य सचिव मीना कुमारी के समक्ष इस मामले में 29 नवंबर को अंतिम सुनवाई हुई। इसमें सहकारी चीनी मिल की ओर से मुख्य गन्ना अधिकारी प्रमोद यादव ने अपना पक्ष प्रस्तुत किया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अपर मुख्य सचिव ने दोनों गन्ना क्रय केंद्रों को वापस सहकारी चीनी मिल को आवंटित करने का आदेश दिया। किसानों ने बताया कि सरकारी चीनी मिल के गन्ना खरीद केंद्र निजी मिल को चले जाने से उन्हें काफी परेशानी हुई थी। उन्हें आशंका थी कि गन्ने की कमी दिखाकर चीनी मिल बंद कर दी जाएगी। अब दोनों खरीद केंद्र वापस मिलने से सभी किसान खुश हैं।

मिल के मुख्य गन्ना अधिकारी प्रमोद कुमार यादव ने जानकारी दी कि इस बार पेराई का लक्ष्य 17 लाख क्विंटल था, लेकिन गन्ने की कमी के कारण इसे संशोधित कर 7 लाख क्विंटल कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभी तक 3,500 किसानों को पर्ची जारी की जा चुकी है और 1.25 लाख क्विंटल गन्ना मिल में आ चुका है। उन्होंने किसानों से समय पर और साफ सुथरा गन्ना चीनी मिल लाने की अपील की है।


कायमगंज चीनी मिल

# विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय जंबूरी में दिखाया उत्कृष्ट कौशल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



जंबूरी कार्यक्रम में मौजूद स्काउट



निरीक्षण करती राष्ट्रपति

सीपी इंटरनेशनल स्कूल, के दस विद्यार्थी-अर्णव, आयुष्मान, अविघ्न, अविरल, दिव्या, रुद्रांश, आदित्य, कौटिल्य, प्रेम एवं अनय ने स्काउट मास्टर श्रवण कुमार मिश्र के नेतृत्व में बीते दिनों लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय जंबूरी प्रशिक्षण शिविर में सफलतापूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का समापन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया।

शिविर में देशभर एवं विदेशी दलों ने सहभागिता की। विद्यार्थियों को अनुशासन, समय प्रबंधन, टीमवर्क, नेतृत्व, आत्मनिर्भरता, सीमित संसाधनों में जीवन-निर्वाह, बिना बर्तन भोजन बनाना तथा लकड़ी-रस्सी से संरचना तैयार करने जैसे कौशलों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शिविर का उद्घाटन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने तथा समापन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य सहित अनेक मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। निर्देशिका डा0 मिथिलेश अग्रवाल, एमडी जोशना अग्रवाल, उपनिदेशिका अंजू राजे एवं प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने विद्यार्थियों के अनुशासन, साहस और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। अभिभावकों ने विद्यालय की व्यवस्था तथा स्काउट मास्टर श्रवण कुमार मिश्र की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

# प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने की एफआईआर वापस लेने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



विरोध करते शिक्षक

एनएमओपीएस के आवाह्न पर 25 नवम्बर को जंतर-मंतर दिल्ली में कार्यक्रम का आयोजन हुआ था। बड़ी संख्या में शिक्षकों व कर्मचारियों ने पहुंचकर भाग लिया और पुरानी पेंशन बहाली की मांग की। भीड़ ज्यादा एकत्र होने पर आयोजक पर एफआईआर की गई। एफआईआर के विरोध में शिक्षकों ने मंगलवार को अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में विरोध किया और मांग की है कि सरकार एफआईआर वापस लें। नहीं तो शिक्षक आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। पुरानी पेंशन मुद्दा नहीं एक मांग है जो बुढ़ापे का सहारा है। जब सांसद, विधायक कई पेंशन ले सकते है तो ऐसे में अपने जीवन के 60 साल तक कार्य करने वाले शिक्षक, कर्मचारी पेंशन के हकदार क्यों नहीं है। अपनी मांग मनवाने के लिए धरना प्रदर्शन करना मौलिक अधिकार है। अधिकारों का हनने अगर सरकार करेगी तो अटेवा के बैनर तले फिर जन आक्रोश आंदोलन होगा। सरकार से मांग है कि शीघ्र दर्ज हुई एफआईआर को वापस लिया जाये। रस्तोगी इंटर कालेज में शिक्षकों ने हाथों तख्तियां लेकर विरोध जताया। इस मौके पर अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, विजेन्द्र मथुरिया, हिमांशु शुक्ला, डॉ. अनुराग मिश्रा, देवेन्द्र कुमार, पारुल, यशवंत सिंह, सुभाष शुक्ला, गजेन्द्र सिंह, तनुजा सरकार आदि शिक्षक मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद बच्चे

## मिशन शक्ति के तहत चलाया गया जागरुकता कार्यक्रम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में महिला कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मिशन शक्ति अभियान जनजागरूकता कार्यक्रम 5.0 अंतर्गत विकास खण्ड कायमगंज में श्रीराम सिंह इंटर कॉलेज में जन जागरूकता कार्यक्रम हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ़वीमेन की जेंडर स्पेशलिस्ट निर्मला राजपूत ने बालिकाओं एवं बालकों को बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूक किया। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के पम्पलेट वितरण कर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामान्य बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, चाइल्ड लाइन के बारे में भी अवगत गया। प्रधानाध्यापिका रेनू यादव, सहायक अध्यापक नीलम मिश्रा, माधुरी यादव, शबनम गंगवार, आशी यादव, प्रियंका, आशा मधु, लता, स्वार्थी आदि लोग उपस्थित रहे।

# मेडिकल कालेज में संस्कार पीजी ओरिएंटेशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम में मौजूद प्रशिक्षु चिकित्सक

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में 2 दिसंबर को संस्कार पीजी ओरिएंटेशन कार्यक्रम तथा आयुर्वप्रवेशिका यूजी संक्रमणकालीन पाठ्यक्रम के सातवें दिवस का आयोजन किया गया। दिन की शुरुआत पीजी छात्रों के लिए तनाव प्रबंधन पर डॉ0 कविता नेगी द्वारा योग, मेडिटेशन एवं रिलैक्सेशन तकनीकों के माध्यम से हुई। जर्नल क्लब प्रस्तुतियों का संचालन डॉ0 मधु रंजन, डॉ0 कविता शर्मा एवं डॉ0 रुचि की देखरेख में किया गया। वहीं यूजी कार्यक्रम के अंतर्गत दिन की शुरुआत धन्वंतरि वंदना एवं आजचा सुविचार से हुई। डॉ0 धनराज पटेल ने विद्यार्थियों को प्रथमोपचार प्रशिक्षण के अंतर्गत कट, घाव, मोच, सदमा, रक्तस्राव एवं अन्य आपातकालीन स्थितियों से निपटने की बुनियादी तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। डॉ0 अरुण कुमार पांडेय ने आयुर्वेद और न्यूरॉन मानसिक विज्ञान तथा ऋतुछार्या एवं दिनचर्या एवं जलवायु अनुकूलन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। डॉ0 धनराज पटेल ने बुनियादी जीवन समर्थन बीएलएस प्रशिक्षण तथा सीपीआर तकनीक वयस्क, बच्चे, शिशु का अभ्यास कराया गया। डॉ0 दीप्ति त्रिवेदी, डीएचओ, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारीं और उन्होंने एक डॉक्टर के रूप में मेरी यात्रा विषय पर प्रेरणादायक वार्ता दी। जिसमें छात्रों को चिकित्सा सेवा के प्रति समर्पण एवं दृढ़ संकल्प की प्रेरणा मिली। समापन हर्बल गार्डन में आयोजित अर्ध-दिवसीय फील्ड विजिट के साथ हुआ। दोनों कार्यक्रमों ने छात्रों में न केवल चिकित्सा ज्ञान और व्यावहारिक कौशल का विकास किया, बल्कि आत्मविश्वास, प्रेरणा और समग्र व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## बच्चों ने गीता जयंती पर मानव श्रंखला बनाकर दिया संदेश



मानव श्रंखला में मौजूद बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गीता जयंती के उपलक्ष्य में जेएन मेमोरियल स्कूल घारमपुर में बच्चों ने मानव श्रंखला बनाकर संदेश दिया। विद्यालय के संस्थापक अंजुम दुबे ने गीता जयंती पर बच्चों को जानकारी दी कि गीता वह ज्ञान है जिससे पढ़ने से मनुष्य के दुखों का नाश होता है। गीता हमें उपदेश के साथ-साथ जीवन जीने की कला सिखाती है। महाभारत में भी भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश देते हुए कर्तव्य, निष्ठा के प्रति बोध कराया। मानव जीवन में गीता का उपदेश प्रमुख है। गीता अनंत है। हम सबको गीता पढ़नी चाहिए। जिससे दुखों का नाश हो। निदेशक दुष्यंत दुबे ने बच्चों को गीता जयंती पर संदेश दिया। इस मौके पर अमन दुबे, तान्या गुप्ता, ललित शुक्ला, माधव सिंह, अनुराग सिंह, रेखा त्रिवेदी, रत्ना परमार, सिमरन, अनुष्का, रितु कटियार, भूमि, नारायण आदि मौजूद रहे।

# तटबंध बनाओ जन संघर्ष समिति के बैनर तले ग्रामीणों ने भरी हुंकार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीण

तटबंध बनाओ जन संघर्ष समिति की बैठक सीमा के अंतिम गांव राजपुर ब्लॉक के कढ़हर ग्राम में संपन्न हुई। सैकड़ो लोगों ने आकर तटबंध बनाने के अभियान में अपना पूरा योगदान देने का वादा किया और प्रण किया कि हर हालत में तटबंध बनवा कर रहेंगे। बुजुर्गो ने कहा कि चलो कोई तो आगे आया है नहीं तो यहां पर सभी नेता वोट मांगने तो आते हैं पर हम लोगों पर जब विपत्ति आती है, तब एक भी नहीं दिखाई पड़ता।

संघर्ष समिति के अध्यक्ष भईयन मिश्रा ने कहा कि आज आप सब लोगों ने जो ताकत और साथ देने की घोषणा की है, इससे हम लोगों के हौसले मजबूत हुए हैं और तटबंध बनाने का संकल्प और मजबूत हुआ है। यह क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक की मांग है कि तटबंध बने। लोगों का पलायन क्षेत्र से रुके, खेतों में फसले हो और अन्नदाता किसान के चेहरे पर मुस्कान हो इसी लक्ष्य को लेकर हम सब लोग निकल पड़े हैं, तटबंध बनकर रहेगा। डीएम से मांग की है कि एक महीने में इस योजना पर ठोस प्रगति न हुई तो हजारों लोगों के साथ में कढ़हर से लेकर अटेना घाट तक तटबंध बनाने के समर्थन में पदयात्रा निकाली जाएगी और जब तक तटबंध नहीं बनेगा, तब तक यहां आंदोलन रुकने वाला नहीं है। राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग अध्यक्ष कोमल पांडे ने कहा कि तटबंध के लिए जनता सड़कों पर उतरेगी, उससे पहले प्रशासन को चाहिए जन-जन की भावनाओं का ख्याल करते हुए गठबंधन बनवाना सरकार जल्द से जल्द सुनिश्चित करें। ग्राम कढ़हर के प्रधान रामनिवास ने कहा कि गांव बिल्कुल गंगा के किनारे आ चुका है और तटबंध ना बना तो अगली वर्ष यह ग्राम भी बाढ़ से कट जाएगा। इस मौके पर राजीव प्रताप सिंह उर्फ टिल्लू, योगेंद्र त्रिवेदी, राम प्रताप शाक्य, अखिलेश तिवारी, संजीव अग्निहोत्री, विपिन तिवारी, राजीव वर्मा, हिमांशु गुप्ता, सियाराम गुप्ता, रामनिवास सिंह, राम प्रताप सिंह, मोहित खन्ना, शरद अग्निहोत्री, गोविंद त्रिवेदी, उपेंद्र सिंह यादव, लालू यादव, सत्यनारायण शाक्य, अमित कुशवाहा, विष्णु मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर दूसरे दिन भी सचिवों ने जारी रखा विरोध

- काली पट्टी बांधकर किया काम

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**





विरोध प्रदर्शन करते ग्राम पंचायत सचिव

ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के जिलाध्यक्ष शशिदेव सिंह ने अपने साथियों के साथ दूसरे दिन ऑन लाइन उपस्थिति का विरोध में सांकेतिक सत्याग्रह किया। प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर ग्राम पंचायत सचिवों की ऑन लाइन उपस्थिति किये जाने के विरोध में संगठन द्वारा सत्याग्रह किया जा रहा है। 1 दिसम्बर से 4 दिसम्बर तक काली पट्टी बांधकर विरोध करते हुए शासकीय कार्यो का निष्पादन करने की मांग की गई। 5 दिसम्बर को सभी विकास खण्डों में ऑन लाइन प्रणाली के विरोध में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे शांति पूर्ण बैठक कर सांकेतिक सत्याग्रह चलाकर विरोध किया जायेगा और खण्ड विकास अधिकारी को मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन दिया जायेगा। ग्राम पंचायत सचिव अपने विभागीय दायित्वों का निर्वाह्न करते हुए व्यक्तिगत नम्बरों पर क्रियेट किये गये ग्रुप से लेफ्ट करेंगे। 3 दिसम्बर को इंजन चलित वाहन से क्षेत्रीय भ्रमण साथियों द्वारा नहीं किया जायेगा।

साइकिल भत्ता 200 रुपया, टेंपो अथवा बस का किराया देने की मांग की जायेगी। जटिल ई-ग्राम समाज व गेटवे प्रणाली प्रक्रिया के विरोध में मोबाइल ऐप के भुगतान से प्रक्रिया निर्मित करने की मांग शासन से की जायेगी। ग्राम प्रधानों की कोई शैक्षिक योग्यता शासन द्वारा निर्धारित नहीं है, ऐसी स्थिति में डीएससी संचालन की अपेक्षा रखना अव्यवहारिक नहीं है, आदि मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष शशिदेव सिंह आदि सचिव मौजूद रहे।

# अनुपस्थित मतदाताओं की ढूंढकर बनायें सूची: डीएम



बैठक लेते डीएम

- सफाई नायक शहरी क्षेत्रों में भ्रमण कर फार्म भरने के लिए करें प्रेरित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिलारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष प्रगाण पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत विधानसभा फर्रुखाबाद के बी.एल.ओ. व सुपरवाइजर की बैठक आयोजित की गई। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी बी.एल.ओ. अपने क्षेत्र में जो मतदाता ढूढने पर नहीं मिल रहे है, उनकी सूची बनाकर अनुपस्थिति में दर्ज करें। अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि सफाई नायक शहरी क्षेत्रों में भ्रमण कर सभी को फॉर्म भरने के लिए प्रेरित करे, अनुपस्थिति व शिफ्टिड वोटर को सभासद व प्रधान से सत्यापित करा ले, डिजिटिलाइजेशन का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें। बैठक में अपर जिलाधिलारी वित्त एवं राजस्व, उपजिलाधिकारी सदर, जिला विकास अधिकारी व संबंधित मौजूद रहे।

# छात्र अभय ने प्राप्त किया एडीसीए का डिप्लोमा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**





छात्र अभय को डिप्लोमा देते डायरेक्टर

एलएसटीटीसी कम्प्यूटर सेंटर ने बढ़ते कदम की श्रंखला में मंगलवार को सुनार वाली गली निवासी अभय मिश्रा पुत्र मनोज मिश्रा को एक वर्षीय एडीसीए डिप्लोमा प्रदान किया। गुरुगांव देवी मंदिर के पास स्थित एलएसटीटीसी कम्प्यूटर सेंटर के डायरेक्टर लाखन सिंह ने होनहार छात्र अभय मिश्रा को एडीसीए का डिप्लोमा देकर उन्हें बधाई दी। सेंटर लगातार प्रगति कर रहा है। डायरेक्टर लाखन सिंह ने बताया कि होनहार छात्रों के लिए विशेष व्यवस्था है। जिससे वह आसानी से डिप्लोमा प्राप्त कर सकते है। इस मौके पर कुंवारी सरिता, शोभा कठेरिया, अंश प्रताप सिंह, अल्फैज खान, गोपाल शाक्य, प्रिंस शाक्य, आशीष कुमार आदि छात्र-छात्रायें मौजूद रही।

# राजकीय क्रय केंद्र के प्रभारी को हटाये जाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



धरना प्रदर्शन के दौरान मौजूद भाकियू नेता

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने राजकीय क्रय केंद्र राजेपुर पर हो रही अनियमितताओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे अमृतपुर तहसीलदार को 72 घंटे का समय दिया कि इस केंद्र प्रभारी को कही अनियंत केंद्र पर स्थानांतरित किया जाए और इस केंद्र पर किन-किन किसानों ने धान की बिक्री की है उसकी लिस्ट किसान यूनियन को दी जाए। अजय कटियार ने कहा कि कोलासोता के किसान राजकुमार सिंह ने जब अपना धान राजेपुर क्रय केंद्र पर बेचने की बात की और कहा कि मेरी बेटी बाहर पढ़ रही है, हमको उसकी फीस जमा करनी, किंतु क्रय केंद्र प्रभारी ने उनकी एक न सुनी और उनको 20 दिनों तक टालती रही। मजबूर होकर राजकुमार सिंह ने अपने धान की बिक्री प्राइवेट आढ़ती को के दी। जिससे 572 रुपए प्रति कुंतल का नुकसान हुआ। जिसकी भरपाई केंद्र प्रभारी से की जाय, साथ ही केंद्र प्रभारी को किसी दूसरे केंद्र पर भेजा जाए। अमृतपुर तहसील के अंतर्गत दो क्रय केंद्र और खोले जाए। जिससे अमृतपुर तहसील क्षेत्र के किसानों को दिक्कतों से बचाया जाए और केंद्रों पर हो रहे भ्रष्टाचार को रोका जाये। चिड़िया महोलिया में जिस पैंटून पुल की मांग भाकियू ने की थी, उसको तत्काल बनाया जाए, जिससे राम गंगा के उस पार की खेती को किसान आसानी से कर सके। सभी समस्याओं का 72 घंटे के अंदर नहीं हुआ तो भाकियू धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगी। इस अवसर पर कृष्ण गोपाल मिश्रा, अभय यादव, सुशील दीक्षित, अनीस सिंह, सोनू सोमवंशी, अजीत उर्फ टिंकू यादव उपस्थित रहे।

# विश्व विकलांगता दिवस पर बच्चों का हुआ चेकअप

**फरुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बच्चों को कम्बल वितरित करते सैन्य अधिकारी

विश्व विकलांगता दिवस पर सैनिक अस्पताल के कमान अधिकारी कर्नल मनीष पाण्डेय के दिशा निर्देश पर सैन्य अस्पताल की टीम ने विजन-2047 के तहत सबको साथ लेकर चलने के अपने समाजिक दायित्व की दृष्टिगत करते हुए राजकीय मूक बधिर विद्यालय में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। कर्नल मनीष ने बताया कि इस शिविर के माध्यम से बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया जायेगा। साथ ही बच्चों के साथ विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आपसी समझ का और विकसित किया जायेगा। शिविर में सेना के दंत चिकित्साधिकारी ले. कर्नल दीपक शर्मा ने बच्चों को चल चित्र के माध्यम से दांतों की साफ-सफाई की। सही विधि तथा महत्व को समझाया। मकूबधिर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सीखे हुए ज्ञान को प्रदर्शन द्वारा दिखाया। मेजर डॉ. शैफाली यादव तथा कैप्टन डॉ. आशुतोष दीक्षित ने शारीरिक स्वच्छता तथा विभिन्न बीमारियों से बचाव के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरुक किया। विशिष्ठ बच्चों से संप्रेक्षण में विद्यालय के शिक्षकों नीरज सक्सेना, अभिनव पटेल, अंकुर, प्रधानाचार्य बलवंत सिंह ने पूर्ण सहयोग किया। जागरुकता कार्यक्रम के पश्चात स्वास्थ्य शिविर का कार्य किया गया। ले. कर्नल दीपक शर्मा ने प्रत्येक बच्चों के दांतों का परीक्षण किया एवं चिकित्साधिकारी मेजर शैफाली एवं कैप्टन आशुतोष दीक्षित ने सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिससे नर्सिंग अधिकारी कैप्टन राजनंदनी, सूबेदार के प्रसाद, सूबेदार राजीव सिंह, सूबेदार प्रदीप कुमार, सूबेदार रामलख सिंह तोमर, नायक सूबेदार, सुखदेव ने सहयोग किया। साथ ही औषधि एवं दैनिक आवश्यकताओं की सामग्री का वितरण किया गया। एक ही दिन विशेष बच्चों के साथ आपसी समझ विकसित करने के उद्देश्य के अंतर्गत खेल गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। सभी सैन्य अधिकारियों व सैन्य अस्पताल की पूरी टीम ने बच्चों के साथ बैडमिंटन, बॉलीवाल इत्यादि खेल खेले। खेल के आयोजन में हवलदार एमएस राठौर, केडी शर्मा, हवलदार तेजवीर सिंह, नायक राजकिशोर सिंह, नितिन कुमार, आरती सिंह, एके चौहान ने भूमिका निभाई। कार्यक्रम के समापन में बच्चों द्वारा सांकेतिक भाषा में राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। विश्व विकलांगता दिवस पर सैनिक अस्पताल द्वारा सामान्य जनता के प्रति दायित्व निर्वाह्न हेतु आयोजित कार्यक्रम की सराहना एवं अनुकरणीय था।

# भाकियू स्वराज ने जन समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता

भारतीय किसान यूनियन स्वराज के जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों के साथ तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी सम्बोधित तहसीलदार विक्रम सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिसमें नगर पंचायत नवाबगंज के नगला जोधा निवासी किशनपाल, जयपाल, व दिलीप कुमार पुत्र स्व0 गंगाराम की मौजा गनीपुर जोगपुर में चाँदपुर रोड पर गाटा सं01249ए में पांच वीघा जमीन को कई वर्षो से जोत रहे है। रकवा कम होने पर 10 नवम्वर को उपजिलाधिकारी अतुल कुमार के निर्देश पर जमीन की राजस्व टीम के द्वारा पैमाइश की गई। ग्राम बरटल निवासी सावित्री देवी वं उनके पुत्र ब्रज मोहन आदि लोग कब्जा किए थे। राजस्व टीम ने कब्जा मुफ्त कराया, लेकिन उक्त दबंग किस्म के है। दबंगों ने तार तोड़कर फेंक दिये और विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया था। जिसका मुकदमा दर्ज है, लेकिन किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। वहीं दूसरी ओर कस्वा कायमगंज में बिजली आने जाने का कोई समय नहीं है। किसानों को सिंचाई के लिए गम्भीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। नवावगज में किसानों को यूरिया खाद नहीं मिल रही। ब्लैक में यूरिया खाद की बोरी 500 रु0 में बेची जा रही है। बाढ़ की बजह से सड़के टूट गयी है। कायमगंज के सार्वजनिक स्थलों पर आवारा कुत्तों का झुन्ड जनता के लिए परेशानी का सवव बना हुआ है।

पहाड़पुर मे अस्पताल के पास गांव का ही शिवकुमार सक्सेना ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा किए है। एक सप्ताह के अन्दर समस्याओ का समाधान नहीं किया गया तो किसान यूनियन स्वराज के पदाधिकारी तहसील परिसर में घरना देने के लिए विवश होगा। इस मौके पर मुन्नालाल सक्सेना, पप्पू राठौर, सुबोध यादव, प्रदीप राठौर, मालती आदि लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने पेशेवर फर्जी जमानतदारों को किया गिरफ्तार

बांदा, समृद्धि न्यूज़।

उप्र शासन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाये जा रहे आपरेशन शिकंजा के क्रम में आज पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस. के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के कुशल नेतृत्व में व अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज, क्षेत्राधिकारी सदर राजवीर सिंह गौर के निकट पर्यवेक्षण थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा फर्जी जमानतदारों पर बड़ी कार्यवाही करते हुए 03 अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया है । गौरतलब हो कि 12 नवंबर 25 को थाना तिन्दवारी पर कार्यरत उनि शिवकरन सिंह द्वारा फर्जी जमानत लेने के सम्बन्ध में अभियुक्त बलवीर व 20 नवंबर 25 को थाना तिन्दवारी क्षेत्र के रहने वाले श्री राम सिंह



ने थाना स्थानीय दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि मेरे नाम का फर्जी आधार कार्ड, खसरा खतौनी व फर्जी फोटो लगाकर कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कूटरचित तरीके से एनडीपीएस के अभियुक्त की न्यायालय में जमानत ली गई है । इस संबन्ध में थाना तिन्दवारी पर अभियोग पंजीकृत किया गया था व अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे । इसी क्रम में पुलिस द्वारा तकनीकी साक्ष्यों, अभिसूचना संकलन, अभिलेखो के सत्यापन व मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त हरिशंकर को मवई तिराहा कोतवाली देहात के पास से गिरफ्तार किया गया जिसके पास कूटरचित आधार कार्ड व अन्य फर्जी परिपत्र प्राप्त हुए। पुलिस द्वारा अभियुक्त से कड़ाई से पूछताछ कि गई तो बताया कि उक्त फर्जी परिपत्र मेरे साथी हेमन्त द्वारा बनाये जाते है पकड़े गए अभियुक्त के निशादेही पर हेमन्त को संकट मोचन मंदिर थाना कोतवाली नगर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से फर्जी दस्तावेज व अन्य सामान बरामद हुआ। तत्तपश्चात पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों के अन्य अभियुक्तो के गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे थे कि तेरहीमाफी मोड़ थाना तिन्दवारी के पास एक व्यक्ति दिखाई दिया जिसे पूर्व से गिरफ्तार अभियुक्तो द्वारा पहचान कर बताया गया कि यही बलवीर है जो हमारे साथ फर्जी दस्तावेज का प्रयोग कर घटना को अंजाम देता है । गिरफ्तार अभियुक्त के पास भी फर्जी परिपत्र प्राप्त हुए। सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है व अन्य अभियुक्तों के गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है । पूछताछ में अभियुक्तो द्वारा बताया गया कि हम लोग शिवस्वरुप उर्फ मास्टर व रामबाबू के साथ मिलकर फर्जी तरीके से आधार कार्ड, फर्जी फोटों व अन्य फर्जी परिपत्र का प्रयोग कर फर्जी रुप से कारागार में निरुद्ध अभियुक्तों की जमानत लेते है साथ ही हमारे द्वारा थाना तिन्दवारी, थाना पैलानी, थाना बबेरु, थाना जीआरपी बांदा, थाना कोतवाली नगर व अन्य थानों के साथ-साथ जनपद चित्रकूट के अभियुक्तों की कूटरचित तरीके से जमानत ली गई है । गिरफ्तार अभियुक्तों में हरिशंकर उर्फ विजयशंकर पुत्र कृपाली निवासी ग्राम करहिया थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा, हेमन्त पुत्र चन्द्रभवन निवासी ग्राम जसईपुर थाना तिन्दवारी जनपद बांदा व बलवीर पुत्र जगमोहन निवासी ग्राम पिपरगवां थाना तिन्दवारी जनपद बांदा है। जबकि वांछित अभियुक्तों में शिवस्वरुप उर्फ मास्टर पुत्र शिवलाल निवासी ग्राम भिंडौरा थाना तिन्दवारी जनपद बांदा व रामबाबू उर्फ डाक्टर पुत्र कल्लू निवासी पिपरहरी थाना पैलानी जनपद बांदा है।

# यूरिया न मिलने पर किसानों ने लगाया जाम एसडीएम के हस्तक्षेप के बाद मिली यूरिया

पैलानी/बांदा समृद्धि न्यूज़।

पैलानी तहसील अंतर्गत सिंधन कला गांव में स्थित बी पैक्स सोसाइटी में सचिव रामभवन यादव की तानाशाही के चलते किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है वहीं सुबह से खाद किसानों को नहीं मिली तो किसानों ने दोपहर से सड़क पर जाम लगा दिया और दोनों ओर सैकड़ों वाहनों की कतार लग गई वही मौके पर पहुंचे एसडीएम अंकित ,नायब तहसीलदार जसपुरा वेद प्रकाश व थाना प्रभारी पैलानी राजेश कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और सचिव राम भवन यादव को फटकार लगाते हुए तत्काल यूरिया वितरण किए जाने को लेकर निर्देशित किया अधिकारियों के आश्वासन के बाद किसानों ने जाम खोला , अंकित शोभित सोनू,आदि ने बताया कि एक दिन पहले हम लोगों को टोकन दे दिया गया था खाद नहीं मिली जब मौके पर अधिकारी आए और उन्होंने सचिव राम भवन यादव को लताड़ लगाई तब कहीं जाकर फिर कूपन बांटा गया।

किसानों का कहना है कि सुबह से ही हम भूखे प्यास सुबह छह बजे से खाद के लिए जूझ रहे हैं जबकि नियम है कि सचिव को सुबह से शाम तक खाद का वितरण को लेकर आदेशित किया। वहीं अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद से यूरिया खाद का वितरण सचिव द्वारा किया गया है।

### मांगे पूरी न होने पर पंचायत सचिव ने दी आंदोलन की चेतावनी

**बबेरू/बांदा।** काली पट्टी बांधकर पंचायत सचिवों ने जताया कडा विरोध मांगे पूरी न होने पर दी जोरदार आंदोलन की चेतावनी दिया। आनलाइन उपस्थिति प्रणाली एवं मूल विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य कार्यों के थोपे जाने से नाराज पंचायत सचिवों ने ब्लॉक कार्यालय में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया 4 दिसंबर तक प्रदेश व्यापी सांकेतिक सत्या ग्रह आंदोलन की घोषणा की। उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन ने संयुक्त रूप शासन को पूर्व में दिए गए प्रार्थना पत्रों पर सरकार द्वारा कोई सकारात्मक निर्णय लेने से नाराज दोनों संबंधों के पदाधिकारी ने शांतिपूर्ण आंदोलन का निर्णय लिया है बताया कि 4 दिसंबर तक विकास करो में काली पट्टी बांध का सांकेतिक प्रदर्शन करेंगे इस दौरान सचिव अरविंद कुमार यादव सचिन अर्जुन सिंह कमल यादव दिग्विजय अजय सिंह ओंकारेश्वर धर्मेंद्र सिंह रहे।

# किले में निर्माणाधीन रिवरफ्रन्ट का डीएम ने किया निरीक्षण



बांदा, समृद्धि न्यूज़।

मंगलवार को जिलाधिकारी श्रीमती जे. रीभा ने पर्यटन विभाग के अन्तर्गत रनगढ़ किले में निर्माणाधीन रिवरफ्रन्ट के कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के समय कार्य बन्द पाया गया। उन्होंने कार्यदाई संस्था उप्र पर्यटन विकास निगम निगम, लखनऊ के सम्बन्धित अवर अभियन्ता द्वारा बताया गया कि पायलिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, बाँदा एवं कार्यदायी संस्था के अवर अभियन्ता को निर्देश दिये गये कि मैनपावर बढ़ाकर कार्य मानक एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से ससमय पूर्ण करायें। उन्होंने कार्य में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए।

# जदयू नेत्री ने जल योजनाओं की अनियमितताओं पर केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात

**▸ एलएंडटी कंपनी सहित सभी एजेंसियों की जांच की मांग**

बांदा, समृद्धि न्यूज़।

बुंदेलखंड में मिशन जल शक्ति के तहत चल रही हर घर नल योजना के क्रियान्वयन को लेकर केंद्र सरकार ने गंभीर रूख अपनाया है। रविवार को जेडीयू उत्तर प्रदेश की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बुंदेलखंड प्रभारी शालिनी सिंह पटेल ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल से दिल्ली स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की और एल एंड टी द्वारा किए जा रहे कार्यों की शिकायत के साथ परियोजना में सुधार की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि कई गांवों में बनी सीसी सड़कों को बिना अनुमति तोड़ दिया गया, लेकिन उनका पुनर्निर्माण अभी तक नहीं हुआ। कई बस्तियों में जल आपूर्ति या



तो नाम मात्र की है या बिल्कुल नहीं हो रही, जिससे हजारों परिवार अभी भी स्वच्छ पेयजल से वंचित हैं। शालिनी सिंह पटेल ने मंत्री को बताया कि परियोजना में करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद धरातल पर परिणाम नगण्य हैं और इससे ग्रामीणों में असंतोष और निराशा बढ़ रही है। उन्होंने चार मुख्य मांगें रखींकृ एल एंड टी और अन्य संबंधित एजेंसियों की उच्चस्तरीय तकनीकी जांच, क्षतिग्रस्त सीसी सड़कों का तत्काल पुनर्निर्माण, जल आपूर्ति की भौतिक सत्यापन प्रक्रिया और दोषी अधिकारियों तथा ठेकेदारों पर दंडात्मक कार्रवाई।

केंद्रीय मंत्री सी. आर. पाटिल ने स्थिति को गंभीर बताते हुए कहा, बुंदेलखंड की जल समस्या केंद्र सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में है। जहां भी कार्यों में अनियमितता या लापरवाही पाई जाएगी, उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। परियोजना से जुड़े सभी तकनीकी और प्रशासनिक बिंदुओं की विस्तृत जांच कराई जाएगी और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। मिशन जल शक्ति का उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है। यदि किसी कंपनी या विभाग ने इस लक्ष्य में बाधा उत्पन्न की है, तो जिम्मेदारी तय कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।÷मंत्री ने आश्वासन दिया कि बुंदेलखंड की हर शिकायत का गंभीरता से संज्ञान लिया जाएगा और सुधारात्मक कदम शीघ्र उठाए जाएंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि यह कदम लंबे समय से जल संकट झेल रहे बुंदेलखंड के ग्रामीणों के लिए राहत की उम्मीद जगाता है और मिशन जल शक्ति के वास्तविक उद्देश्यों को पूरा करने में मदद करेगा।

### भगवान श्रीकृष्ण जी रासलीला में प्रस्तुत की गई झांकियां



बांदा। हार्पर क्लब बांदा में संकटमोचन राम राम संकीर्तन परिवार द्वारा 17वां वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन भोले महाराज द्वारा आयोजित किया जाता रहा है ऐसे में 5 दिवसीय श्री कृष्ण जी रासलीला जो मथुरा बरसाने से पधारे विश्व विख्यात रासाचार्य स्वामी कहैन्या लाल जी बरसाना रासलीला आयोजन किया जा रहा है रासलीला मंडली के द्वारा प्रतिदिन रात्रि में भव्य रासलीला का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार की रात इस मंडली के लोगों द्वारा श्रीकृष्ण की लीलाओं की मनमोहक झांकी की प्रस्तुति की गई। इस श्रीकृष्ण लीला को देखकर वहां मौजूद श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। रासलीला के माध्यम से यह बताया गया कि भगवान श्रीकृष्ण के कई नाम हैं। इनमें कंजलोचन, मोहन, मुरलीधर, नारायण, साक्षी, गोपाल, मथुरानाथ, वैकुंठनाथ आदि अनंत नाम हैं। इतना ही नहीं इनके लीलाएं भी अनंत हैं। कलाकारों ने यह बताया कि भगवान भक्तों के कल्याण के लिए विभिन्न अवतार लेकर आते हैं और उनकी रक्षा करते हैं। कार्यक्रम में रजोल मिश्रा रावेंद्र शर्मा बीके सिंह भैया बलवंत सिंह जिला पंचायत सदस्य पूर्व जगत शुक्ला अनुराग शुक्ला अनिल तिवारी रानू शुक्ल विनोद कुमार शुक्ला आचार्य जी जगदीश प्रसाद जी कमलेश शुक्ल अवधेश कुमार आदि।

# प्रेस क्लब ने जिला बार एसो. के पदाधिकारियों का किया सम्मान

इटावा, समृद्धि न्यूज़।

प्रेस क्लब ने जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश कुमार त्रिपाठी, महामंत्री नितिन तिवारी और कोषध्यक्ष प्रभाकर त्रिपाठी का प्रेस क्लब सभागार में सम्मान किया, सम्मान समारोह का कार्यक्रम प्रेस क्लब के अध्यक्ष दिनेश शाक्य की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, प्रेस क्लब के महामंत्री विशुन कुमार यादव नाम मंच संचालन करते हुए प्रेस क्लब और डीबीए के आपसी संबंध की चर्चा की, स्वागत सम्मान की श्रृंखला में प्रेस क्लब के सभी पदाधिकारीयों ने डीबीए के अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष को पुष्प माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर प्रतीक चिन्ह देते हुए सम्मान किया। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष




राजेश कुमार त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकार समाज की उस भूमिका में है जहां भ्रष्टाचार से लेकर विभिन्न मुद्दों पर लड़ाई लड़ रहा है, और उसमें जिला बार एसोसिएशन की भी लड़ाई एक समान है, इसलिए हम दोनों का लक्ष्य एक ही है, इस प्रकार से जिला बार एसोसिएशन का सहयोग प्रत्येक पत्रकार के साथ हमेशा रहा है और भविष्य में भी रहेगा, पत्रकारों का उत्पीड़न भी जिला बार एसोसिएशन बर्दाश्त नहीं करेगा।

वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप शर्मा उर्फ दोस्त ने अपने वक्तव्य में कहा कि पत्रकारों को हमेशा जिला बार एसोसिएशन का सहयोग मिलता रहा है और पूर्व से लेकर अब तक अधिवक्ता और पत्रकार का कई मंचों पर एक साथ रहे हैं। समापन प्रेस क्लब के अध्यक्ष दिनेश शाक्य ने किया।

सम्मान करने वालों में वरिष्ठ पत्रकार वीरेश मिश्रा, बृजेश शुक्ला, संजय सक्सेना, रमेश यादव, महाराज सिंह भदौरिया, मुन्ना भदौरिया, रवि बघेल, मानवेंद्र शर्मा, वीपी सिंह, प्रेम सिंह शाक्य, अनिल कुमार, विनीत कुमार, रामनाथ यादव, अमित वर्मा, रवि कुमार, विष्णु कुमार, प्रमोद गुप्ता, निहाल, अदनान, राजीव शर्मा, उवैश चौधरी, प्रेरणा जुबैरी, रजत सिंह, नीलकमल रहे और सभी तहसीलों से प्रेस क्लब के पदाधिकारी, सभी प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के संवाददाता, ब्यूरो चीफ और जनपद के वरिष्ठ पत्रकार भी मौजूद रहे।

# समाजसेवी ने अन्ना जानवरों की समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

बबेरू/बांदा समृद्धि न्यूज़।

बबेरू क्षेत्रीय समाजसेवी पीसी पटेल के द्वारा आज मंगलवार की दोपहर बबेरू तहसील पहुंचकर नारेबाजी करते हुए अन्ना जानवरों की समस्या एवं दशकों से जर्जर पड़े मिलाथू पल्हरी, बड़ागांव, बाईपास के निर्माण कराई जाने को लेकर नायब तहसीलदार मनोहर सिंह के माध्यम से उप जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा है। वही बताया कि ग्राम मिलाथू में आजादी के बाद का प्रथम कैप्टन बद्री प्रसाद इंटर कॉलेज के साथ-साथ ग्राम निलाथू में बालिका जूनियर विद्यालय बड़ागांव में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को रोज आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। क्योंकि दशकों से जर्जर सड़क की मरम्मत नहीं हुई है, वहीं क्षेत्र के बड़ागांव,आहार, मिलाथू शिव मवई,पल्हरी ,आलमपुर,बगेहटा



,देवरथा, पंडरी,सहित दर्जनों गांव में सैकड़ो की संख्या में अन्ना जानवरों का झुंड घूम रहा है। जिससे किसानों की फैसले बर्बाद कर रहा है। इन पर अंकुश लगाया जाए, क्योंकि सरकार के द्वारा अन्य पशुओं को संरक्षण के लिए अरबो रुपए खर्च कर रही है। लेकिन अन्ना जानवर की मार झेल रहा, किसान गंभीर समस्याओं को लेकर पूर्व से विभागीय कर्मचारी अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि सहित स्थानीय अधिकारियों को पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया है। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ, अगर जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो किसानों के साथ मिलकर अनशन आंदोलन करने को बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस मौके पर सामाजिक पीसी पटेल के साथ, रामचंद्र पटेल ,प्रदीप कुमार ,जगदीश कुमार,अरुण कुमार ,महेंद्र कुमार, कमलेश कुमार ,राम सिंह पटेल, शिव मूरत, ज्ञान सिंह, राजेश कुमार, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली को लेकर सचिवों ने जताया विरोध, आंदोलन की दी चेतावनी

**बबेरू/ बांदा।** ब्लाक परिसर में काली पट्टी बांधकर पंचायत सचिवों ने ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली को लेकर विरोध जताया है। वही मांगे पूरी न होने पर दी जोरदार आंदोलन की चेतावनी दिया। आनलाइन उपस्थिति प्रणाली एवं मूल विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य कार्यों के थोपे जाने से नाराज पंचायत सचिवों ने ब्लाक कार्यालय में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया 4 दिसंबर तक प्रदेश व्यापी सांकेतिक सत्या ग्रह आंदोलन की घोषणा की। उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन ने संयुक्त रूप शासन को पूर्व में दिए गए प्रार्थना पत्रों पर सरकार द्वारा कोई सकारात्मक निर्णय लेने से नाराज दोनों संबंधों के पदाधिकारी ने शांतिपूर्ण आंदोलन का निर्णय लिया है बताया कि 4 दिसंबर तक विकास करो में काली पट्टी बांध का सांकेतिक प्रदर्शन करेंगे इस दौरान सचिव अरविंद कुमार यादव सचिन अर्जुन सिंह कमल यादव दिग्विजय अजय सिंह ओंकारेश्वर धर्मेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# सेंटमैरी में कॉलेज में मारियाथलोंन एथलेक्ररल गाला आयोजित

इटावा, समृद्धि न्यूज़।

सेंटमैरी इंटर कालेज में मंगलवार को मारियाथलोंन एथलेक्ररल गाला का शानदार समारोह सम्पन्न हुआ, जिसमें कॉलेज के बच्चों ने खेल, नृत्य, गीत आदि से जुड़ी अनेक प्रतियोगिताओं में शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी और पुरस्कार भी जीते। कॉलेज के विशाल प्रांगण में एक दिवसीय मारियाथलोंन एथलेक्ररल गाला 2025 में मुख्य अतिथि के रूप में ओलंपिक विजेता एथलीट पद्मश्री अंजू बॉबी जार्ज एवं विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, मार.थॉमस पाड़ियाथ ऑक्जिलरी बिशप शमशाबाद, मार फादर थॉमस एझीकड़,मैनेजर फादर बिन्सन, प्रिंसिपल फादर डॉ.शीजू जार्ज,



वाइस प्रिंसिपल फादर बिबिन, सिस्टर स्नेह सीएमसी व हैड मिस्ट्रेस सिस्टर सोफी उपस्थित रहे।

सबसे पहले शानदार रेड कार्पेट पर कार्यक्रम के सभी अतिथियों का आगमन हुआ जिन्हें स्कूल के शानदार बैंड द्वारा भव्य सलामी दी गई। अगले क्रम में सीनियर वर्ग के बच्चों द्वारा प्रेयर डांस प्रस्तुत किया गया। स्वागत भाषण सिस्टर स्नेहा सीएमसी ने किया। मुख्य अतिथि द्वारा फ्लैग होस्टिंग करके और मशाल जलाकर मारियाथलॉन के शुभारंभ की आधिकारिक घोषणा की। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा रंग बिरंगे गुब्बारों को आकाश में छोड़कर का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि अंजू बॉबी जार्ज ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ खेलों में भी उनकी रुचि पैदा कर उन्हें आगे बढ़ने में मदद करें। संचालन राजू थॉमस जोजो, अभिनव व सायना वसीम ने किया। फादर शीजू जॉर्ज, फादर बिन्सन व फादर विविन का सहयोग रहा।

# गणना प्रपत्र वितरण कर भरवाकर जमा करें बीएलओ

इटावा, समृद्धि न्यूज़।

4 नवम्बर से 11 दिसम्बर तक मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरण एवं भरवाकर वापस प्राप्त करने का कार्य बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा पूर्ण कराया जाना है। जनपद में अवस्थित 200-इटावा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 420 मतदेय स्थल स्थापित है जिसमें से शहरी मतदेय स्थलों पर मतदेय स्थल संख्या-87 से 101, 105, 106 तथा 139 से 311 मतदेय स्थल कुल-190 शहरी मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियों के कार्य की समीक्षा की गयी जिसमें शहरी क्षेत्र में विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण के दौरान मतदाताओं से फार्म कम प्राप्त हो रहे है। इसलिये इस कार्य में प्रगति लाये जाने हेतु मतदाताओं को सुविधा दिये जाने हेतु शहरी क्षेत्र में बीएलओ एवं बीएलए की संयुक्त बैठक मंगलवार को पूर्वान्ह 12 बजे विभिन्न स्थानों पर की गई। उक्त बैठक में। अनुपस्थित, स्थानान्तरित, मृतक एवं डुप्लीकेट एन्ट्री सूची बीएलओ तैयार कर बीएलए को उपलब्ध करायेगे। उपरोक्त मतदेय स्थलों पर नियुक्त बूथ लेवल अधिकारियों के कार्य में प्रगति कराये जाने हेतु तथा अधिक से अधिक पात्र मतदाताओं को मतदाता सूची में जोडने हेतु एवं अनुपस्थित, स्थानान्तरित, मृतक एवं डुप्लीकेट एन्ट्री सूची मतदाताओं की सुविधा के लिये आयोजित बैठक में नियुक्त किये गये 16-जिला स्तरीय अधिकारियों की देख-रेख में सम्पन्न कराया जायेगा।

# सभासद के आवास पर आयुष्मान कार्ड बनवाने का लगा कैंप

इटावा, समृद्धि न्यूज़।

आयुष्मान भारत योजना के तहत छूटे हुए पात्र लाभार्थियों के कार्ड बनाने हेतु वरिष्ठ भाजपा नेता शरद बाजपेयी के आवास पर कैम्प लगाया गया, कैम्प का शुभारंभ शरद बाजपेयी ने किया।

इस कैम्प में आयुष्मान भारत योजना के तहत छूटे हुए पात्र लाभार्थियों जिसमें अंत्योदय कार्ड धारक, 6 या 6 से अधिक सदस्यों वाले परिवार और विशेष तौर पर 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। बड़ी संख्या में लाभार्थियों ने इस कैम्प का लाभ उठाया। उन्होंने कहा कि इस कैंप को लगाने का उद्देश्य है कि जो पात्र लाभार्थी छूट गए हैं उनका आयुष्मान कार्ड बन जाए इस निमित्त



किया गया है, ऐसे कैंप 25 दिसंबर तक प्रत्येक वार्ड नगरी क्षेत्र में व ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत के माध्यम से कैंप लगाए जायेंगे। प्रत्येक वार्ड में कैंप लगाने से पहले लाउडस्पीकर से सूचना दी जा रही है और जिले मैं छूटे हुए 3 लाख पात्र लाभार्थियों के लिए वार्ड व ग्राम पंचायत के माध्यम से कैंप लगाए जा रहे हैं, छूटे हुए पात्र लाभार्थी इसका लाभ उठाएं कल यह कैम्प करनपुरा व छिपैटी में लगाये जायेंगे। इस कैम्प में आयुष्मान जिला प्रबंधक डा. आशीष तिवारी, आयुष्मान मित्र प्रियंका, आशा डौली व आशा सूबिया परवीन, आंगनबाड़ी कार्यकत्री डिम्पी शंखवार, आंगनबाड़ी कार्यकत्री गीता तिवारी सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# मांगो को लेकर ग्राम पंचायत अधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

भरथना, इटावा, समृद्धि न्यूज़।

भरथना के ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध करते हुए कामकाज किया और प्रदेश संगठन के आवाहन पर समस्त माँगों से सम्बन्धित निस्तारण हेतु प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। भरथना विकास खंड कार्यालय पर मंगलवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उ.प्र. के आवाहन पर भरथना क्षेत्र के समस्त ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारियों ने विभिन्न अपनी माँगों को लेकर विरोध करते हुए काली पट्टी बाँधकर जोरदार प्रदर्शन किया। लेकिन विधिवत अपने पदीय दायित्वों को सम्पादित करते रहे। ग्राम पंचायत




अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति इटावा के जिलाध्यक्ष पूरन सिंह ने बताया कि पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास विभाग के प्रदेश के समस्त ग्राम पंचायत सचिव ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली एवं मूल विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य विभागों के कार्यों का विरोध करने हेतु समग्र रूप से विगत 1 दिसंबर से प्रदेश व्यापी क्रमिक सांकेतिक शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन की शुरुआत काली पट्टी बांधकर शुरू हो गयी है। जिसके क्रम में उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से शासन को पूर्व में दिए गए पत्रों पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लेने से दोनों संवर्गों की प्रांतीय स्तर की जूम मीटिंग

**▸ 1 दिसंबर से प्रदेश व्यापी क्रमिक सांकेतिक शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन हुआ है शुरू**

के बाद उपर्युक्त कार्यक्रम घोषित किया गया है।

शासन द्वारा ग्राम पंचायत सचिवों को बिना कोई अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराये उनके व्यक्तिगत मोबाइल एवं सिम से फेशियल रिकॉग्निशन बेस्ड अटेंडेंस सिस्टम के द्वारा क्षेत्रीय सचिवों की उपस्थिति हेतु पत्र जारी किया गया है। जिससे पूरे प्रदेश में सचिवों में रोष एवं भय व्याप्त है। क्योंकि उपर्युक्त उपस्थित प्रणाली उनके क्षेत्रीय कार्य की प्रकृति के बिल्कुल विपरीत है। साथ ही पूरे प्रदेश में क्षेत्रीय ग्राम सचिव अपना मूल कार्य नियमित ढंग से नहीं कर पा रहे हैं। क्योंकि उनके ऊपर गैरविभागीय कार्य जैसे फार्मर रजिस्ट्री, एग्रो स्टैक सर्वे, गौशाला प्रबंधन, आयुष्मान हेल्थ कार्ड, फैमिली आईडी, विभिन्न प्रकार के पेंशनों का सत्यापन, शिक्षा विभाग के ऑपरेशन कायाकल्प एवं बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी, गायों के लिए भूसा का प्रबंधन, सोलर पैनल लगवाने का लक्ष्य, पराली प्रबंधन आदि को करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करते हुए शासन-प्रशासन के अधिकारी अत्यधिक दबाव बना रहे हैं। जिससे कर्मचारी अस्वस्थ होने के साथ विभिन्न दुर्घटनाओं के भी शिकार हो रहे हैं।

# ट्रक की टक्कर से परीक्षा देकर लौट रहे दो छात्र जख्मी

इकदिल, इटावा, समृद्धि न्यूज़।

आगरा-कानपुर नेशनल हाइवे पर विरारी पेट्रोल पंप के पास परीक्षा देकर लौट रहे छात्रों को ट्रक ने टक्कर मार घायल कर दिया। बकेबर के गांव मेहंदीपुर के रहने वाले हरिश्चंद्र का बेटा श्याम जी इसी गांव निवासी अपने दोस्त ऋषि पुत्र आनन्द प्रताप के साथ सोमवार दोपहर बाद अपने दोस्त के साथ बाइक से बीएससी की परीक्षा देकर अपने घर लौट रहे थे । तभी उपरोक्त स्थान पर पहुचने पर पीछे आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दोनों को घायल कर दिया । राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था मे पड़े दोनों घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। इसी क्षेत्र में रविवार देर रात गांव विरारी के पास हाइवे पर गौवंश को बचाने के चलते कंटेनर ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में एटा के थाना पिलुआ गांव पृथ्वीपुर निवासी ट्रक ड्राइवर विनय (38) पुत्र बीरेंद्र सिंह उसके केविन में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कंटेनर में फंसे ड्राइवर को घायल अवस्था ने बाहर निकलवा कर एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। घटना के बाद आधे घंटे एम्बुलेंस लेट पहुची तब तक युवक घायल अवस्था मे पड़ा दर्द से कीन्हाता रहा।

### गीता जयंती पर वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन

**इटावा।** गीता जयंती पर वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन राहतपुरा स्थित श्री शंकर दयाल धर्मार्थ नेत्र चिकित्सा संस्थान में भारत विकास परिषद की धर्मार्थ शाखा द्वारा आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता महोपाध्याय डाक्टर विद्याकांत तिवारी ने की और संचालन संस्कृत कालेज के पूर्व प्राचार्य महेषचंद्र तिवारी ने किया। जिसमे विभिन्न वक्ताओं ने गीता जैसे सर्वोकृष्ट ग्रंथ के विभिन्न संदेषों पर व्यापक प्रकाश डालते हुए सभी का आवाहन किया कि जीवन रूपी संघर्ष के महाभारत में अपनी तमाम समस्याओं के समाधान की दृश्टि प्राप्त करने के लिए नई पीढ़ी को गीता पढ़ने और उसके संदेशों का मर्म समझने को प्रेरित करें, ताकि वैश्विक चुनौतियों के सामने वे सगर्व और संपूर्ण आत्म विश्वास के साथ खड़े रहकर वे सफल हो सकें।